भाद्रपद कृष्ण पक्ष 11, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान

| | कांके | रांची |
|---|---|---|
| अधिक. | 27.1° | 28.0° |
| न्यून. | 22.8° | 23.0° |

रांची, मंगलवार
19 अगस्त 2025
वर्ष-26, अंक-197, पृष्ठ-12

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




पेज 12

## सुप्रीम कोर्ट से डीजीपी अनुराग गुप्ता को बड़ी राहत

# नियुक्ति को चुनौती देनेवाली याचिका हुई खारिज

» सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता की नियुक्ति पर सुनवाई की

**नवीन मेल संवाददाता**





**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। यह मामला सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की पीठ, मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अनजारिया के समक्ष पेश हुआ।

सुनवाई के दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा दायर की गई अवमानना याचिका पर विचार किया गया। मरांडी ने अपनी याचिका में दावा किया था कि अनुराग गुप्ता की नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट के प्रकाश सिंह बनाम केंद्र सरकार मामले में दिए गए दिशा-निर्देशों के खिलाफ की गई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि गुप्ता की नियुक्ति के लिए यूपीएससी द्वारा तैयार पैनल में शामिल अधिकारी को अनुचित ढंग से पद से हटाया गया। हालांकि, सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने राज्य सरकार की ओर से पक्ष रखते हुए कहा कि डीजीपी की नियुक्ति राज्य सरकार का विशेषाधिकार है और यह नियुक्ति नियमानुसार की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद बाबूलाल मरांडी की अवमानना याचिका को खारिज कर दिया, जिससे अनुराग गुप्ता को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने माना कि नियुक्ति में किसी प्रकार की अवमानना नहीं हुई है। इस निर्णय के बाद अनुराग गुप्ता की डीजीपी पद पर नियुक्ति को सुप्रीम कोर्ट की वैधानिक मान्यता मिल गई है।


## सीएम देखेंगे स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता व निबंधन विभाग का काम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद उनके मंत्रालय का कार्यभार देखेंगे। झारखंड सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गयी है। सरकार की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने झारखंड के राज्यपाल के आदेश से यह अधिसूचना जारी की है।

**राज्यपाल के आदेश से जारी हुई अधिसूचना :** अधिसूचना में कहा गया है कि झारखंड के मुख्यमंत्री की सलाह से झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने हेमंत सोरेन को अपने कार्यों के अलावा स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और निबंधन विभाग की अतिरिक्त जिम्मेवारी सौंपी गयी है। 15 अगस्त 2025 को झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का दिल्ली के अपोलो अस्पताल में निधन हो गया था।

**15 अगस्त को दिल्ली में हुआ रामदास सोरेन का निधन :** रामदास सोरेन 2 अगस्त 2025 को जमशेदपुर के घोड़ाबांधा स्थित अपने आवास में बाथरूम में गिर गये थे। उनके सिर में गंभीर चोट लगी थी, जिसकी वजह से बहुत खून बह गया। उनको ब्रेन हेमरेज हुआ और सिर में ब्लड क्लॉट कर गया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए एयरलिफ्ट कर दिल्ली ले जाया गया।



### एक नजर

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**रांची।** जिले के अनगड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत गोंदली पोखर के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को कुचल दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद अनगड़ा थाना की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान की प्रक्रिया जारी है।

### बालिका आवसीय विद्यालय में लगी आग

**बारियातू।** प्रखंड के मुख्यालय स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के छात्रावास में सोमवार को सुबह आग लग जाने के कारण विद्यार्थियों के सोने का बेड उनके समान व किताबें पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गई। स्कूल का गार्ड अंकित उरांव ने अपनी सूझबूझ और अन्य स्टाफ अंसु कुमारी, रेनु कुमारी छात्राओं के सहयोग से आग पर काबू पाया। मौके पर सूचना पाकर अग्नि शमक वाहन पहुंचे, तब तक लगभग आग पर काबू पाया जा चूका था। अग्नि शमक सेवक मनोज कुमार सिंह व राम विलास उरांव ने छात्राओं को आग पर नियंत्रण के तरीकों की जानकारी दी।

## खाद्य आपूर्ति शृंखला प्रबंधन में आवश्यक सुधार को लेकर मुख्य सचिव ने की समीक्षा

# कोई योग्य लाभुक योजना से छूटे नहीं : अलका तिवारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य के तमाम उपायुक्तों को निर्देश दिया है कि खाद्य आपूर्ति और सार्वजनिक वितरण व्यवस्था में यह सुनिश्चित करें कि कोई योग्य लाभुक उससे वंचित नहीं रहे। वहीं मृत लाभुकों को चिह्नित कर उन्हें प्राथमिकता के स्तर पर हटाये, ताकि नये लाभुक जोड़े जा सके। मुख्य सचिव ने कहा कि इस प्रक्रिया में इस पर फोकस करें कि डाटा में कोई त्रुटि नहीं रहे।

लाभुकों के केवाईसी पूर्ण हों। इसमें कोई समस्या हो, तो उसका परीक्षण करें कि कहां दिक्कत है और उसका समयबद्ध तरीके से निपटारा करें। हर माह इसका भौतिक निरीक्षण करें और रिकार्ड व बुक कीपिंग अपटूडेट रखें। वह सोमवार को खाद्य आपूर्ति शृंखला प्रबंधन में आवश्यक सुधार को लेकर अपनी अध्यक्षता में समीक्षा कर रही थीं।



### गोदामों को एक्शन प्लान के अनुसार कार्यशील रहें

मुख्य सचिव ने राज्य के तमाम गोदामों को समयबद्ध तरीके से कार्यशील करने पर बल देते हुए कहा कि थोड़े प्रयास से सभी गोदामों को कार्यशील बनाया जा सकता है। समीक्षा में पाया गया कि मामूली कमियों के कारण अनेक गोदाम उपयोग में नहीं हैं। इसे देखते हुए निर्देश दिया गया कि उपायुक्त अपने स्तर से इसमें रुचि लेकर गोदामों को उपयोगी बनाना सुनिश्चित करायें। इसके लिए 20 सितंबर तक की टाइम लाइन तय की गई। उन्होंने कहा कि दिसंबर से धान खरीद की प्रक्रिया शुरु होगी। शेष पेज 11 पर

### साल में दो बार धोती-साड़ी वितरण सुनिश्चित करें

मुख्य सचिव ने राज्य के निर्धन लोगों के बीच साल में दो बार धोती-साड़ी वितरण को लेकर निर्देश दिया कि इसमें तेजी लायें। उड़नदस्ता टीम बना कर वितरण की जांच करें और यह सुनिश्चित करें कि कहीं कोई अनियमितता नहीं हो। उन्होंने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के जागरुकता पर बल देते हुए निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित होना चाहिए कि लाभुकों को योजना की मूलभूत जानकारी रहे। इसके लिए होर्डिंग, फ्लैक्स, नुक्कड़ नाटक जैसे हर सक्षम माध्यम का उपयोग करें। उसमें स्थानीय भाषा का प्रयोग करें। लाभुकों को यह हर हाल में पता होना चाहिये कि उन्हें क्या मिलना है, कितना मिलना है, कहां मिलना है और कब मिलना है।

## उपराष्ट्रपति की दावेदारी गठबंधन का समर्थन

# 20 को नामांकन दाखिल करेंगे एनडीए प्रत्याशी राधाकृष्णन

» दिल्ली पहुंचने पर सीपी राधाकृष्णन की एनडीए नेताओं के साथ परिचयात्मक बैठक हुई

» एनडीए गठबंधन के नेताओं ने पीएम नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया

**एजेंसी । नई दिल्ली**



एनडीए की तरफ से घोषित किए गए उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन 20 अगस्त को इस पद के लिए नामांकन दाखिल करेंगे। इसकी जानकारी केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने साझा की है। वहीं इस दौरान केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया, 'आज एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन दिल्ली पहुंचे और हमने एनडीए के नेताओं के साथ एक परिचयात्मक बैठक की। हमें बहुत गर्व है कि सीपी राधाकृष्णन जैसे व्यक्ति को एनडीए का उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया गया है। एनडीए गठबंधन के सभी नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया। हमें उम्मीद है कि सभी दल उन्हें समर्थन देंगे।

**17 अगस्त को भाजपा ने की नाम की घोषणा :** बता दें कि इससे एक दिन पहले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एनडीए संसदीय दल की बैठक के बाद सीपी राधाकृष्णन के नाम की घोषणा उपराष्ट्रपति पद के लिए की थी। जगदीप धनखड़ के अचानक उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद से ये पद खाली हुआ है। 21 जुलाई को संसद के मानसून सत्र के पहले दिन स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए जगदीप धनखड़ ने इस्तीफा दिया था।

### नौ सितंबर को होना है उपराष्ट्रपति पद का चुनाव

उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को होना है और उसी दिन मतगणना भी होगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त है, जबकि उम्मीदवार 25 अगस्त तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। बता दें कि उपराष्ट्रपति चुनाव में राज्यसभा के 233 निर्वाचित सांसद, राज्यसभा में मनोनीत 12 सांसद और लोकसभा के 543 सांसद वोट डाल सकते हैं। इस तरह के कुल 788 लोग वोट डाल सकते हैं।


### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।


# फटी धरती, जमीन में समाया मकान

## हादसे के बाद छप्पर तोड़कर लोगों ने बचाई अपनी जान

**नवीन मेल संवाददाता**



**धनबाद।** धनबाद के कोल फिल्ड एरिया में एक बड़ा हादसा सामने आया है। एक अधिकारी ने बताया कि जिला मुख्यालय से लगभग 19 किलोमीटर दूर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) क्षेत्र में सोमवार को जमीन धंसने की घटना के बाद एक मकान जमींदोज हो गया जबकि एक दर्जन अन्य घरों में दरारें आ गईं। यह घटना सोमवार तड़के जोगता थाना क्षेत्र में हुई। प्रभावित परिवार को दूसरी जगह ले जाया गया है। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सोमवार को तड़के जोगता थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीसीसीएल के मोदीडीह कोलियरी क्षेत्र में न्यू श्याम बाजार के पास शबरी बस्ती में हुई। धंसाव यानी जमीन दरकने की घटना सुबह तीन से चार बजे के बीच हुई। शेष पेज 11 पर

# पीएलएफआइ के 4 उग्रवादी गिरफ्तार

## रनिया थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, हथियार बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**



**खूंटी।** खूंटी जिला की रनिया थाना पुलिस को उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ के विरुद्ध एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने रनिया थाना क्षेत्र के जिबिलौंग टोंगरी के पास अपराध की योजना बना रहे पीएलएफआई के सक्रिय सदस्य ओझा पहान उर्फ बादल को तीन अन्य सहयोगी के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादियों में गुमला के कामडारा थाना क्षेत्र के रामतोलेया गांव निवासी ओझा पहान उर्फ ओझा तोपनो उर्फ बादल तोपनो उर्फ भगत, रनिया थाना क्षेत्र के उड़िकेल घांसीटोली निवासी जेवियर कोनगाड़ी और संतोष कोनगाड़ी तथा तोरपा थाना क्षेत्र के ऐरमेरे गांव निवासी जिबनुस आइंद शामिल हैं। उनके पास से पुलिस ने 7.65 एमएम का एक लोडेड देसी पिस्टल, 7.65 एमएम का तीन शेष पेज 11 पर


### इंडिया

# पीएम मोदी की दक्षिण यात्रा और झारखंड की राजनीति



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

वाराणसी में हुए तमिल काशी संगमम के तीन सफल आयोजनों के बाद छत्तीसगढ़ में भी ऐसे संगम की तैयारी चल रही है । दक्षिण भारत के विशेष कर तमिलनाडु राज्य में अगर बीते एक दशक की राजनीति को देखा जाए तो करुणानिधि और जय ललिता की मृत्यु के बाद एक बड़ा शून्य आ गया है और सिर्फ एक बड़ा नाम स्टालिन ही दिखता है। कांग्रेस के पी चिदंबरम हों या उनके बेटे कार्ति चिदंबरम धीरे-धीरे तमिलनाडु की राजनीति में अप्रासंगिक होते जा रहे हैं। इसके अलावा तमिलनाडु के जितने भी बड़े नेता हैं, वह अपने क्षेत्र विशेष तक सीमित हैं। ऐसे में दक्षिण भारत की राजनीति में काशी तमिल संगमम के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उस रिक्त स्थान को भरने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। मोदी के पिछले दिनों हुए तमिलनाडु प्रवास का निहितार्थ क्या है? इस यात्रा को उनके प्रशंसक और आलोचक भिन्न-भिन्न दृष्टिकोण से देख रहे हैं। कुछ के लिए यह प्रधानमंत्री मोदी की प्राचीन बृहदेश्वर शिव मंदिर की तीर्थयात्रा है, जबकि दूसरा पक्ष इसे भाजपा की राजनीति मानता है, जिसके अंतर्गत पार्टी तमिलनाडु में अपना जनाधार सुदृढ़ करना चाहती है। वस्तुतः इस यात्रा का महत्व इन दोनों से कहीं अधिक व्यापक है। चोल राजवंश और इसके दो महाप्रतापी सम्राटों-राजराजा प्रथम और राजेंद्र प्रथम की गौरवगाथाओं को पुनर्जीवित कर प्रधानमंत्री मोदी ने तमिलनाडु में 'द्रविड़ आंदोलन' की आड़ में पनपाई जा रही अलगाववादी-विषैली विचारधारा और उससे प्रेरित राजनीति के ध्वस्तीकरण की दिशा में कदम बढ़ाया है। यह भारत की सांस्कृतिक एकता, विरासत और ऐतिहासिक गौरव जैसे बिंदुओं को पुनः केंद्र में लाने की कोशिश है। राजेंद्र चोल प्रथम का इतिहास में वही स्थान है, जो सम्राट अशोक और राजा विक्रमादित्य का है। वे गर्वित तमिल थे, दृढ़प्रतिज्ञ शिव भक्त थे और प्राचीन ताम्रपत्रों-शिलालेखों, जो कि तमिल के साथ संस्कृत में भी लिखित हैं-उनमें इस बात का उल्लेख है कि चोल सम्राट स्वयं को मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम काल से सूर्यवंशी परंपरा (इक्ष्वाकु, मांधाता, हरिश्चंद्र और भगीरथ सहित) का वंशज मानते थे। बीते कई दशकों में तंजावुर, तिरुवरूर और पुडुकोट्टई में प्राचीन चीनी सिक्के मिले हैं, जो भारत-चीन के बीच व्यापारिक-वाणिज्यिक संबंधों के साथ चोल की कूटनीतिक दक्षता और सक्रियता का स्पष्ट प्रमाण है। चोल साम्राज्य के सत्ता हस्तांतरण का




चिह्न 'सेंगोल'-जिसे राजदंड भी कहा जाता है-मई 2023 से नवनिर्मित संसद भवन में न्याय और निष्पक्ष शासन के प्रतीक के रूप में प्रतिष्ठापित है।स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात प्रारंभिक भारतीय नेतृत्व का ब्रितानी छलकपट की जंजीरों से शीघ्र मुक्त होना अपेक्षित था। परंतु संघ विचारकों का मानना है कि 'सेकुलरवाद' की आड़ में 'द्रविड़ आंदोलन' की उत्पत्ति में ईस्ट इंडिया कंपनी के चार्टर में वर्ष 1813 में जोड़े गए उस विवादास्पद अनुच्छेद की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिसने ब्रिटिश पादरियों और ईसाई मिशनरियों को स्थानीय भारतीयों के धर्मांतरण का मार्ग प्रदान किया। 16वीं शताब्दी में भारत आए फ्रांसिस जेवियर ने धर्मांतरण अभियान में ब्राह्मणों को सबसे बड़ा अवरोध मानते थे। तब कालांतर में ईसाई मिशनरियों और चर्च के प्रत्यक्ष-परोक्ष समर्थन से वर्ष 1916-17 में 'साउथ इंडियन लिबरल फेडरेशन'-जिसे 'जस्टिस पार्टी' या 'द्रविड़ कड़गम' (डीके) के नाम से भी जाना गया-उसका गठन किया गया। तमिलनाडु की वर्तमान सत्तारूढ़ पार्टी डीएमके उसी की राजनीतिक उपज है, जिसके शीर्ष नेता आज भी खुलेआम अपशब्दों का प्रयोग करके सनातन संस्कृति को मिटाने का दम भरते हैं। विडंबना यह है कि जिन अपमानजनक जुमलों का प्रयोग एक शताब्दी पूर्व डीके के तत्कालीन नेता कांग्रेस के लिए करते थे, वे जुमले अब कांग्रेस के समर्थन से भाजपा-संघ के लिए आरक्षित हो चुके हैं।उल्लेखनीय है कि झारखंड के अनेक जनजातीय समुदायों का आगमन दक्षिण से हुआ और शैव परंपरा यहां बहुत पुरानी है।

## राष्ट्रपति पुतिन ने किया पीएम मोदी को फोन

# अलास्का में ट्रंप के साथ हुई मीटिंग की दी सभी जानकारी

**एजेंसी । नई दिल्ली**



**पीएम मोदी ने एक्स पर दी जानकारी**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी को फोन किया। फोन कॉल पर पुतिन ने पीएम मोदी को अलास्का में ट्रंप के साथ हुई बैठक के बारे में जानकारी दी। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में पुतिन के साथ हुई बातचीत की जानकारी दी। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि मेरे मित्र राष्ट्रपति पुतिन को उनके फोन कॉल और अलास्का में राष्ट्रपति ट्रंप के साथ उनकी हालिया मुलाकात के बारे में जानकारी साझा करने के लिए धन्यवाद। भारत ने यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान का लगातार आह्वान किया है। इस संबंध में सभी प्रयासों का भारत समर्थन करता है। मैं आने वाले दिनों में हमारे निरंतर आदान-प्रदान की आशा करता हूं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 15 अगस्त को अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बैठक की थी। इस बैठक में यूक्रेन में युद्ध विराम को लेकर चर्चा की गई। शेष पेज 11 पर

# जन्माष्टमी की सफलता के लिए कृष्ण के भक्तों का आभार : संजय सेठ






**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी समिति के तत्वाधान में नमो दही हांडी फोड़ो प्रतियोगिता में देर रात्रि तक पुरुष गोविंदा के पांच टीमों ने दही हाडी प्रतियोगिता में भाग लिया। 25 फीट पर लगाई गई हांडी को पांचों टीम के गोविंदा पहले राउंड में नहीं फोड़ पाए। निर्णायक समिति के आदेश पर हांडी 20 फीट पर लगाई गई जहां पुनः पांचों प्रत्याशियों ने क्रमवार हिस्सा लिया। इसमें बजरंग दल मांडर एवं नेशनल योगा टीम दोनों ने 18 सेकंड पर दही हांडी फोड़ी दोनों पुरुष गोबिंदा के बीच प्रथम पुरस्कार का वितरण किया गया। साथ ही हिंदू महापरिवार ने 20 सेकंड में दही हांडी को फोड़ समिति से द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।

मटकी फोड़ प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में इनका रहा योगदानः राज वर्मा, नीरज चौधरी ,बबलू चौधरी, मनोज तिवारी,ललन श्रीवास्तव, भीषम सिंह, संजय गोयल,नीरज कुमार, आनंद श्रीवास्तव, राजीव सहाय, प्रमोद सारस्वत, विजय ओझा,संजय सिंह लल्लू, विजय यादव, नीरज कुमार, प्रदीप कुमार, श्री कृष्ण जन्माष्टमी समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने आयोजन की सफलता के लिए रांची की समस्त जनता का आभार प्रकट किया है एवं उन्हें सरधुवा दिया है कि यह जो आयोजन हुआ आप सभी लोगों के सहयोग और समर्पण आयोजन की सफलता का श्रेय रांची की जनता को जाता है जिन्होंने पूरे आयोजन में देशभक्ति में गीतों भजनों और रितिक नृत्य नाटिका सहित झांकियां का अवलोकन कर आनंद उठाया है उन्होंने मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा पानी, चाय, बिस्कुट का वितरण कार्यक्रम स्थल पर सेवा शिविर लगाए जाने पर आभार प्रगट किया। मारवाड़ी युवा मंच, द्वारा एंबुलेंस की सुविधा दी गई थी। जिला प्रशासन, स्थानीय थाना एवं नगर निगम का भी भरपूर सहयोग आयोजन समिति को प्राप्त हुआ। लोगो ने हांडी फोड़ो प्रतियोगिता में शामिल पुरुष गोविंदा एवम महिला गोविंदा की टीमों को हांडी फोड़ने के क्रम में उनका उत्साह बढ़ाया उन्हें प्रोत्साहित किया उनका भी आभार। आयोजन की सफलता में समिति के 110 से भी ज्यादा सदस्यों ने काफी दिनों से दिन रात लगकर आयोजन को सफल बनाने में अपना भरपूर सहयोग किया।

आयोजन को सफल बनाने में इनका रहा सहयोग संरक्षक संजय सेठ, सीपी सिंह, अजय मारू, अध्यक्ष मुकेश काबरा, रविन्द्र मोदी, रमेन्द्र कुमार, राम बांगड़, कुणाल आजमानी, मिडिया प्रभारी प्रमोद सारस्वत, संजय पोद्दार, संजय जायसवाल, ऐश्वर्य सेठ, राज वर्मा, ललन श्रीवास्तव, मनोज तिवारी, भीषम सिंह, नीरज चौधरी, बबलू चौधरी, सतीश सिंहा, राजीव सहाय, पवन बजाज, नीरज कुमार, ललित ओझा, विपिन वर्मा, सतेंद्र सिंह गुड्डू, शंकर दुबे, आनंद श्रीवास्तव, वीरेन्द्र जी, मनोज कुमार, बबलू चौधरी, संतोष सेठ, रमाशंकर बगड़िया, संजय सिंह लल्लू, जुगल दरगढ़, कवल जीत सिंह सटी, अशोक पुरोहित, मनीष लोधा, अमित चौधरी, रतन अग्रवाल, पूनम आनंद, सुनीता चौधरी, नीतू सिंह, कुमुद झा, राज श्री प्रसाद,राजू रजक, राहुल कुमार चंकी, संजय गोयल, संजीव साहू, विजय यादव, बीरेंद्र प्रसाद सहित काफी संख्या में सदस्यों का सहयोग रहा।

## दो लाख का इनामी उग्रवादी अवधेश को नहीं मिली जमानत

**रांची।** कारोबारियों से रंगदारी वसूलने के आरोप में जेल में बंद ढछऋक के सुप्रीमो दिनेश गोप का सहयोगी अवधेश जायसवाल उर्फ चूहा उर्फ सरदार को अदालत ने जमानत देने से इनकार किया है। उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका पर सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई पश्चात अदालत ने दोनों पक्ष की बहस सुनने के पश्चात उसके आरोपों को देखते हुए याचिका खारिज कर दी। आरोपी ने धुर्वा थाना में 2020 में दर्ज एक कांड संख्या मामले में याचिका दाखिल की थी। वह इस मामले में 27 फरवरी से न्यायिक हिरासत में है। उस पर बिहार के नालंदा व जहानाबाद से ही वह रांची सहित झारखंड के अन्य जिलों के कारोबारियों से रंगदारी वसूलने का काम कर रहा था।

# डब्ल्यूएचओ की सराहना झारखंड की जनता को समर्पित है : डॉ. इरफान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा झारखंड में किए गए अध्ययन को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सराहते हुए दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के लिए आदर्श मॉडल बताया है। राशन शीर्षक से द लैंसेट ग्लोबल हेल्थ में प्रकाशित इस अध्ययन में पाया गया कि टीबी रोगियों को खाद्यान्न राशन देने से इलाज के परिणाम बेहतर हुए और मौतों में उल्लेखनीय कमी आई।



- डॉ. अंसारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार व्यक्त किया
- कहा-डब्ल्सयूएचओ की सराहना न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है

झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने इसे राज्य और देश के लिए ऐतिहासिक पल बताया। उन्होंने कहा कि यह डब्ल्सयूएचओ की सराहना न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है। मैं इसके लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने हमेशा मुझ पर भरोसा जताया और स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े बदलाव लाने की प्रेरणा दी।

मरीज की मौत के बाद शव को पैसे के अभाव में अस्पताल में रोकने पर प्रतिबंध लगाने का ऐतिहासिक निर्णय, जिसे असम राज्य ने भी लागू किया। रांची के फकटर अस्पताल पर बढ़ते बोझ को देखते हुए एशिया का सबसे बड़ा अस्पताल - रिम्स 2 खोलने का निर्णय लिया गया है। वहीं पूरे राज्य को टीबी मुक्त बनाने की राज्यव्यापी मुहिम, जिसमें दवाइयों से लेकर पोषण और जागरूकता तक हर संसाधन उपलब्ध कराए गए।

डॉ. अंसारी ने कहा कि वह केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के निरंतर संपर्क में रहे और हर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सक्रिय रूप से भाग लिया। केंद्र सरकार ने भी झारखंड की पहल की प्रशंसा की और निरंतर सहयोग दिया। मेरे लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण है कि डब्ल्यूएचओ जैसी विश्व की सबसे बड़ी संस्था ने झारखंड के प्रयासों को सराहा। यह उपलब्धि झारखंड की जनता को समर्पित है, जिनके विश्वास और सहयोग ने मुझे लगातार बेहतर कार्य करने की शक्ति दी। आलोचकों को भी मैं धन्यवाद देता हूं क्योंकि उनकी आलोचनाओं ने मुझे और मजबूत बनाया है। यह उपलब्धि साबित करती है कि झारखंड अब स्वास्थ्य क्रांति का केंद्र बन चुका है और आने वाले समय में टीबी उन्मूलन में विश्व पटल पर एक मिसाल बनेगा।

## राजनीतिक बदले की साजिश नाकाम : डॉ तनुज खत्री

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य डॉ. तनुज खत्री ने कहा कि भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी द्वारा झारखंड के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता की नियुक्ति को चुनौती देना न केवल निराधार था, बल्कि राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित भी था। सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ ने साफ शब्दों में कहा कि बाबूलाल मरांडी की याचिका राज्य सरकार को बदनाम करने और व्यक्तिगत राजनीतिक स्वार्थ साधने का प्रयास है। अदालत ने उनकी याचिका को न केवल खारिज किया, बल्कि यह भी स्पष्ट कर दिया कि इस तरह के दुराग्रहपूर्ण मामले न्यायालय का समय बर्बाद करने के बराबर हैं। यह निर्णय भाजपा और उसके नेताओं की हताशा को उजागर करता है। झूठ, अफवाह और साजिश के सहारे राजनीति करने वालों को अब देश की सर्वोच्च अदालत ने भी आईना दिखा दिया है। झामुमो दृढ़ता से कहना चाहता है कि बाबूलाल मरांडी जैसे नेता लगातार झारखंड की प्रगति में रोड़े अटका रहे हैं और लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर जनता को गुमराह कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला उनके राजनीतिक दिवालियापन की पुष्टि करता है। डॉ. तनुज ने कहा कि यह फैसला भाजपा की साजिशी राजनीति पर करारा तमाचा है। अब साफ हो गया है कि जनता और न्यायपालिका, दोनों झूठ और नकारात्मक राजनीति को नकारते हैं। हेमंत सरकार हमेशा राज्य की जनता के हक और अधिकारों की रक्षा करता रहेगा।

## द्वेष की राजनीति से बचें मरांडी, मांगें माफी : राजद प्रवक्ता कैलाश यादव

**रांची।** राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता मामले में सुप्रीम कोर्ट के आए फैसले का स्वागत करते हुए प्रदेश राजद प्रवक्ता कैलाश यादव ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पर हमला बोला। उन्होंने सोमवार को प्रेस बयान जारी कर कहा है कि राज्य हित में यह बेहद अच्छी खबर है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से प्रशासनिक महकमों में सकारात्मक संदेश गया है। इस निर्णय से सरकार और प्रशासन का मनोबल काफी ऊंचा हुआ है। उन्होंने कहा है कि भाजपा नेता को द्वेष की राजनीति से बचते हुए माफी मांगनी चाहिए। ब्यूरोक्रेट्स एवं पुलिस प्रशासन किसी दल और व्यक्ति विशेष के नहीं होते हैं, बल्कि सत्ता शासन के अधीनस्थ होते हैं और प्रशासनिक मैनुएल के तहत अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं।

## गुरुजी के श्राद्धकर्म का प्रसाद किया गया वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झामुमो रांची जिला समिति ने सोमवार को अल्बर्ट एक्का चौक के समीप दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्धकर्म का प्रसाद लोगों के बीच वितरित किया। इस अवसर पर रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने कहा कि पिछले दिनों 4 अगस्त को गुरुजी का निधन हो गया और पिछले दिनों उनका श्राद्धकर्म संपन्न हुआ। उनका जीवन संघर्षपूर्ण रहा और उन्होंने लोगों के लिए संघर्ष किया। उनके संघर्ष हमारे लिए अनुकरणीय है, जो हमें प्रेरित करता रहेगा। आज उसी को लेकर उनके श्राद्धकर्म का प्रसाद लोगों के बीच हम सभी लोग वितरण कर रहे हैं।

मुस्ताक आलम की अध्यक्षता मे हुए प्रसाद वितरण कार्यक्रम मे मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य सह जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, केंद्रीय सदस्य सह जिला संयोजक मंडली सदस्य अश्विनी शर्मा, जिला संयोजक मंडली सदस्य डॉ हेमलाल मेहता, धर्मेंद्र सिंह, नयनतारा उरांव, बीरू तिर्की, झब्बूलाल महतो, सोनू मुंडा एवं समनूर मंसूरी, अंतू तिर्की, कलाम आजाद, आदिल इमाम, जीत गुप्ता, अजीत नायक, सज्जाद अंसारी, सुजीत कुजूर, रतीश द्विवेदी, प्रदीप मिर्धा, आशुतोष वर्मा, उषा उरांव, अंकिता वर्मा, मनिंदर सिंह, साहिल यादव, गोपाल पांडेय, प्रेम प्रतीक, संजय ठाकुर, अजीत लकड़ा, मो सन्नी, राकेश, विजय रविदास, निखिल, अवधेश यादव, अख्तर मंसूरी, दीपक झा, कयूम अहमद, अरुण कुमार, मुस्लिम अंसारी, नीरज भूषण, संतोष राणा, भोलू मलिक, आयुष राज वर्मा, रवि, गुड्डू, कुलदीपक कुमार, मंजय प्रकाश, नितेश सिन्हा, संकेत पाठक, राहुल यादव, लालू राज यादव एवं अन्य कई कार्यकर्तगणों ने प्रसाद वितरण किया।

## विद्यालयों में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



- रांची जिले के सभी प्रारंभिक 2128 सरकारी और अनुदानित विद्यालयों में श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया
- रामदास सोरेन का निधन पूरे समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति : उपायुक्त मंजुनाथ भजन्त्री

**रांची।** स्कूली शिक्षा, साक्षरता एवं निबंधन विभाग के मंत्री रामदास सोरेन के असामयिक निधन पर रांची जिले के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में शोक व्यक्त किया गया। उनके सम्मान में सोमवार को जिले के 2128 सरकारी और सरकारी अनुदानित विद्यालयों में श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया गया। इन सभाओं में लगभग 2.5 लाख छात्र-छात्राओं और 10,000 शिक्षकों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने श्री सोरेन के शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान और उनके दूरदर्शी नेतृत्व को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभाओं में सभी विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने रामदास सोरेन के जीवन, उनके संघर्षशील व्यक्तित्व और शिक्षा के प्रति उनके समर्पण को याद किया। शिक्षकों ने बच्चों को उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों, विशेष रूप से आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रसार और गुणवत्ता सुधार के लिए उनके प्रयासों के बारे में बताया। उपायुक्त मंजुनाथ भजन्त्री ने अपने संदेश में कहा कि रामदास सोरेन का निधन न केवल झारखंड की राजनीति और शिक्षा जगत के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनका जीवन और कार्य हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। रांची जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग श्री रामदास सोरेन जी के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता है और प्रार्थना करता है कि उनकी आत्मा को शांति प्राप्त हो। उनकी प्रेरणा और शिक्षा के प्रति उनका समर्पण हम सभी को निरंतर मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा।

**जागरूकता** नशा उन्मूलन पर संत जेवियर कॉलेज में डालसा का कार्यक्रम, बोले राजेश कुमार सिन्हा

# एनडीपीएस एक्ट में कड़ी सजा का है प्रावधान

- एलएडीसीएस डिप्टी राजेश कुमार सिन्हा ने संविधान के अनुच्छेद 47 पर किया फोकस

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** सोमवार को संत जेवियर कॉलेज में छात्र-छात्राओं के लिए नशा मुक्ति पर नालसा योजना डॉन के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लाइफ सेवर्स के अतुल गेरा, एलएडीसीएस डिपूटी चीफ राजेश कुमार सिन्हा, ड्रग्स कन्ट्रोल विभाग के स्वपनिल निखिल, सीआईडी के एसआई रिजवान अंसारी, स्कूल के शिक्षक समेत अन्य उपस्थित थे।

लाईज सेवर्स एनजीओ के प्रमुख अतुल गेरा ने कहा कि नशा हमारे देश को कैसे खोखला कर रहा है ? नशा से बचने के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक करना आवश्यक है। नशा के पेडलर नवयुवक एवं छात्रों को इस व्यवसाय में आसानी से उपयोग करते है, जिससे हमलोगों को सचेत रहना है और किसी भी तरह का ड्रग्स पेडलरों के द्वारा दिये जा रहे लालच में न आए।

एलएडीसीएस अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने भारतीय संविधान का अनुच्छेद 47 राज्य को निर्देशित करता है कि वह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मादक पेय और नशीली दवाओं के सेवन को औषधीय उद्देश्यों को छोड़कर, समाप्त करने का प्रयास करेगा। अफीम या पोस्ता के उत्पादन या कब्जे पर एनडीपीएस अधिनियम 1985 के तहत मात्रा के आधार पर 20 साल तक के कठोर कारावास एवं 2 लाख रूप्ये के जुमार्ने की सजा हो सकती है। बार-बार अपराध करने पर एनडीपीएस एक्ट की धारा - 31ए के तहत मृत्युदंड तक की सजा का प्रावधान है। कांके के पुनर्वास केंद्रों के साथ-साथ एनजीओ भी नशा करने वालों को ठीक करने में मदद करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सीआईपी और रिनपास में जिला विधिक सेवा प्राधिकार का लिगल एड क्लिनिक है, वहां पर वैसे नशा करनेवाले व्यक्तियों को ईलाज किया जाता है। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची सहायता प्रदान करती है। नशा से संबंधित पदार्थों के बारे में श्री सिन्हा ने विस्तार से बताया। उन्होंने सजा के प्रावधान के बारे में भी बताया और उन पदार्थों के बारे में बतलाया जिसका तस्करी करने से रखने से एक जगह से दूसरे जगह ले जाने पर एवं किसी व्यक्ति के पास पाये जाने पर वह एनडीपीएस कानून के तहत सजा के भागी होंगे। श्री सिन्हा ने नालसा टॉल फ्री नम्बर - 15100 के बारे में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलनेवाली निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया।

सीआईडी के रिजवान अंसारी ने मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित जानकारी प्रदान की तथा मादक पदार्थों की तस्करी में बच्चों और नवयुवकों को कैसे उपयोग में लिया जा रहा है, इससे बचने के लिए उन्होंने छात्रों को बतालाया। झारखंड राज्य न केवल नशीली दवाओं का उपभोग करता है, बल्कि भारी कार्रवाई के बावजूद इनका उत्पादन भी करता है। उन्होंने यह भी कहा कि गृह मंत्रालय ने पिछले महीने मादक द्रव्यों के सेवन से संबंधित किसी भी संदेह की जानकारी देने के लिए आम जनता के लिए मानस हेल्पलाइन (टोल फ्री नं. 1933) स्थापित की है।

ड्रग्स कंट्रोल विभाग के स्वपनिल निखिल ने कहा कि साधारण खाँसी की सिरप जैसी चीजों का नशे के लिए उपयोग किया जाता है, जो गलत है। नशा करने से व्यक्ति और उसके परिवार के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कुछ लोगों के लिए नशे की यात्रा 16 वर्ष या इससे कम उम्र से ही शुरू हो जाती है। पुनर्वास केंद्रों की अधिक जनसंख्या उनके लिए एक बड़ी समस्या बन गई है।

## जमीन फर्जीवाड़े में जेल में बंद आरोपी तल्हा खान को मिली जमानत

**रांची।** बरियातू मौजा के सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद आरोपी तल्हा खान को रांची की पीएमएलए कोर्ट ने जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। यह जमानत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता(इठरर) की धारा 479 के तहत प्रदान की गई है। यह धारा उन आरोपियों पर लागू होती है, जो जेल में बंद और वह सिर्फ एक ही मामले में आरोपी है। उस लगे धारा में अधिकतम सजा का एक तिहाई जेल में बिता चुका है। तल्हा खान ईडी को ईडी उक्त मामले में 14 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। अर्थात् वह मामले में लगातार दो साल चार महीने से अधिक जेल में बिता चुका है। पीएमएलए एक्ट में अधिकतम सजा सात साल है। इसके हिसाब से वह जमानत का हकदार बना। उसकी ओर से सोमवार को ही याचिका दाखिल की गई। जिस पर सुनवाई पश्चात अदालत ने जमानत प्रदान की। इसी मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल समेत 10 आरोपी है।

# न्यूज बॉक्स

## एनडीए की बैठक में शामिल हुए चंद्र प्रकाश चौधरी, किया समर्थन



**रांची।** सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी आज उपराष्ट्रपति के चुनाव को लेकर नई दिल्ली में एनडीए की बैठक में शामिल हुए। केंद्रीय उपभोक्ता मामले खाद्य सार्वजनिक वितरण और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री मंत्रीप्रह्लाद जोशी के आवास परहुई एनडीएके सांसदों की बैठक में उन्होंने उपराष्ट्रपति के उम्मीदवार महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का समर्थन किया। उन्होंने बैठक में उपस्थित राधाकृष्णन को उम्मीदवार घोषित होने के लिए बधाई और शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा कि झारखंड सहित कई राज्यों में राज्यपाल की जिम्मेदारी संभाल चुके सीपी राधाकृष्णन की उपराष्ट्रपति पद पर जीत सुनिश्चित है।

## सीपी राधाकृष्णन को उप राष्ट्रपति का उम्मीदवार बनाया जाना गौरव का विषय : डॉ लंबोदर महतो



**रांची।** पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने एनडीए की ओर से महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति का उम्मीदवार बनाए जाने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि राधाकृष्णन ने झारखंड के राज्यपाल के रूप में कई सकारात्मक और सुलझे हुए कार्यकर अपनी पहचान बनाई और दूसरे राज्यों में रहकर भी अपनी कुशलता का परिचय दिया है। हम समझते हैं कि उपराष्ट्रपति के रूप में राधाकृष्णन देश भर में भी अपनी उल्लेखनीय और सकारात्मक कार्यशैली से बहुआयामी परिचय देंगे। उन्होंने कहा कि यह झारखंड के लिए गौरव का विषय है कि यहां राज्यपाल रह चुके सीपी राधाकृष्णन को देश का उपराष्ट्रपति बनाया जा रहा है। इससे पहले द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने से झारखंड गौरव का सहभागी बन चुका है।

## डीजीपी नियुक्ति मामले को न्यायालय रिट याचिका के रूप में करेगा सुनवाई : अजय



**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने एक अहम आदेश देते हुए बाबूलाल मरांडी को कहा कि वे अपनी दायर की गई जनहित याचिका को स्वतंत्रता के साथ वापस लें और इस मामले में उपलब्ध अन्य वैधानिक उपायों का अनुसरण करें। उन्होंने कहा कि अदालत का मानना था कि इस प्रकरण में जनहित याचिका का औचित्य नहीं बनता, बल्कि इसके समाधान के लिए अन्य संवैधानिक उपाय ज्यादा उपयुक्त हैं। इसी क्रम में, सर्वोच्च न्यायालय ने बाबूलाल मरांडी द्वारा झारखंड उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका को सुनवाई योग्य मानते हुए यह निर्णय लिया कि इस मामले को पीआईएल के रूप में नहीं, बल्कि रिट याचिका के रूप में सुना जाएगा।यह रिट याचिका झारखंड में डीजीपी की नियुक्ति एवं चयन प्रक्रिया को चुनौती देती है, जिस पर अब सर्वोच्च न्यायालय सीधे तौर पर तीन हफ्ते बाद विचार करेगा।

## रिम्स निदेशक पर हाईकोर्ट के आदेश की अनदेखी का आरोप

**रांची।** राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स के निदेशक पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने निदेशक पर झारखंड हाईकोर्ट के आदेशों की अवमानना का आरोप लगाते हुए कहा है कि तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी की नियुक्तियों में हुई अनियमितताओं की जांच रिपोर्ट अब तक उपलब्ध नहीं कराई गई है। हाईकोर्ट ने 11 अगस्त 2023 को स्पष्ट निर्देश दिया था कि रिम्स निदेशक नियुक्ति प्रक्रिया में सामने आई गड़बड़ियों की जांच करें, फर्जी प्रमाण पत्रों को खारिज कर नए सिरे से चयन सूची तैयार करें और दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों की पहचान कर उन पर कार्रवाई सुनिश्चित करें। कोर्ट ने यह भी कहा था कि तीन माह की तय अवधि में पूरी प्रक्रिया पूरी की जानी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इस मामले में निदेशक को अब तक चार स्मारक पत्र भेजे जा चुके हैं। इसके बावजूद न तो दोषी अधिकारियों की पहचान कराई गई है और न ही कार्रवाई रिपोर्ट उपलब्ध कराई गई है। विभाग का कहना है कि यह न्यायालय की अवमानना की श्रेणी में आता है और गंभीर कानूनी उल्लंघन है। हाईकोर्ट ने इस भर्ती विवाद पर स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव को भी निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी थी, ताकि दोषियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। बावजूद इसके, अब तक रिम्स निदेशक की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इस संबंध में रिम्स निदेशक ने पूछा गया तो उन्होंने कहा कि फिलहाल हम कुछ भी नहीं बोलेंगे जो भी कहना होगा व कोर्ट में बोलेंगे।

## सब रजिस्ट्रार प्रफुल्ल कुमार ने संभाला कार्यभार

**रांची।** सब रजिस्ट्रार (ग्रामीण) प्रफुल्ल कुमार ने सोमवार को हिनू स्थित अवर निबंधक कार्यालय (ग्रामीण) में कार्यभार ग्रहण किया। वहां के तत्कालीन सब रजिस्ट्रार संतोष कुमार रजक के जाने के बाद पिछले एक सप्ताह से रिक्त था। इसके कारण ग्रामीण इलाके की रजिस्ट्री कार्य कुछ दिन प्रभावित रही। गौरतलब हो कि इस संबंध में आपके अपने अखबार हिन्दुस्तान ने 12 अगस्त को ह्यसब रजिस्ट्रार नहीं, बिना रजिस्ट्री लौटे लोग शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी, जिसके बाद प्रशासन ने मामले में संज्ञान लिया। हालांकि, खबर प्रकाशित होने के तुरंत बाद कचहरी स्थित जिला अवर निबंधक कार्यालय में अतिरिक्त शुल्क देकर लोगों को अपने डीड की रजिस्ट्री कराने का अवसर दिया गया था।

## सूर्या हांसदा की हत्या से पूरा आदिवासी समाज मर्माहत : धर्मेंद्र तिवारी



**रांची।** जनता दल (यूनाइटेड) के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र तिवारी ने सोमवार को एक विस्तृत प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि आदिवासी नेता स्व. सूर्या हांसदा की संदिग्ध पुलिस मुठभेड़ में हुई निर्मम हत्या से पूरा आदिवासी समाज गहरे शोक और आक्रोश में है। यह घटना केवल एक परिवार या एक समुदाय की पीड़ा नहीं, बल्कि पूरे झारखंड की अंतरात्मा को झकझोरने वाली है। जिस तरह से कानून-व्यवस्था के नाम पर फर्जी मुठभेड़ की आड़ में एक उभरते हुए आदिवासी नेता की हत्या कर दी गई, उसने मानवाधिकारों, लोकतांत्रिक संस्थाओं और आदिवासी अस्मिता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। श्री तिवारी ने कहा कि सूर्या हांसदा जैसे निर्भीक और जनसमर्पित युवा नेता हमेशा आदिवासी समाज के अधिकारों, सम्मान और न्याय की लड़ाई लड़ते रहे। समाज में युवा, युवतियों के लिए मसीहा, उनके भरण पोषण शिक्षा का भी ध्यान रखते थे। सैकड़ो बच्चे इसमें शामिल थे। ऐसे जन समाजसेवी की आवाज को दबाने के लिए यदि पुलिस तंत्र का दुरुपयोग हुआ है। तो यह राज्य के भविष्य और लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अत्यंत खतरनाक संकेत है। स्व. सूर्या हांसदा का परिवार आज गहरे दुख और असुरक्षा की भावना में जी रहा है। पूरे आदिवासी समाज में भय और अन्याय का वातावरण बना हुआ है। यह स्थिति किसी भी सभ्य और लोकतांत्रिक राज्य के लिए उचित नहीं कही जा सकती।

## सेना भर्ती रैली को लेकर डीसी ने की बैठक

# सेना भर्ती में अभ्यर्थियों को दलालों से बचने की सलाह



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्य के लिए वर्ष-2025-26 के लिए सेना भर्ती रैली 22 अगस्त से 04 सितंबर 2025 तक रांची में आयोजन होने को लेकर उपायुक्त मंजुनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक हुई।

बैठक में अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक नगर अजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रवीण पुष्कर, कर्नल विकास भोला, जिला नजारत उप समाहर्ता डॉ. सुधेश कुमार, जिला जन संपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय एवं भर्ती से सम्बंधित सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

सेना भर्ती रैली आयोजन स्थल में होने वालें तैयारियों को लेकर चर्चा

बैठक के दौरान सेना भर्ती रैली 22 अगस्त से 04 सितंबर 2025 तक रांची में आयोजन होने को लेकर कर्नल विकास भोला ४२ उपायुक्त से अपनी बात रखते हुए विशेष रूप से कहा की रांची जिला के युवाओं को सेना में ज्यादा से ज्यादा शामिल करना हमारा लक्ष्य है। रांची जिला के युवा ज्यादा से ज्यादा सेना में भर्ती हो कर अपना भविष्य बनाए। ये हमारी प्राथमिकता है।

कर्नल विकास भोला द्वारा कहा गया की रैली के दौरान जो युवा इस रैली में भाग लेंगे उन्हें मौलिक सुविधा एवं अन्य सभी व्यवस्था रैली स्थल पर कराने को लेकर कहा की रैली के दौरान विधि व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था, रैली ग्राउंड में भर्ती स्थल की चौतरफा सुरक्षा, रैली स्थल ग्राउंड में सीजीआई शीट बैरिकेडेड क्षेत्र, रैली ग्राउंड, 1.6 किमी रन एरिया और निर्धारित विश्राम क्षेत्र के आसपास सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, मेडिकल कवर, रैली स्थल पर एम्बुलेंस के साथ मेडिकल टीम 22 अगस्त से 04 सितंबर 2025 तक रैली के सभी दिनों में सुबह चार बजे से उम्मीदवारों की किसी भी चोट/बीमारी के मामले में देखभाल करने एवं अन्य सभी व्यवस्था उपलब्ध कराने को कहा गया। जिस पर उपायुक्त ने सारी व्यवस्था जो भी जिला प्रशासन की तरफ से संभव होगा वह सारी व्यवस्था उपलब्ध करा दी जाएगी।

### सेना भर्ती पारदर्शि तरीके से होती है : कर्नल विकास

कर्नल विकास भोला द्वारा सभी सेना में शामिल होने वालें उम्मीदवारों का शोषण करने वाले दलालों से दूर रहने की सलाह दी गई। उन्होंने सभी उम्मीदवारों से विशेष रूप से कहा की सेना भर्ती पुरे पारदर्शिता तरीके से होती है। इसमें कोई भी भर्ती प्रक्रिया की सभी अर्हता पूरी नही करता उनका भर्ती किसी भी हालत में नही हो सकता इसलिए आप सभी उम्मीदवार दलालों से दूर रहेगा उनके किसी भी झांसे में नही आने की आवश्यकता है।

### डीसी के जनता दरबार में पहुंचे फरियादी

- मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर दिव्यांग बच्चे को मिली ट्राईसाईकिल
- नामकुम अंचल के लापरवाह कर्मचारी पर कार्रवाई का आदेश
- अधिकारियों को सभी मामलों में त्वरित कार्रवाई करने का डीसी ने दिया निर्देश

**रांची।** शांति देवी के लिए आज का दिन सुखद था... वो अपने घर से 100 प्रतिशत दिव्यांग बच्चे के साथ उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची श्री मंजूनाथ भजन्त्री के जनता दरबार के लिए निकलती हैं... उपायुक्त कार्यालय कक्ष में प्रवेश से पहले ही उनके बच्चे को ट्राई साईकिल मिल जाती है। दरअसल जैसे ही उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री को सूचना मिली की एक महिला दिव्यांग बच्चे के साथ अपनी समस्या लेकर आई है तो उन्होंने फौरन अंकित के लिए ट्राईसाईकिल की व्यवस्था करने के निर्देश दिये और बच्चे को संबंधित विभाग द्वारा ट्राई साईकिल उपलब्ध करा दिया गया। भरायीं आंखों से शांति देवी ने अपनी समस्या उपायुक्तमंजूनाथ भजन्त्री के समक्ष रखी। उन्होंने बताया कि पति दिहाड़ी मजदूर है और बरसात के कारण काम नहीं मिल रहा और न ही किसी सरकारी योजना का लाभ मिल रहा है। शांति देवी ने बताया कि वो मंईयां सम्मान योजना हेतु आवेदन भी नहीं कर पायीं। उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने मौके पर ही शांति देवी के बच्चे के लिए दिव्यांग पेंशन और उनके लिए मंईयां सम्मान योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिये। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के जनता दरबार में एक बार फिर बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जनता दरबार के दौरान हुई घटनाओं ने प्रशासन की संवेदनशीलता और त्वरित निर्णय क्षमता का स्पष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। जनता दरबार में उपस्थित फरियादियों ने जमीन विवाद, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, पेंशन, राशन, शिक्षा एवं अन्य समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

# वज्रपात से बचाव के लिए रांची में जागरूकता रथ रवान

## यह अभियान 18 अगस्त से 3 सितंबर तक चलेगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** राजधानी रांची में सोमवार को वज्रपात से बचाव के लिए विशेष जागरूकता अभियान की शुरुआत हुई। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने समाहरणालय परिसर से बिजली सुरक्षा के लिए शमन परियोजना (एमपीएलएस) जागरूकता कार्यक्रम के तहत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान गृह मंत्रालय, भारत सरकार की पहल पर शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य वज्रपात से होने वाली जनहानि और क्षति को कम करना है।

### जिले के चार प्रखंडों में पहुंचेगा जागरूकता रथ




यह रथ 18 अगस्त से 3 सितंबर 2025 तक जिले के चार प्रखंडों रातू, नामकुम, ओरमांझी और सोनाहातू में चलेगा। अभियान के दौरान प्रत्येक प्रखंड में चार-चार स्थानों का चयन किया गया है, जिनमें स्कूल, बाजार, स्वास्थ्य केंद्र और पंचायत भवन शामिल हैं। कुल मिलाकर 16 प्रमुख स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित होंगे, जहां स्थानीय लोगों को वज्रपात से बचाव की जानकारी दी जाएगी।कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अक्सर लोग वज्रपात के शिकार हो जाते हैं। बरसात के मौसम में खुले मैदान या पेड़ों के नीचे खड़े रहने, मोबाइल और बिजली के उपकरणों का उपयोग करने जैसी आदतें जानलेवा साबित होती हैं। इसी कारण लोगों को समय रहते सही जानकारी और सतर्कता की जरूरत है।

### लोगों को वज्रपात से बचाव की दी जाएगी जानकारी : डीसी

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य है कि इस अभियान के जरिए अधिक से अधिक लोगों को सुरक्षा उपायों से अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि लोगों को खुले मैदान में वज्रपात के समय शरण न लेने, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूरी बनाए रखने और घर के भीतर रहते समय इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग न करने जैसी बातों की जानकारी दी जाएगी। इस अभियान में मेसर्स ग्लोबल मीडिया सहयोग कर रही है। उनकी टीम के सदस्य जागरूकता रथ के माध्यम से गांवों और कस्बों में नुक्कड़ नाटक, ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति और पर्चे बांटकर लोगों को जागरूक करेंगे।

### अब एप से वज्रपात अलर्ट की मिलेगी जानकारी

जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे मोबाइल फोन में सचेत और दामिनी एप जरूर डाउनलोड करें। इन एप्स के जरिए लोगों को समय पर वज्रपात की चेतावनी मिल सकेगी, जिससे जानमाल की हानि को रोका जा सकेगा। अभियान के दौरान प्रशासन ने सभी विभागों और स्थानीय निकायों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। अधिकारी उम्मीद जता रहे हैं कि इस पहल से जिले में वज्रपात से होने वाली घटनाओं और मौतों में कमी आएगी।

### किताबों में माड्यूल बदलने को लेकर प्रदर्शन

**रांची।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) की ओर से एनसीईआरटी के नए विभाजन मॉड्यूल की छायाप्रतियां जलाकर केंद्र सरकार के विरोध में प्रदर्शन किया गया। एनसीईआरटी किताबों में इतिहास बदलने की बात कहते हुए नारेबाजी की कई। शहीद चौक स्थित रांची विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार के सामने ने एनएसयूआई कार्यकतार्ओं ने शिक्षा नीति के खिलाफ आवाज बुलंद की। प्रदर्शन का नेतृत्व कैफ अली और अरोहन मंडल ने किया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष चिनय उरांव उपस्थित थे। बिनय उरांव, कैफ अली व अरोहन मंडल ने कहा कि एनसीईआरटी का विभाजन मॉड्यूल इतिहास से छेड़छाड़ है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### आज / कल




## दोबारा अतिक्रमण होने पर इन्फोर्समेंट टीम होगी जवाबदेह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शहर के विभिन्न इलाकों में फुटपाथ से हटाए जाने के बाद फिर से अतिक्रमण होने पर उस इलाके के लिए गठित इंफोर्समेंट टीम पर अब जवाबदेही तय होगी। निगम प्रशासक के निर्देश पर शहर के विभिन्न क्षेत्र, मार्ग, वार्ड एवं जोन स्तर पर इन्फोर्समेंट टीम के गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। गठित टीम को आगे यह तय करना होगा कि उनके जिम्मे के क्षेत्र में अभियान चलने के बाद किसी स्तर से अवैध अतिक्रमण नहीं हो। इसको लेकर मेन रोड, कांके रोड, लालपुर, सरकुलर रोड, डोरंडा, बाईपास रोड के अलावा अन्य संबंधित क्षेत्र में नियमित रूप से साउंड सिस्टम से संदेश प्रसारित किया जाएगा। वहीं, मुख्य मार्ग व जाम स्थल को चिन्हित कर प्राथमिकता के आधार पर अभियान चलाया जाएगा। शहर के सभी पार्क, वाहन पड़ाव स्थल, बस स्टैंड एवं निगम की जमीन के अंदर व बाहर के हिस्से में किसी भी तरह से अतिक्रमण नहीं होने देने को लेकर वेंडर्स को हटाने की जिम्मेवारी संबंधित अधिकारियों की होगी। प्रशासक सुशांत गौरव की अध्यक्षता में सोमवार को निगम सभागार में हुई बैठक में अतिक्रमण हटाओ अभियान व इन्फोर्समेंट टीम की कार्रवाई की समीक्षा की गई। प्रशासक ने शहर में लगातार सघन अभियान चलाकर प्रमुख मार्ग, चौक-चौरहा के आसपास समेत सभी लूप लाइन की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया।

## सीएमपीडीआई में त्रैमासिक सतर्कता जागरूकता अभियान 2025 का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने त्रैमासिक सतर्कता जागरूकता अभियान 2025 का शुभारंभ वीडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से अपने कर्मियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाकर की। इस वर्ष का सतर्कता जागरूकता अभियान 18 अगस्त, 2025 से 17 नवम्बर, 2025 तक सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर मनाया जाएगा।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी/आरडीएंडटी) अजय कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार, महाप्रबंधक (सतर्कता) अमरेश कुमार, अन्य महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण भौतिक तथा हाइब्रिड मोड में उपस्थित होकर सत्यनिष्ठा की शपथ ली।

इसके पूर्व, सीएमपीडीआई के मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार अपने सम्बोधन में सतर्कता जागरूकता अभियान 2025 की आवश्यकता, महत्व और केंद्रित क्षेत्र जैसे लंबित शिकायतों एवं लंबित मामलों का निपटान, क्षमता निर्माण कार्यक्रम, परिसम्पत्ति प्रबंधन और डिजिटल पहल पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने कर्मियों तथा सभी हितधारकों के लिए रक्त शिविर, स्वास्थ्य शिविर, वृक्षारोपण अभियान तथा सीएमपीडीआई के कमांड क्षेत्रों के अंतर्गत सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए रचनात्मक/सृजनात्मक गतिविधियों के आयोजन जैसी गतिविधियों पर बल दिया।

श्री कुमार ने अपने सम्बोधन में इस बात पर जोर दिया कि सतर्कता, ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा किसी खास अवसर तक सीमित न होकर, रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सतर्कता जागरूकता अभियान इस सतत् प्रतिबद्धता की याद दिलाता है साथ ही, कर्मियों से कार्यकुशलता और सतत् विकास के लिए पारदर्शिता, प्रौद्योगिकी और जवाबदेही को अपनाने का आह्वान किया।

## जन्माष्टमी पर अश्लील कार्यक्रम के विरुद्ध एबीवीपी का विरोध प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राजधानी स्थित गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में जन्माष्टमी पर आयोजित कार्यक्रम में अशोभनीय और मर्यादा के विपरीत अश्लील कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने विरोध प्रदर्शन किया। जन्माष्टमी जैसे पर्व पर कॉलेज प्रशासन द्वारा नीचता और अश्लीलता फैलाने वाले कार्यक्रम को अनुमति देना अत्यंत ही निंदनीय है। यह घटना न केवल धार्मिक आस्थाओं को आहत करती है बल्कि छात्र-छात्राओं के नैतिक और शैक्षणिक वातावरण पर भी गहरा दुष्प्रभाव डालती है। इस पूरे मामले में यह भी स्पष्ट हुआ कि कॉलेज के भीतर कुछ छात्र, जो गुंडागर्दी का माहौल बनाते हैं, उन्हीं के द्वारा इस अश्लील कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। यही तत्व बाद में एबीवीपी के विरोध का भी विरोध करने लगे ताकि अपनी गलती छुपा सकें। परिषद् यह मानती है कि यही छात्र इस पूरे कृत्य के असली दोषी हैं और इन्हीं की वजह से कॉलेज का शैक्षणिक वातावरण दूषित हुआ है। एबीवीपी, रांची महानगर इस कृत्य की कड़ी निंदा की है। वहीं कॉलेज प्रशासन से मांग की है कि इस कांड के लिए जिम्मेदार कॉलेज के प्राचार्य को तत्काल पद से हटाया जाए और साथ ही साथ इस घटना में शामिल छात्रों की पहचान कर उन पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। एबीवीपी यह स्पष्ट करती है कि अगर दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो परिषद् आंदोलन को और उग्र रूप देगी।




### सीसीएल में सतर्कता जागरूकता अभियान-2025 का शुभारंभ

# सतर्कता कार्य-संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है : निलेंदु कुमार सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) में सोमवार को सतर्कता जागरूकता अभियान-2025 का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक निलेंदु कुमार सिंह ने की। यह अभियान 18 अगस्त से 17 नवंबर 2025 तक चलाया जाएगा। कार्यक्रम में निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार, विभिन्न क्षेत्रों के महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय महाप्रबंधकगण भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी जुड़े रहे।

मौके पर सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने कहा कि सतर्कता केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि हमारी कार्य-संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे इस अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही को अपनी कार्यशैली का हिस्सा बनाएं। अभियान के दौरान संगठन लंबित शिकायतों और मामलों का त्वरित निपटान, कर्मचारियों के क्षमता निर्माण हेतु विशेष कार्यक्रम, परिसंपत्तियों के बेहतर प्रबंधन और पारदर्शिता को बढ़ावा देने वाली डिजिटल पहलें जैसे प्रमुख फोकस क्षेत्रों पर कार्य करेगा। इसके साथ ही सीसीएल विभिन्न जागरूकता और सामाजिक गतिविधियाँ भी आयोजित करेगा, जिनमें विद्यालयों और महाविद्यालयों में आउटरीच कार्यक्रम, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, पौधरोपण अभियान, क्षमता निर्माण कार्यशालाएं, डिजिटल नवाचार पहलें, खेलकूद प्रतियोगिताएँ तथा हितधारकों के साथ संगोष्ठियाँ एवं कार्यशालाएं शामिल हैं।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ईमानदारी और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए ' सत्यनिष्ठा का प्रण ' भी लिया। यह अभियान संगठन में सतर्कता की संस्कृति को और सुदृढ़ करेगा तथा सामाजिक सरोकारों एवं पारदर्शी कार्यप्रणाली के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को और मजबूत बनाएगा।

### दो नाबालिग छात्राओं के साथ दुष्कर्म की घटना को दिया गया अंजाम

# आरोपी 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार गया जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**लापुंग।** रांची जिले के लापुंग थाना क्षेत्र अंतर्गत सुकुरहुटू जंगल में नाबालिग छात्राओं के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दोनों छात्राएं नौंवी कक्षा में पढ़तीं हैं। लापुंग के थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने इस मामले में गुमला जिले के भरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत डोम्बा गांव के एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि दूसरे नाबालिग दुष्कर्मी को निरूद्ध किया गया है। इस सबंध में मिली जानकारी के अनुसार घटना रविवार की 11 बजे की है। दोनों छात्राएं अलग-अलग गांव की हैं। दोनों सुकुरहुटू जंगल के किनारे बकरी चरा रहीं थीं। दोनों छात्राओं को डराया-धमकाया गया। जिसके बाद वे जबरन छात्राओं को जंगल में ले गए और उनके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद बच्चियों ने जब शोर मचाना शुरू किया, तो वे अपनी पल्सर बाइक छोड़कर फरार हो गए।

विगत 17 अगस्त को ही रात के आठ बजे इस संबंध में पीड़िताओं के बयान पर कांड अंकित कर पुलिस ने कार्रवाई प्रारंभ कर दी। आरोपियों द्वारा छोड़े गए बाइक को ग्रामीणों ने जब्त कर पुलिस को सौंप दिया है। घटना से लापुंग , लालगंज, परवल, सुकुरहुटू और लेटे सहित दर्जनों गांवों के ग्रामीणों ने काफी आक्रोश जताया है। समाजसेवी किशोर साहु और चरकु साहु सहित दर्जनों लोगों ने कहा कि दुष्कर्मियों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए।

## खलारी में निवर्तमान बीडीओ संतोष कुमार को दी गई भावभीनी विदाई

**खलारी।** प्रखण्ड सभागार खलारी में निवर्तमान प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार को विदाई दी गई। इस अवसर पर एक सादे समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें प्रखंड एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ पंचायत प्रतिनिधि और प्रखंड कर्मी उपस्थित थे। समारोह में अंचल अधिकारी प्रणव अंबष्ट, प्रखण्ड प्रमुख सोनी तिग्गा, बुढ़मू अंचल अधिकारी सच्चिदानंद वर्मा, पुलिस उप अधीक्षक रामनारायण चौधरी और पुलिस निरीक्षक जयदीप टोप्पो ने संतोष कुमार को बुके भेंट कर सम्मानित किया। वर्तमान में जिला परिवहन पदाधिकारी, गिरिडीह के पद पर पदस्थापित संतोष कुमार ने अपने संबोधन में खलारी प्रखंड की जनता, जनप्रतिनिधियों और सहकर्मी अधिकारियों-कर्मचारियों का सहयोग के लिए आभार जताया।



बिजली विभाग की बड़ी लापरवाहीः कांके प्रखंड में नाली में लगा दिया पोल, गांव के सड़कों पर जलजमाव

### डीसी ने 33वें नेशनल आर्चरी मीट-2025 का किया शुभारंभ, कहा

# तीरंदाजी खेल विधा भारत की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जवाहर नवोदय विद्यालय, मेसरा में 33वें नेशनल आर्चरी मीट-2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। मौके पर मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। खेलों से अनुशासन, टीम भावना, एकाग्रता और आत्मविश्वास का विकास होता है। उन्होंने कहा कि तीरंदाजी जैसी पारंपरिक और गौरवशाली खेल विधा भारत की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा रही है। यह देखकर प्रसन्नता हो रही है कि देश के विभिन्न प्रक्षेत्रों से आए प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जीत या हार से परे खेलों में भागीदारी ही सबसे महत्वपूर्ण है। यह प्रतियोगिता युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करती है। सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि पूरी निष्ठा और खेल भावना के साथ प्रदर्शन करें। नवोदय विद्यालय समिति, पटना द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 08 प्रक्षेत्रों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें भोपाल, चंडीगढ़, हैदराबाद, जयपुर, लखनऊ, पुणे, शिलांग और पटना की टीमें शामिल हैं। ब्वॉयज और गर्ल्स कैटेगरी मिलाकर कुल 192 प्रतिभागी प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता का समापन 21 अगस्त को होगा।




## सड़क हादसे में पति-पत्नी और बच्ची घायल, ट्रक चालक फरार



खलारी। खलारी थाना क्षेत्र के हजारीबाग-बिजुपाड़ा मार्ग स्थित हुटाप टूटी झरना के पास सोमवार को एक सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी और उनकी बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार देवरखंड, आरा बुढ़मू निवासी बबलू उरांव (35) अपनी पत्नी सुमन देवी (30) और पुत्री सलोनी कुमारी के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीनों घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को एक कार से सीसीएल डकरा सेंट्रल अस्पताल पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए सभी को रांची रेफर कर दिया गया। बताया गया कि बबलू उरांव खलारी बाजार से सामान खरीदकर घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। पुलिस ट्रक की तलाश में जुट गई है।

## तमाड़ में सड़क दुर्घटना, एक की मौत



**तमाड़।** तमाड़ थाना अंतर्गत तमाड़ खूंटी सड़क के तमाड़ के मकवादार पर दर्दनाक दुर्घटना हुई, जहां एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर नदी के खाई में गिर गई। दुर्घटना लगभग 3 बजे के आसपास की बताई जा रही है । स्थानीय लोगों ने तुरंत तनाड़ थाना को सूचित किया और घटना की जानकारी दी। वहीं वाहन में 6 लोग सवार थे, जिनमें 1 पुरुष और 5 महिलाएं शामिल थीं। दुर्घटना में 1 महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य घायलों को तमाड़ अस्पताल ले जाया गया। तमाड़ अस्पताल के डॉक्टरों ने घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रिम्स रेफर कर दिया।स्कॉर्पियो का नंबर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है। [9:24 pm, 18/8/2025] Manoj Singh Sub Editor: कोडरमा जिले में रांची-पटना मुख्य मार्ग (एनएच-20) पर नौवां माइल घाटी के पास दो ट्रकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कोलकाता से बिहार जा रहा चावल लदा ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर पलट गया। वहीं, बिहार से आ रहा ईंट लदा ट्रक नियंत्रण खो बैठा और पीछे से आ रहे एक ट्रैक्टर में जा भिड़ा।

### ब्रह्मकुमारीज में जन्माष्टमी महोत्सव का हुआ समापन

**पिठौरिया।** सोमवार को प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय कांके पिठौरिया रांची में तीन दिवसीय जन्माष्टमी महोत्सव का समापन धूम धाम से किया गया। इस अवसर पर संस्था कि संचालिका बीके राजमती बहन ने भारतीय परंपरा के अनुसार आए अतिथियों को चंदन का तिलक लगाकर, स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर राजयोगिनी बी के राजमती बहन ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी को आध्यात्मिक रूप से मनाने और भगवान श्री कृष्ण के गुणों को अपने जीवन में धारण करने का संदेश दिया।इस दौरान ब्रह्मकुमारी आश्रम पिठौरिया में जन्माष्टमी त्यौहार उत्सव के रूप में मनाया गया।

## अत्यंत कल्याणमयी अजा एकादशी का व्रत आज

**नवीन मेल संवाददाता**

**तमाड़।** पुंडीदिरी में सांपों की देवी मां मनसा की पूजा धूमधाम से मनाई जा रही है। भक्तों ने प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की। युवकों ने लोहे की छड़ वेधकर मां मनसा की पूजा की। रविवार को बकरा और बत्तख की बलि... क्षेत्र में सांपों की देवी मां मनसा पूजा धूमधाम से श्रद्धापूर्वक मनाई जा रही है। कई जगहों पर मां मनसा की प्रतिमा स्थापित कर रात में व्रतियों ने पूजा-अर्चना की। इस दौरान युवकों ने अपने शरीर और जीभ में लोहे छड़ वेधकर मां मनसा की पूजा-अर्चना की। रविवार की सुबह प्रतिमा स्थापित मंदिर में बकरा और सैकड़ों बत्तख की बलि दी जाएगी।



## पुंडीदिरी में मनसा पूजा का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के हजारीबाग-बिजुपाड़ा मार्ग स्थित हुटाप टूटी झरना के पास सोमवार को एक सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी और उनकी बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार देवरखंड, आरा बुढ़मू निवासी बबलू उरांव (35) अपनी पत्नी सुमन देवी (30) और पुत्री सलोनी कुमारी के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीनों घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को एक कार से सीसीएल डकरा सेंट्रल अस्पताल पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए सभी को रांची रेफर कर दिया गया।

### नाला में डूबने से युवक की मौत, गांव में मातम

**रनिया।** रनिया थाना क्षेत्र के मनहातू गांव में एक व्यक्ति की नाला में डूबने से को मौत हो गयी। घटना रविवार की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार गांव के 45 वर्षीय फागु तानी रविवार को लगभग तीन-चार बजे गांव के नाला में मछली मारने के लिए गया हुआ था। इसी क्रम में वह नाले में गिर गया। साथ ही अकेले होने के कारण वह नाले से नहीं निकल सका। इस कारण उसकी मौत हो गयी। स्थानीय लोगों के अनुसार उक्त नाला में मृत पाया गया था। इसके बाद घटना की जानकारी रनिया पुलिस को दिया गया। सूचना के आधार पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन की। शव को कब्जे में लेकर सोमवार को पोस्टमास्टरम हेतु खूंटी भेजा। पोस्टमास्टरम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया।

## न्यूज बॉक्स

### मुरी पुलिस ने अज्ञात शव बरामद किया

**मुरी/सिल्ली।** मुरी ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत बांसारुली गांव के नीचे टोला स्थित रेलवे पटरी के किनारे बेसवेल बरसाती तालाब में तैरता हुआ एवं सड़ा गला अज्ञात व्यक्ति का शव मुरी पुलिस ने बरामद किया जिसकी आयु लगभग 45 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने शव को जप्त कर पोस्टमार्टम हेतु रांची रिम्स भेज दिया एवं मामले को लेकर छानबीन में जुट गई है।

### दो ट्रकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर तीन लोग गंभीर रूप से घायल



**कोडरमा।** जिले में रांची-पटना मुख्य मार्ग (एनएच-20) पर नौवां माइल घाटी के पास दो ट्रकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कोलकाता से बिहार जा रहा चावल लदा ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर पलट गया। वहीं, बिहार से आ रहा ईंट लदा ट्रक नियंत्रण खो बैठा और पीछे से आ रहे एक ट्रैक्टर में जा भिड़ा।

### सड़क पर गिरे पत्थर के चिप्स दुर्घटना को दे रहा है आमंत्रण



**अड़की (खूंटी)।** सेरेंगहातू से बंदगांव भाया कोरवा, बिरबांकी और कोचांग मार्ग पर इन दिनों सफर करना बेहद खतरनाक हो गया है। बताया जा रहा है बिरबांकी में बन रहे एकलव्य विद्यालय भवन निर्माण के लिए लाई जा रही सामग्री के दौरान सड़क पर बड़ी मात्रा में पत्थर के चिप्स गिरने से यह मार्ग जोखिम भरा हो गया है।राहगीरों ने बताया कि भवन निर्माण के लिए गाड़ियों से लगातार लाए जा रहे पत्थर के चिप्स सड़क पर गिर रहे हैं, खासकर चुकलु और कोरवा घाटी क्षेत्र में यह स्थिति ज्यादा गंभीर है। कई बाइक और छोटे वाहनों के फिसलने की भी आशंका बनी रहती है।स्थानीय लोगों ने ठेकेदार की लापरवाही को इस खतरे का मुख्य कारण बताया है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही सड़क पर गिरे पत्थरों को नहीं हटाया गया तो यह बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत कार्रवाई कर सड़क से गिरे चिप्स को साफ कराया जाए, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

### उद्यमी विकास महोत्सव का हुआ आयोजन



**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया रांची अंचल ने अतुल सतपुते, महाप्रबंधक, प्रधान के रांची आगमन के विशेष अवसर पर शहर स्थित एक प्रतिष्ठित होटल में उद्यमी विकास महोत्सव का आयोजन कर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर मजबूत किया। यह कार्यक्रम बैंक द्वारा चलाए जा रहे टरटए माह झ्र 2025 के अंतर्गत आयोजित किया गया। इस अवसर पर बैंक के फील्ड महाप्रबंधक गुरु प्रसाद गोंड ने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया हमेशा से ह्लकस्टमर फर्स्टह्व के सिद्धांत पर कार्य करता है और टरटए उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए कई आकर्षक योजनाएं प्रस्तुत की गई हैं। विशेष रूप से इस महोत्सव में 7 स्टार्स ऑफ एमएसएमई के अंतर्गत सात विशेष एमएसएमई योजनाएँ यथा व्हीकल एक्सप्रेस, डॉक्टर प्लस, एमएसएमई थाला, इक्विपमेंट एक्सप्रेस, उद्यमी वनिता, एसेट बैक्ड ऋण तथा वेलकम ऑफर आदि उद्यमियों के लिए उपलब्ध कराये। इन योजनाओं का उद्देश्य है-उद्यमियों की वित्तीय आवश्यकताओं की त्वरित पूर्ति, रोजगार सृजन को बढ़ावा देना और महिलाओं सहित विभिन्न वर्गों को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग प्रदान करना। इस विशेष अभियान के माध्यम से कुल 27.83 करोड़ के ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। आंचलिक प्रबन्धक श्री संजीव कुमार सिंह ने सभी ग्राहकों एवं एमएसएमई उद्यमियों से आग्रह किया कि वे बैंक ऑफ इंडिया की निकटतम शाखा से संपर्क कर इन योजनाओं का शीघ्र लाभ उठाएं।

### महिला राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता 22 से



**रांची।** अंडर 23 सीनियर पुरुष फ्री स्टाईल, ग्रीको रोमन स्टाईल एवं महिला राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता 2025 का आयोजन 22 से 24 अगस्त तक रांची में किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 22 से 24 अगस्त तक गणपत राय इंडोर स्टेडियम खेल गांव में आयोजित किया जाएगा। अंडर 23 सीनियर पुरुष फ्री स्टाईल,ग्रीको रोमन स्टाईल एवम महिला राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता 2025 का उद्घाटन 22 अगस्त को मुख्य अतिथि पर्यटन , कला संस्कृति, खेलकूद एवम युवा कार्य विभाग केमंत्री सुदिव्य कुमार करेंगे। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के सैकड़ों पहलवान शामिल होंगे। मंत्री से झारखंड झारखंड कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह और धर्मेंद्र सिंह ने मिलकर प्रतियोगिता के लिए विधिवत निमंत्रण दिए।

**शिक्षा को बढ़ावा** — आईएएस वाइव्स एसोसिएशन लापुंग और बेड़ो प्रखंड में करेगा लाइब्रेरी की स्थापना

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नौ अक्टूबर को करेंगे उद्घाटन

- शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने जिला अभियंता गुप्तेश्वर राम के साथ मिलकर पुराने भवन का अवलोकन किया और लाइब्रेरी के लिए संभावनाएं तलाशी



बेड़ो। आईएएस वाइव्स एसोसिएशन के प्रयासों से बेडो. और लापुंग प्रखंड में आम लोगों के लिए सुविधायुक्त उच्च स्तरीय प्रखंड स्तरीय लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी जिसका उद्घाटन 09 अक्टूबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। इसी प्रयोजन के निमित्त आईएएस वाइव्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने प्रीति और निक्की टोप्पो मैम के नेतृत्व में पुस्तकालय के लिए बेडो. और लापुंग के पुराने प्रखंड मुख्यालय भवन में जगह का चयन किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि अभी फिलहाल सिर्फ जगह का चयन हो रहा है। इसके पश्चात इसका जीर्णोद्धार किया जाएगा। पुस्तकालय में बैठकर पढ़ने की सुविधा भी मिलेगी। इस मौके पर मुख्य रुप से जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज भी उनके साथ थे। आईएएस वाइव्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि लोगों को पढ़ने की सुविधा मिलनी चाहिए। जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने जिला अभियंता गुप्तेश्वर राम के साथ मिलकर पुराने भवन का अवलोकन किया और लाइब्रेरी के लिए संभावनाएं तलाशी। इस मौके पर आर्किटेक्ट अतुल कांत , जिला अभियंता गुप्तेश्वर राम, बेडो. के प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव, लापुंग प्रखंड की प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज, अंचलाधिकारी पंकज कुमार, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शांति मुनी तिर्की, सहायक अभियंता सिद्धार्थ आर्य, कनीय अभियंता संजीत कुमार, लापुंग प्रखंड संसाधन केंद्र के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी लीलावती तिर्की, बेड़ो के बीपीओ देव कुमार राम, सीआरपी चंद्र मोहन ठाकुर, सुनील कुमार गुप्ता, मनोज कुमार साहु, मंटु कुमार साहु, सुजीत कुमार, मनरेगा के कनीय अभियंता साकेत कुमार गिरी सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे। इसके पूर्व आईएएस वाइव्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सचिव के साथ साथ सदस्यों ने लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध साई मंदिर का दौरा किया। उन्होंने वहां विधिवत पूजा अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया।

### स्कूल के सभी ब्रांचों में दो दिवसीय स्वतंत्रता दिवस का हुआ आयोजन

# बेस्ट पैरेंट के अवार्ड से दर्जनों अभिभावकों को सम्मानित किया गया

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरकट्ठा।** आईलेक्स पब्लिक स्कूल शाखा बरकट्ठा समेत मुख्य शाखा पंच माधव स्थित आइलेक्स पब्लिक स्कूल के प्रांगण में दो दिवसीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया इसके साथ ही स्कूल के अन्य शाखों में गोरिया करमा, पांडेयवारा ,गिरिडीह, इचाक, हजारीबाग ,बड़कागांव में भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस समारोह की तैयारी में बच्चे और सभी शिक्षक शिक्षिकाएं पिछले एक माह से लगे हुए थे । 15 अगस्त को सर्वप्रथम ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे सभी टीचर्स एवम बच्चों ने राष्ट्रगान गाकर झंडे को सलामी दी ।वहीं पन्च माधव स्थित स्कूल के प्रांगण में 14 अगस्त को बरकट्ठा पांडेबारा ,शाले और गोरिया करमा ब्रांच के बच्चों द्वारा तैयार किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लगभग दो सौ बच्चों ने हिस्सा लिया और 500 से ज्यादा पेरेंट्स शामिल हुए । 15 अगस्त को पंच माधव के बच्चों का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे 350 से ज्यादा बच्चों ने हिस्सा लिया और लगभग 700 पेरेंट शामिल हुए । इस दौरान बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। इसके साथ ही बच्चों के की साज सजा और वेशभूषा भी अनूठी और बहुत ही प्यारी थी। पंचमाधव ब्रांच में बरही के एस डी ओ जॉन टुडू , एसडीपीओ अजित कुमार बिमल , इंस्पेक्टर एसएचओ विनोद कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर, चंद्रशेखर कुमार, बीडीओ जयपाल महतो , तथा बड़कागांव ब्रांच में सी आई एस एफ के डिप्टी कमांडेंट सुरेश जी , असिस्टेंट कमांडेंट नविन राजा, इंस्पेक्टर अतुल्य लकड़ा और संजय कुमार , सब इंस्पेक्टर उदय कुमार और आदित्य पाल मुख्य अतिथि रहें । बड़कागांव ब्रांच के बच्चों ने मिशन सिंदूर को समर्पित करते हुए एक सबमरीन और B2 फाइटर जेट के मॉडल की रचना की जिसका सफल संचालन भी दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया गया जो वाकई काबिले तारीफ था। कार्यक्रम के पश्चात दर्जनों अभिभावकों को बेस्ट पैरेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व का हुआ समापन

## मंदिरों को भव्य रुप से सजाया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** गोरहर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्म जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस दौरान प्रखंड के कई मंदिरो में श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर मंदिरों को सजाया संवारा गया। कार्यक्रम को लेकर महतो समाज की ओर से रविवार को रथ पर सवार कर भगवान की प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया गया तथा गाजे बाजे के साथ जुलूस निकाला गया। इसमे सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हुए ।जुलूस कटहल टोला, रंगीनियां टोला,पासवान टोला, गोरहर चौक होते हुए वापस गजीहरा पहुंचा। इस दौरान जुलूस में शामिल हिन्दु धर्मावलम्बियों के हाथ में भगवा ध्वज लेकर नाचते गाते तथा जय श्री राम के नारे लगाते दिखे। जुलूस में मुख्य रूप से मुखिया प्रेमिका कुमारी, समाजसेवी रामटहल महतो , डा0 कुंज लाल महतो, मुखिया प्रतिनिधि छोटन कॉल, पूजा समिति के अध्यक्ष भीमसेन कुमार,सचिव अन्तु महतो, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार , संजय, विजय, राजु, किशोर समेत सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे हजारों की संख्या में थे ।

## न्यूज बॉक्स

### गणेश पूजा मानने को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक उत्तम अध्यक्ष व अजीत बने सचिव



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बंडासिंगा मोड़ में गणेश पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर ग्रामीणों ने एक बैठक की गई। बैठक बंडासिंगा मोड़ स्थित यात्री शेड में सुरेश नायक की अध्यक्षता में की गई। जिसमें गणेश पूजा स्थल का चयन तथा समिति के गठन पर चर्चा की गईं।इस निमित सर्वसम्मति से अध्यक्ष उत्तम नायक, सचिव अजीत बर्नवाल, कोषाध्यक्ष अंशु कुमार को बनाया गया। बैठक में सभी लोगों ने कहा गणेश पूजा धूमधाम से मनाना है। इस दौरान अध्यक्ष उत्तम नायक ने कहा कि पूजा 27 से 30 तारीख तक की जाएगी।मौके पर समाजसेवी सुरेंद्र साव, हेमलाल पासवान, उजेश्वर नायक, सुरेंद्र तिवारी, नागेश्वर प्रसाद, रंजीत कुमार, छात्रधारी ठाकुर समेत अन्य लोग बैठक में मौजूद थे।

### गिद्दी में विधि-विधान से हुई मां मनसा की पूजा-अर्चना

**गिद्दी।** गिद्दी दुर्गा मंडप रविवार को दो स्थानों पर देर रात में मां मनसा की पूजा धूमधाम से हुई। विनोद तिवारी और प्रभात कुमार सिंह के आवास परिसर स्थित मनसा मां की मंदिर में पूजा अर्चना की गई। पंडित केशव बनर्जी ने मां मनसा की पूजा विधि-विधान से कराई। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान पूजा स्थानों पर देर रात तक प्रसाद पाने के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही। पूजा को लेकर मां मनसा की मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। मनसा पूजा को लेकर श्रद्धालु उपवास रखकर पूजा में शामिल हुए। इस अवसर पर मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो, सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य अरूण कुमार सिंह, मुखिया हीरालाल गंझू, पच्चू राणा, विनोद तिवारी, संत सिन्हा, प्रदीप सिंह, अजय दुबे, राजेश सिंह, बृजकिशोर पाठक, सुनंद कुमार, महेंद्र यादव, राजन तिवारी, सीमा तिवारी, समीधा तिवारी, उषा उपाध्याय, बबली उपाध्याय, शकुंतला देवी, संजय कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### ड्यूटी पूरी कर वापस घर नहीं लौटा सीसीएलकर्मी घरवालों ने पुलिस को दी सूचना

**रामगढ़।** बड़गांव निवासी 55 वर्षीय सीसीएलकर्मी मंशु साव डियूटी के उपरांत अपने घर नहीं लौटे, जिससे घर वाले काफी परेशान हैं। सीसीएलकर्मी मंशु साव के पुत्र मनोज कुमार साव ने पुलिस को लिखित आवेदन देकर गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। अपने दिए गए आवेदन में मनोज कुमार साव ने बताया है कि मेरे पिता बड़गांव से 16 अगस्त 2:30 बजे कुजू कोलियरी डियूटी के लिए निकले थे। वह इलेक्ट्रिकल विभाग में इलेक्ट्रीशियन पद पर कार्यरत थें। रात्रि 11 बजे डियूटी पूरी करने के बाद वह घर नहीं लौटे। जिसको लेकर हमलोगों ने आसपास और रिस्तेदारों में पता करने का प्रयास किया। उनका कोई पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया है कि पिता का मोबाइल नंबर भी बंद आ रहा है। उन्होंने अपने पिता को जल्द खोज निकालने की अपील की है।

### केदला नगर की 10 हजार आबादी को जल्द मिलेगा पानी

**केदला।** केदला नगर और इसके आस - पास के क्षेत्र में रहने वाले लगभग दस हजार आबादी को जल्द ही पानी की समस्या से निजात मिलेगा। शनिवार को सीसीएल जीएम वेल्फेयर ने केदला उत्खनन परियोजना के केदला नगर पानी टंकी का निरीक्षण करने के बाद नए मोटर के लिए एस्टीमेट बनाने का आदेश दिया है। आपके अपने प्रिय अखबार हिन्दुस्तान में रामगढ़ संस्करण के अंतर्गत 25 जुलाई को केदला नगर वासियों के बीच होने वाली पानी की समस्याओं से संबंधित समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया। इसके बाद कई श्रमिक संगठनों ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया। इसकी चर्चा सीसीएल मुख्यालय तक जा पहुंची। सीसीएल डीटी और सीएमडी ने मुख्यालय जीएम वेल्फेयर को एक टीम के साथ जांच करने के लिए केदला नगर भेजा। टीम ने केदला नगर पानी टंकी में आकर यहां काम करने वाले कामगारों के साथ साथ कॉलोनी में रहने वाले लोगों से पानी की समस्या को लेकर जानकारी लिया। मौके पर मौजूद हजारीबाग क्षेत्रीय कार्यालय से आए एसओ इएंडएम बरुण कुमार पांडेय को निर्देश देते हुए कहा कि एक माह के अंदर नए मोटर पंप के लिए एस्टीमेट बनाकर मुख्यालय भेजें। लोगों को नियमित पानी मिलनी चाहिए। वहीं उन्होंने केदला पीओ आरके सिंह को खराब मोटर को बनवाने के लिए भी कहा।

### हम स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करने का ले संकल्प : अमित सिन्हा

**रामगढ़।** समाज सेवी अमित सिन्हा ने स्वतंत्रता दिवस पर विभिन्न स्थानों पर झंडोतोलन किया। इस क्रम में उन्होंने गोला रोड स्थित झारखंड सेवा समिति के कार्यालय झंडा चौक, जनकल्याण पुस्तकालय, सुभाष चौक के निकट स्थित पुराना बस स्टैंड, फुटबॉल ग्राउंड के निकट, गोलपर स्थित तिरंगा चौक और वाहन संगठन कार्यालय आदि स्थानों पर झंडोतोलन किया। इस मौके पर अपने संबोधन में कहा कि आज हम जो स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। उसके लिए अनेक देश वासियों ने कुर्बानी दी है। देश को आजादी दिलाने के लिए लंबा संघर्ष किया। कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने सपना देखा था कि हम एक ऐसे भारत का निर्माण करेंगे जहां कोई भेदभाव नही होगा। कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को पूरा करने का आज हम संकल्प लेते हैं। मौके पर मुख्य रूप से मनोज मंडल, छोटन सिंह, शैलेन्द्र ठाकुर, उमेश कुमार, सलमान कादिर, प्रेम कुमार, भोलू खान, लखन साव, अनिल साव, सोनू कुरैशी, दानिश कुरैशी, राहुल खान, सलीम खान ,कलीम खान,मोदी ,मंटू ,बारीक आदि उपस्थित थे।

### भुरकुंडा में इंटक पतरातू प्रखंड कमेटी का हुआ विस्तार

**भुरकुंडा।** भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) की बैठक रविवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में हुई। इसकी अध्यक्षता इंटक के प्रखंड अध्यक्ष किशुन नायक और संचालन लखन पासवान ने किया। इसमें मुख्य रूप से इंटक के प्रदेश सचिव शिवशंकर उर्फ टुनटुन पांडेय उपस्थित थे। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष किशुन नायक ने कमेटी का विस्तार किया। इसमें उपाध्यक्ष अमर राम, श्रवण कुमार, सचिव राहुल यादव, संगठन मंत्री सरकार विश्वकर्मा, सह सचिव श्यामू मुंडा, महासचिव बबलू ठाकुर, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार के अलावा पंकज कुमार, विक्रम गुप्ता, रोशन पासवान, अभिषेक पासवान, जितेंद्र वर्मा, मोंटी सिंह, अजीत वर्मा, लाली करमाली, बीरबल तूरी, अरविंद तिवारी, सूरज करमाली, अमन चौहान, अमित नायक, विनोद पासवान और संजयनाथ करमाली को सदस्य मनोनित किया। मौके पर प्रदेश सचिव शिवशंकर पांडेय ने कहा कि इंटक मजदूरों के हक और अधिकार की रक्षा करती आई है। यह क्रम आगे भी जारी रहेगा। वहीं प्रखंड अध्यक्ष किशुन नायक ने कहा कि मजदूरों के हक और हकूक की लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाना ही इंटक का उद्देश्य है। बैठक में झारखंडी बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी और सदस्यों ने इंटक कमेटी को बधाई देते हुए मजदूरों के समर्थन में घोषित आंदोलन में समर्थन देने की भी घोषणा की।

### राधा गोविन्द विवि में एंटी रैगिंग सप्ताह का हुआ समापन

## नुक्कड़ नाटक जरिए छात्रों ने लिया रैगिंग मुक्त कैंपस का संकल्प




**रामगढ़।** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय में चल रहा एंटी रैगिंग सप्ताह 12 से 18 अगस्त तक चला गया, जिसका समापन 18 अगस्त 2025 को एक सार्थक और भावनात्मक कार्यक्रम के साथ हुआ। सप्ताह भर तक चले इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को रैगिंग जैसी सामाजिक और शैक्षणिक कुप्रथा से मुक्त वातावरण उपलब्ध कराना तथा उन्हें सुरक्षित, अनुशासित और सकारात्मक शैक्षिक माहौल प्रदान करना था। अभियान के अंतिम दिन रामगढ़ ब्लॉक में नुक्कड़ नाटक और सिग्नेचर कैंपेन का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने रैगिंग के खिलाफ जोरदार संदेश दिया। पूरे आयोजन में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह, सचिव प्रियंका कुमारी,कुलपति प्रो ( डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार,प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार,एंटी रैगिंग कमेटी के संयोजक डॉ प्रेम प्रकाश,कमेटी सदस्य डॉ पूनम, डॉ ममता डॉ रंजना डॉ अमरेश, निशा,अरविंद, राजू ,प्रदीप, महेंद्र मंडल सभी संकायों के शिक्षक, व्याख्याता और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय प्रांगण में हुआ। एंटी रैगिंग वीक के दौरान विभिन्न विभागों में परिचर्चा, संगोष्ठी, पोस्टर प्रतियोगिता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

### विधायक ने जीएम व एसइ को विद्युत समस्या से कराया अवगत

# लोगों की बिजली समस्या अब और बर्दाश्त नहीं की जाएगी

**नवीन मेल संवाददाता**

- बरही विधानसभा क्षेत्र में सभी नए व पुराने ट्रांसफार्मर बदलने और उसे शीघ्र चालू करने की मांग की



**बरही।** स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने विस क्षेत्र के विद्युत संकट को लेकर जीएम दिनेश कुमार व अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार उपाध्याय से भेंट किया. जले व पुराने ट्रांसफार्मर को बदलने व नियमित बिजली आपूर्ति की मांग करते हुए जले हुए ट्रांसफार्मर की जानकारी दी. उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराते हुए तत्काल सुदृढ़ करवाने की मांग किया. विधायक ने बरही प्रखंड के जरहिया में 25 केवीए, चार माइल में 100 केवीए व 25 केवीए, कजरा में 100 केवीए तथा चौपारण प्रखंड के गुरूबारा में 100 केवीए व मरगौजा में 25 केवीए क्षमता वाले नए ट्रांसफार्मर का तत्काल व्यवस्था करने की बात कही. उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लगे पुराने ट्रांसफार्मर कमजोर हो चुके है, जो लगातार जल रहे हैं जिससे आए दिन ग्रामीणों को विद्युत समस्या झेलना पड़ रहा है. इससे पढ़ाई, कृषि कार्य और छोटे व्यवसाय पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है. उन्होंने अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कहा कि बरही विधानसभा के लोगों की बिजली समस्या अब और बर्दाश्त नहीं की जाएगी. अधिकारियों ने विधायक की बातों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया और कहा कि इसे शीघ्र की पूरा कर दिया जाएगा। स्थानीय लोगों ने विधायक के इस कदम का स्वागत किया है.

### अवैध बालू लदे चार ट्रैक्टर जब्त मालिक व बालू उत्खनन करने वालों पर मामला दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

- सभी चारो ट्रैक्टर को जब्त करते हुए जब्ती सूची के साथ बरही थाना को सुपुर्द करते हुए नियम संगत धाराओं के तहत कर दिया

**बरही।** खनन निरीक्षक सत्येंद्र इंस्पेक्टर ने सोरेन ने चार ट्रैक्टर मालिक व चालक के खिलाफ मामला दर्ज करवाई है. उक्त ट्रैक्टर मालिक व चालक पर एनजीटी लागू होने के बाबजूद बिना चलान के अवैध रूप से बालू परिवहन करने का आरोप है. दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि दो सोनालिका, एक आर्यशर और एक के वाहन एस्कॉर्ट ट्रैक्टर जिस पर बिना पंजीकरण के ट्रेलर पर बिना कागजात के 100 घनफीट बालू का परिवहन किया जा रहा था. जिसे सोमवार की सुबह साढ़े छः बजे ओल्ड जीटी रोड बरही स्थित उप डाकघर के पास खनिजों से लदे वाहन जांच के क्रम में पकड़ा गया. हालांकि जांच टीम को देखते हीं ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लगाकर फरार हो गए. मौके पर से बालू लदे सभी चारो ट्रैक्टर को जब्त करते हुए जब्ती सूची के साथ बरही थाना को सुपुर्द करते हुए नियम संगत धाराओं के तहत अज्ञात वाहन चालक वाहन मालिक और अज्ञात रूप से बालू उत्खनन करने वालों के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज करवाई गई. खनन निरीक्षक ने बताया कि बीते 10 जून से आगामी 15 अक्टूबर तक एनजीटी के तहत झारखंड में बालू उत्खनन पर रोक लगाई गई है. इस दौरान बालू उत्खनन या बिना कागजात के बालू का परिवहन अवैध माना जायेगा.

### प्रेस क्लब में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**हजारीबाग।** झील परिसर स्थित प्रेस क्लब, हजारीबाग में श्रद्धांजलि सभा आयोजन किया गया। इसमें पत्रकारिता को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पत्रकार हरिनारायण सिंह को नमन करते हुए उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया गया। झारखंड के पुरोधा, जन नायक और सामाजिक न्याय के अगुवा दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन और झारखंड अलग राज्य आंदोलनकारी शिक्षा मंत्री राम दास सोरेन को भी श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। क्लब के सदस्यों ने कहा कि इन लोगों का राजनीतिक और पत्रकारिता के क्षेत्र में काफी योगदान रहा है। जिस झारखंड की जनता भूल नहीं सकती।इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष उमेश प्रताप ने कहा कि अलग राज्य निर्माण में शिबू सोरेन और रामदास सोरेन की भूमिका और पत्रकारिता के क्षेत्र को एक नया आयाम देने वाले हरिनारायण सिंह जी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता हैं। कुछ दिनों के अंतराल पर तीनों का निधन से समाज को क्षति हुई है और इसकी भरपाई करना आसान नहीं होगा।

### अम्बरीन मंजर बनीं राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी संघ की अध्यक्ष बोलीं

# मिली जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से करूंगी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी संघ की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष के रूप में अम्बरीन मंजर के मनोनयन पर समाज के विभिन्न वर्गों से बधाईयों का सिलसिला जारी है। उनके इस पद पर चयन को सामाजिक समरसता और सौहार्द्र का प्रतीक बताया जा रहा है। राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष इकबाल त्यागी द्वारा अम्बरीन मंजर को झारखंड प्रदेश अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया। इस प्रस्ताव को संघ के राष्ट्रीय संरक्षक इंद्रेश कुमार, राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सेंगर और स्वतंत्र प्रभारी विक्रमादित्य सिंह ने अनुमोदित किया। मनोनयन के उपरांत राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि अम्बरीन मंजर इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पर पूरी तरह खरा उतरेंगी। अम्बरीन मंजर ने आत्मविश्वास से कहा कि पूर्व की भांति इस नई जिम्मेदारी का निर्वहन भी मैं पूरी निष्ठा और समर्पण भाव से करूंगी। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर पर सशक्त गौ रक्षा वाहिनी टीम का गठन किया जाएगा और गौ सेवा को जमीनी स्तर पर उतारने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि संगठन के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु रामगढ़ में प्रदेश स्तरीय कार्यालय की स्थापना की जाएगी और सरकारी अनुदान का सहयोग लेकर सभी योजनाओं को क्रियान्वित किया जाएगा। गौरतलब है कि वार्ड पार्षद के रूप में कार्य करते हुए अम्बरीन मंजर ने बिना किसी भेदभाव के विकास कार्यों, युवा प्रतिभाओं के प्रोत्साहन और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय पहचान बनाई है। उनके मनोनयन पर रविंद्र साहनी, वासुदेव, बबलू खान, अतहर अली, रिजवान खान, शहजादा तालीम, अमन अंसारी, आकिब अंसारी, उषा देवी, मीना देवी, सोनी खातून, यासमीन, चरण बेदिया, ललकु बेदिया आदि ने बधाई दी है।

### शबद कीर्तन — रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में सजा विशेष दीवान मधुर शब्दों से संगत मंत्रमुग्ध हो गए

# विश्व प्रसिद्ध रागी जत्था भाई जोगेंद्र सिंह रियाड़ ने की शिरकत

- भाई जोगिंदर सिंह रियाड़ ने गुरुद्वारा साहिब में लगभग ढाई घंटे शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया।

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में रविवार शाम की विशेष दीवान सजाया गया। विशेष दीवान में विश्व प्रसिद्ध रागी जत्था भाई जोगेंद्र सिंह रियाड़ अपनी टीम के साथ पहुंचे। उन्होने "बिन बोल्या सब किछ जांदा, किस आगे कीजिये अरदास, वाहेगुरु वाहेगुरु, जिथे जाए बहे मेरा सतगुरु, जैसे शब्दों से उपस्थित संगत का मन मोह लिया। भाई साहब भाई जोगिंदर सिंह रियाड़ जी के मधुर शब्दों से संगत मंत्रमुग्ध हो गए । इससे गुरुद्वारा साहिब का पूरा वातावरण भक्ति में हो गया था। एक से बढ़कर एक शबद सुन संगत उठने का नाम नहीं ले रहे थे। भाई जोगिंदर सिंह रियाड़ ने गुरुद्वारा साहिब में लगभग ढाई घंटे शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया। भाई साहब भाई जोगिंदर सिंह जी रियाड़ रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा का विशेष रूप से धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मित प्रधान पर अमरजीत सिंह सैनी, हैप्पी छाबड़ा, सचिव हरदीप सिंह होरा, हरपाल सिंह अरोड़ा,रघुवीर सिंह, जोगिंदर सिंह जग्गी,प्रीतम सिंह कालरा, नरेंद्र सिंह होरा, तेजिंदर सिंह सोनी, मनपाल सिंह सोनी, कुलजीत सिंह कालरा, जितेंद्र सिंह पवार,जगजीत सिंह जग्गी,कुलवंत सिंह मारवाह,कमलजीत सिंह लांबा, रविंद्र सिंह छाबड़ा उर्फ बिट्टी,नरेंद्र सिंह चमन, बबलू छाबड़ा, हरमिंदर छाबड़ा, रिंटू छाबड़ा, गुरजीत सिंह होरा, यश छाबड़ा, गुरजीत सिंह सलूजा,सतपाल सिंह सलूजा, रणजीत कौर, चरणजीत कौर जोली, स्त्री सत्संग की प्रधान बलविंदर कौर छाबड़ा,डॉ मनबीर कौर, पम्मी गांधी,पिंकी सलूजा,महेंद्र कौर, विमला मेहरा, सुमी जोली, जसप्रीत कौर,नीलम अरोड़ा, जसमीत कौर सोनी आदि उपस्थित थे ।

### गोला से 65 तीर्थयात्रियों का जत्था तीर्थाटन के लिए हुआ रवाना

**गोला।** हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान की शुरुआत की है। इसी कड़ी में रविवार को गोला प्रखंड के बंदा पंचायत से 65 तीर्थयात्रियों का आठवां जत्था तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुआ। सांसद ने यह यात्रा बुजुर्गों के सम्मान और उनकी आस्था को ध्यान में रखकर शुरू की है। तीर्थयात्रियों को काशी विश्वनाथ, अयोध्या, प्रयागराज और विंध्याचल आदि पवित्र स्थलों का दर्शन कराया जाएगा। मुरपा स्थित बजरंगबली मंदिर से तीर्थयात्रियों को गाजे-बाजे और पुष्पवर्षा के साथ विदा किया गया। इस दौरान भगवा पताकाएं लहराई गईं, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। ढोल नगाड़ा के साथ ग्रामीणों ने तीर्थयात्रियों को गांव का भ्रमण कराया गया।

# सीएम स्वास्थ्य योजना का लाभ 9 लाभुकों को मिलेगा, मिली मंजूरी

नवीन मेल संवाददाता

**84,500 रुपए स्वीकृत**



**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से संबंधित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अनुदान राशि हेतु प्राप्त कुल 10 आवेदनों की समीक्षा की गई। जांचोपरांत समिति ने 09 आवेदनों को स्वीकृति दी, जबकि 01 आवेदन अस्वीकृत कर दिया गया। स्वीकृत आवेदनों में अनुसूचित जाति के 02 तथा अनुसूचित जनजाति के 07 लाभुक शामिल हैं।बीमारियों की गंभीरता को देखते हुए लाभुकों को 2,500 से 25,000 तक की सहायता राशि प्रदान करने का निर्णय लिया गया। इस क्रम में कुल 84,500 की राशि स्वीकृत हुई, जिसमें एक आवेदन कैंसर पीड़ित मरीज का भी था।उपायुक्त कंचन सिंह ने परियोजना निदेशक आईटीडीए सह जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया कि स्वीकृत राशि शीघ्र लाभुकों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाए, ताकि उन्हें समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सके। उन्होंने सिविल सर्जन को भी निर्देशित किया कि जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और अस्पताल प्रत्येक माह कम से कम दो योग्य आवेदनों की अनुशंसा जिला कल्याण कार्यालय को भेजें, जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंद लोग योजना का लाभ उठा सकें।बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि योजना का लाभ लेने के लिए लाभुकों के पास जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा। इसके लिए जिला कल्याण पदाधिकारी को अंचल अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया को सरल और समयबद्ध बनाने के निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने नागरिकों से अपील की कि योजना का लाभ उठाने के लिए वे आवश्यक दस्तावेज चिकित्सा प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता संख्या एवं जाति प्रमाण पत्र के साथ जिला कल्याण कार्यालय में आवेदन करें।बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए सरोज तिर्की, सिविल सर्जन डॉ. सुन्दर मोहन, विधायक प्रतिनिधि कोलेबिरा मो. समी आलम, विधायक प्रतिनिधि सिमडेगा संतोष कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## कोलेबिरा पोस्ट ऑफिस 10 दिनों से ठप, ग्रामीणों को भारी परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा डाकघर में पिछले दस दिनों से तकनीकी खराबी रहने के कारण समस्त डाक सेवाएं ठप पड़ी हुई हैं। स्थिति यह है कि इस अवधि में पैसा जमा, निकासी, स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री सहित अन्य कार्य पूरी तरह बाधित रहे, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि डाक विभाग की इस तकनीकी खराबी से वे न केवल आर्थिक रूप से प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि समय पर जरूरी कार्य पूरे न होने के कारण मानसिक तनाव भी झेलना पड़ रहा है। खासकर स्थानीय डाकघर रेकरिंग एजेंटों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उनका कहना है कि समय पर ग्राहकों का पैसा जमा नहीं हो पाने से उन्हें जुर्माना चुकाना पड़ सकता है, जबकि इसमें गलती उनकी नहीं, बल्कि विभाग की है।इधर ग्रामीणों में चर्चा है कि डाक विभाग समय-समय पर अपने कर्मचारियों को उचित प्रशिक्षण नहीं देता, जिसके कारण ऐसी तकनीकी समस्याएं बार-बार सामने आती रहती हैं। लोगों का कहना है कि अगर समय पर तकनीकी दिक्कत दूर नहीं की गई, तो ग्रामीणों का विश्वास डाकघर से उठ सकता है।ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित अधिकारी शीघ्र पहल कर कोलेबिरा डाकघर की सेवाओं को सामान्य स्थिति में बहाल करें, ताकि जनता को राहत मिल सके और विभाग पर लोगों का विश्वास कायम रहे।

## न्यूज बॉक्स

### स्व. रामदास सोरेन को झामुमो ने दी श्रद्धांजलि, परिषदन में आयोजित हुई शोकसभा



**सिमडेगा।** झारखंड आंदोलन के प्रणेता एवं राज्य के पूर्व मंत्री स्व. रामदास सोरेन के निधन पर झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमेटी सिमडेगा की ओर से श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना के नेतृत्व में परिषदन भवन सिमडेगा में हुई इस शोकसभा में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरुआत स्व. रामदास सोरेन की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके उपरांत उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा कि स्व. रामदास सोरेन केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि झारखंड आंदोलन के महान योद्धा थे। उनके निधन से राज्य ने एक सच्चा मार्गदर्शक और जननायक खो दिया है। उनकी स्मृतियां और विचार सदैव लोगों को प्रेरित करते रहेंगे।जिला सचिव मो. सफीक खान ने कहा कि स्व. सोरेन झारखंडवासियों की बुलंद आवाज थे। वे सदैव आम जनता के अधिकारों के लिए लड़ते रहे। आज झारखंड और झामुमो ने अपना अभिभावक खो दिया है, लेकिन उनकी छवि और योगदान सदैव याद किए जाएंगे।

### जिला कांग्रेस कमेटी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**सिमडेगा।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से सोमवार, 18 अगस्त 2025 को भारत माता के वीर सपूत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जोनसन मिंज ने कहा कि आजाद हिंद फौज के संस्थापक और पूर्व अखिल भारतीय कांग्रेस अध्यक्ष सुभाषचंद्र बोस का त्याग, समर्पण और मातृभूमि के प्रति अटूट प्रेम आने वाली पीढ़ियों को सदैव राष्ट्रीय भक्ति की प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी को 'राष्ट्रपिता' का संबोधन सर्वप्रथम सुभाषचंद्र बोस ने ही दिया था, जिसे आज संपूर्ण विश्व स्वीकार करता है।जिला कांग्रेस कमेटी ने कहा कि नेताजी के जीवन से हमें त्याग, संघर्ष और देशप्रेम की अद्भुत सीख मिलती है। ऐसे महान योद्धा को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया गया।श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मनोज जायसवाल, प्रदीप केशरी, रणधीर रंजन, एजाज अहमद, सहदेव कोटवार एवं नीलम डुंगडुंग मौजूद रहे।

### दुर्गा पूजा समिति का गठन,नरेंद्र बड़ाईक बने अध्यक्ष नवमी को होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

**ठेठईटांगर।** मुख्यालय स्थित शिव मंदिर परिसर में रविवार की रात आयोजित बैठक में दुर्गा पूजा समिति ठेठईटांगर का पूर्ण गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पिंटू कुमार ने की।बैठक में सर्वसम्मति से नरेंद्र बड़ाईक को अध्यक्ष, संजय प्रसाद को सचिव तथा शैलेंद्र कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं मिथिलेश कुमार पांडे, मनोज कुमार सिंह, अनिल कुमार गुप्ता और अमित बड़ाईक उपाध्यक्ष बनाए गए। समिति के संरक्षक के रूप में प्रसन्न कुमार सिंह उर्फ पिंटू, बंसी प्रसाद, राजेंद्र बड़ाईक और रामायण पांडे को चुना गया। संयोजक की भूमिका पप्पू कुमार, संतोष कुमार सिंहा और अनिल लाल निभाएंगे।कलश स्थापना के लिए सूर्यकांत झा को पुरोहित नियुक्त किया गया है, जबकि पंडाल पूजा की जिम्मेदारी शंभू पाठक और पूनम पाठक को दी गई है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पंडाल का निर्माण उड़ीसा से आए कारीगरों द्वारा किया जाएगा। वहीं, नवमी की तिथि पर बाहर से आमंत्रित कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा।बैठक में मुकेश केसरी, सूर्यकांत झा, राहुल दास, मिथिलेश कुमार पांडे, मनोज कुमार सिंह, अमित बड़ाईक, सुभाष कुमार, रोहित कुमार, अभिषेक कुमार, सोनू बड़ाईक, जय कुमार, विकास कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### उत्तम ब्रदर्स ने जीता हुरदा फुटबॉल प्रतियोगिता का खिताब

**बानो।** प्रखंड क्षेत्र के हुरदा में सहारा क्लब के तत्वावधान में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रोमांचक अंदाज में संपन्न हुआ। निर्णायक मैच उत्तम ब्रदर्स बंबड़ी और कुदा हुडांग की टीमों के बीच खेला गया। पूरे खेल के दौरान दोनों ही टीमों ने आक्रामक प्रदर्शन करते हुए गोल करने का भरपूर प्रयास किया, लेकिन निर्धारित समय तक कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हो सकी और मुकाबला 0-0 की बराबरी पर छूटा।निर्णय के लिए टाईब्रेकर का सहारा लिया गया, जिसमें उत्तम ब्रदर्स की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5-4 से जीत दर्ज की और खिताब अपने नाम कर लिया।इससे पूर्व फाइनल मुकाबले का शुभारंभ मुख्य अतिथि जमताई मुखिया नामजान जोजो ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया था। विजेता और उपविजेता टीमों को एक-एक खस्सी पुरस्कार स्वरूप दिया गया।फाइनल मैच में रेफरी की भूमिका जुनुल कुजरी और लक्ष्मण नाग ने निभाई।

### डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम अंतरराज्यीय नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ



**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर प्रखंड मैदान में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम अंतरराज्यीय नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि शामी आलम, रावेल लकड़ा, प्रखंड प्रमुख एवं जिला प्रमुख संघ के अध्यक्ष बिपिन पंकज मिंज, विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारु तथा अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष मो. वाहिद भी मौजूद रहे।उद्घाटन मैच अलंदा फुटबॉल क्लब राजगांगपुर और उमेश ब्रदर्स राउरकेला के बीच खेला गया। निर्धारित समय तक दोनों ही टीमों ने शानदार खेल दिखाया और मुकाबला 1-1 की बराबरी पर रहा। रोमांचक स्थिति में पहुंचे मैच का निर्णय पेनाल्टी शूटआउट से हुआ, जिसमें उमेश ब्रदर्स राउरकेला ने बेहतरीन प्रदर्शन कर 5-4 से अलंदा फुटबॉल क्लब को पराजित किया और अगले चरण में प्रवेश सुनिश्चित किया।टूर्नामेंट के शुभारंभ पर मौजूद अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलों से न केवल युवाओं का सर्वांगीण विकास होता है, बल्कि आपसी भाईचारा और एकता भी मजबूत होती है।

### पोक्सो कांड के दोषी को 20 वर्ष की सजा, 30 हजार जुर्माना

**सिमडेगा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश पोक्सो, सिमडेगा की अदालत ने एक सनसनीखेज मामले में दोषी को 20 वर्ष का कठोर कारावास और 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। यह फैसला सिमडेगा पुलिस के वैज्ञानिक अनुसंधान एवं उत्कृष्ट अभियोजन कार्य के फलस्वरूप संभव हो सका।महिला थाना कांड संख्या-19/2023, दिनांक 12.08.23 के तहत अभियुक्त जिशान अंसारी, पिता स्व. शाहिद अंसारी, निवासी ईदगाह मोहल्ला, थाना सिमडेगा को दोषी पाया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक निशि कच्छप ने पैरवी की, जबकि अनुसंधान कार्य पु.अ.नि. सिकन्दर कुमार सिंह ने किया।कांड के अनुसार 11 जनवरी 2023 को अभियुक्त ने पीड़िता को बहला-फुसलाकर केलाघाघ डेम के पास सुनसान जगह पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किया, जिससे वह गर्भवती हो गई। पीड़िता की मां की शिकायत पर मामला दर्ज कर पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई की।माननीय न्यायालय ने 18 अगस्त 2025 को दोष सिद्ध होने पर कठोर दंड सुनाया।

## ओबीसी आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर 26 अगस्त को रांची राजभवन के समक्ष धरना



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के चेयरमैन अभिलाष साहू के निर्देश पर ओबीसी आरक्षण 27 प्रतिशत लागू करने तथा निजी क्षेत्र में भी आरक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में सिमडेगा जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के अध्यक्ष शिवकुमार केशरी के नेतृत्व में जिले के सैकड़ों ओबीसी परिवार आगामी 26 अगस्त 2025, सोमवार को रांची स्थित राजभवन के समक्ष आयोजित धरना कार्यक्रम में शामिल होंगे।बैठक में वक्ताओं ने कहा कि "जिसकी जितनी आबादी, उसको उतना हक" के सिद्धांत पर राहुल गांधी के संकल्पों को पूरा करते हुए पिछड़ी जातियों के हक, अधिकार और न्याय की लड़ाई अब तेज होगी। वर्षों से झारखंड में ओबीसी समाज का 27 प्रतिशत आरक्षण राजभवन स्तर पर केंद्र सरकार के दबाव में रोका गया है। धरना में यह मांग की जाएगी कि 27 प्रतिशत आरक्षण को तत्काल स्वीकृति मिले और जिलों में लंबित ओबीसी आरक्षण बहाल किया जाए, ताकि गरीब और पिछड़े वर्ग को न्याय मिल सके।बैठक में जोनसन मिंज, मनोज जायसवाल, प्रदीप केशरी, रणधीर रंजन, एजाज अहमद सहित जिले के सभी प्रखंड अध्यक्ष दीपक केशरी, बिहारी लाल साहू, कमल नाग, दीपक महतो, अरविंद यादव, अरुण जायसवाल, भागीरथी साहू, सहदेव कोटवार एवं नीलम डुंगडुंग उपस्थित रहे।

### सिमडेगा में शंख नदी बना मौत का सैलाब

## तेज धार में बहे तीन मवेशी और एक ग्रामीण, तलाश में मिला दूसरा शव

नवीन मेल संवाददाता



● एक दिन पूर्व विधायक कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे थे खोजबीन में नदी किनारे

**सिमडेगा।** पाकरटांड़ थाना क्षेत्र के डोंगाटोली स्थित शंख नदी में रविवार की शाम बड़ा हादसा हो गया। सिकरियाटांड़ सैंडीह निवासी भूषण एक्का (40 वर्ष), पिता स्व. लुईस एक्का, हल चलाने के लिए तीन मवेशी खरीदकर लौट रहे थे। कोचेडेगा डोंगाटोली से घर जाते समय वे शंख नदी पार कर रहे थे, तभी अचानक तेज बहाव में मवेशियों समेत बह गए। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण नदी किनारे पहुंचे और देर रात तक तलाश अभियान चलाया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके अलावा विधायक भी खुद घटनास्थल पर पहुंचे और काफी प्रयास किया लेकिन पता नहीं चला इसके बाद सामने उन्होंने एनडीआरएफ टीम बुलाने की बात कही थी। वही सोमवार की सुबह विधायक भूषण बाड़ा भी घटनास्थल पहुंचे और ग्रामीणों के साथ खोजबीन में शामिल हुए। परिजनों को ढांढ़स बंधाते हुए उन्होंने प्रशासन से त्वरित मदद का आश्वासन दिया। जिप सदस्य जोसिमा खाखा, उप प्रमुख सिल्बेस्टर बाघवार, प्रखंड अध्यक्ष अजीत लड़का, विधायक प्रतिनिधि लुसियन मिंज, समीर कीड़ो समेत कई जनप्रतिनिधि मौके पर उपस्थित थे।इधर, ग्रामीणों की सूचना पर उपायुक्त कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी के निर्देश पर प्रशासनिक अमला सक्रिय हो गया। उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी ,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और थाना प्रभारी पाकरटांड़ के नेतृत्व में गोताखोरों की मदद से सर्च अभियान शुरू किया गया। अथक प्रयास के बाद सोमवार को भूषण एक्का का शव सोगड़ा घोयोटोली के पास नदी से बरामद कर लिया गया।तलाशी अभियान के दौरान संयोग से कुछ दूरी पर एक और शव मिला। तलाशी में जेब से मिले आधार कार्ड और परिजनों की पुष्टि पर मृतक की पहचान संजय खेस्स, पिता अलबिनुस खेस्स, ग्राम सेवई टेनाटोली, थाना सिमडेगा के रूप में की गई। परिजनों ने बताया कि वे रविवार को लापता थे, किंतु उनके नदी में डूबने की जानकारी किसी को नहीं थी।उपायुक्त कंचन सिंह ने मृतकों के आश्रितों को आपदा राहत मद से त्वरित भुगतान करने का निर्देश अंचल अधिकारी पाकरटांड़ को दिया है। इसके अलावा सिमडेगा पुलिस अधीक्षक खुद घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों की पूरी टीम मौके पर मौजूद रही।इस हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर है।

## जामटोली मैदान में संपन्न हुई तीन दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता, गोहडोम टीम विजेता बनी

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** प्रखंड के जमटोली मैदान में तीन दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ। फाइनल मुकाबले में कटीका और गोहडोम की टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। खेल के दौरान दोनों ओर से खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन निर्णायक क्षणों में गोहडोम टीम ने एक गोल कर बढ़त बना ली और अंततः एक गोल से विजेता बनी।फाइनल मुकाबले का उद्घाटन मुख्य अतिथि झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष आलोक बरला ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सिमडेगा जिला को देशभर में हॉकी का गढ़ माना जाता है। यहाँ के खिलाड़ी खेल के माध्यम से अपना करियर बना सकते हैं और राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकते हैं।विजेता टीम को आलोक बरला ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया, वहीं उपविजेता टीम को सोय पंचायत अध्यक्ष संदीप समद ने पुरस्कार स्वरूप कृषि उपकरण प्रदान किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में खेल समिति जमटोली के अध्यक्ष सह झामुमो उपाध्यक्ष लोरेन्स बागे, सदस्य सुतुगन सुरीन समेत अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## सेंट पीटर स्कूल के पांच बच्चे सड़क हादसे में घायल, दो गंभीर को रिम्स रेफर



नवीन मेल संवाददाता

**ठेठईटांगर।** सोमवार की सुबह ठेठईटांगर प्रखंड क्षेत्र में बड़ा सड़क हादसा उस समय हुआ जब सेंट पीटर स्कूल, ठेठईटांगर जा रहे बच्चों से भरा एक ऑटो ट्रैक्टर से टकरा गया। हादसे में कुल पांच बच्चे घायल हो गए, जिनमें से तीन को गंभीर चोटें आई हैं।जानकारी के अनुसार, अंवराबहार गांव से ऑटो में बैठकर बच्चे स्कूल जा रहे थे। कुसुमबेड़ा के पास ऑटो चालक ने नियंत्रण खो दिया और सामने से आ रहे ट्रैक्टर के पिछले हिस्से में लगे मिक्सर मशीन से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो पलट गया। स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की मदद से सभी घायलों को रेफरल अस्पताल ठेठईटांगर पहुंचाया गया।घटना में विभा किड़ो (10 वर्ष), अंशिता खेस्स (6 वर्ष) और निधि किड़ो को गंभीर चोटें आई हैं। डॉक्टर नीतीश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद इन्हें बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर किया। वहीं विकास तिर्की (11 वर्ष) और अनुष्का लकड़ा (5 वर्ष) का इलाज ठेठईटांगर रेफरल अस्पताल में चल रहा है। बाद में गंभीर रूप से घायल विभा सोरेंग और निधि किड़ो को सदर अस्पताल से रिम्स रेफर किया गया।एंबुलेंस मिलने में देरी होने पर परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने 108 एंबुलेंस संचालक से बात कर नाराजगी जताई, जिसके बाद एंबुलेंस उपलब्ध कराया गया। विधायक ने घायलों को रिम्स रवाना कराने के बाद सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान पीकू वार्ड के पास कचरे का ढेर देखकर नाराज हुए और सिविल सर्जन को तुरंत अस्पताल की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया।विधायक ने कहा कि 108 एंबुलेंस सेवा को मजबूत बनाने के लिए वे इस मुद्दे को सरकार के समक्ष उठाएंगे।

## पिथरा गांव पहुंचीं पूर्व मंत्री, पीड़ित परिवार से की मुलाकात

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** सदर प्रखंड के पिथरा गांव में बीते दिनों छटन साव के पार्थिव शरीर का दाह संस्कार नहीं करने दिए जाने की घटना ने क्षेत्र में तनाव का माहौल पैदा कर दिया था। इसी मामले को लेकर रविवार को पूर्व मंत्री विमला प्रधान पीड़ित परिवार से मिलने पिथरा गांव पहुंचीं। उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर पूरी घटना की जानकारी ली और आश्वासन दिया कि समस्या के समाधान के लिए आवश्यक पहल की जाएगी। मौके पर विमला प्रधान ने कहा कि सिमडेगा जिला का वातावरण हमेशा से सौहार्दपूर्ण रहा है। यहां सभी जाति और धर्म के लोग एक-दूसरे की परंपराओं का सम्मान करते आए हैं। इस सामाजिक परंपरा और भाईचारे को बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

**हाथियों का हमला** हाथी प्रभावित गांव का दौरा कर पीड़ितों को विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने बांटी राहत सामग्री

# खेतों का लिया जायजा, किसानों को मदद का भरोसा

● स्टीफन टेटे का घर क्षतिग्रस्त, अनाज और फसलें भी बर्बाद

नवीन मेल संवाददाता





**सिमडेगा।** ठेठईटांगर प्रखंड के जोराम पंचायत अंतर्गत अंबापानी बूढ़ापहाड़ तथा राजाबासा पंचायत के कहुपानी गांव का दौरा सोमवार को कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने सोमवार को किया। इस क्षेत्र में हाथियों के हमले से कई ग्रामीण प्रभावित हुए हैं। बूढ़ापहाड़ में स्टीफन टेटे के घर को हाथियों ने पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया और घर में रखे अनाज सहित फसलों को भी नुकसान पहुंचाया।विधायक कोंगाड़ी ने मौके पर पीड़ित परिवारों को चावल, तेल आदि आवश्यक सामग्री का वितरण किया और कहा कि हाथी प्रभावित ग्रामीणों को हर संभव सहायता दी जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि हाथियों की आवाजाही की सूचना तुरंत प्रशासन को दें, ताकि समय रहते सुरक्षा की व्यवस्था की जा सके।उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लगातार प्रभावित गांवों के संपर्क में रहें और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराएं। साथ ही चेतावनी दी कि यदि सूचना के बाद भी विभाग लापरवाही करता है तो संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने भरोसा दिलाया कि प्रभावित परिवारों को सरकारी मुआवजा शीघ्र उपलब्ध कराया जाएगा।इस अवसर पर विधायक ने खेतों की क्षति का भी जायजा लिया और कहा कि किसानों की समस्या को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि मुआवजा और अन्य आवश्यक मदद दिलाने के लिए उचित कार्रवाई की जाएगी।मौके पर विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद शमी, आलम रावेल लकड़ा, मोहम्मद कारू, जॉनसन डांग, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, पंचायत अध्यक्ष सूकवन जोजो, सुनील जोजो, अनिल सुरीन, बीरबल बड़ाइक, मोहम्मद वाहिद, अजहर कुल्लू, गोसनर समद सहित कई लोग उपस्थित थे।

# तीन माह से रसोईयाधमना उपडाकघर में नहीं हो रहा है वित्तीय लेन देन, ग्रामीण परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरही।** रसोईया धमना स्थित उप डाकघर में बीते 3 महीने से वित्तीय लेन देन बंद है. जिससे आम ग्रामीण परेशान हैं. उक्त जानकारी रसोईया धमना निवासी मो मोकीम अंसारी ने दी. उन्होंने बताया कि डाकघर बंद होने के कारण पोस्ट ऑफिस बैंक से पैसे का लेन देन नहीं हो रहा है. जिसके कारण वृद्धा पेंशन, मइयां सम्मान योजना की राशि निकालने के लिए ग्रामीण महिलाएं प्रतिदिन परेशान हो रही हैं. उन्होंने यह भी बताया कि उप डाकघर के पोस्टमास्टर ग्रामीणों का पासबुक भी लेकर रखे हुए हैं. इससे ग्रामीण ज्यादा परेशान हैं. संबंधित मामले में पूछे जाने पर उक्त पोस्ट ऑफिस में कार्यरत डाकिया अनिल कुमार ने बताया कि पोस्ट मास्टर गंभीर लंबे समय से बीमार चल रहे है. इस कारण डाकघर में वह सिर्फ अकेले हैं. सुबह 10 से 11 बजे तक पोस्ट ऑफिस में रहते हैं. डाक लाने बरही उप डाकघर चले जाते हैं. डाक लाने के बाद चिट्ठियां वितरण करने क्षेत्र में जाते हैं. बीते कई दिनों से पोस्ट ऑफिस के बैंकिंग सॉफ्टवेयर में अपग्रेडेशन का काम चल रहा था. आईडी तथा पासवर्ड भी उन्हे नही मिला था. इस कारण वित्तीय लेन देन बंद थे. संबधित मामले में डाक निरीक्षक से बात करने का प्रयास किया गया, परंतु संपर्क नही होने के कारण कारणों का पता नही चल सका है. पोस्ट ऑफिस बंद रहने को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है. स्थानीय निवासी जीतन साव, मुस्लिम अंसारी, टेकलाल साव, मो मुबारक, उस्मान मियां, मो इदरीश अंसारी इत्यादि ने डाक अधीक्षक हजारीबाग से उप डाकघर रसोईया धमना शीघ्र नियमित संचालित करवाने की मांग किया है.

## झारखंड के कोडरमा घाटी में यात्रियों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त बाल-बाल बचे लोग

**कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र स्थित कोडरमा घाटी के बंदरचुआं के समीप सोमवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दौरान उसमें बैठे यात्री बाल-बाल बच गए। मिली जानकारी के अनुसार श्री लक्ष्मी नामक एक यात्री बस (डब्लू बी 79 ए 8266) कोलकाता से नवादा होते बिहार शरीफ जा रही थी। इसी दौरान कोडरमा घाटी में किसी अज्ञात वाहन से उसकी टक्कर हो गई। इससे बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि गनीमत रही कि बस चालक व बस में बैठे यात्रियों को किसी भी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ। इधर घटना की सूचना मिलते ही कोडरमा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जाम से बचाने के लिए बस को सड़क किनारे लगवाया।

# सेक्टर 8 का जर्जर पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से रूट डायवर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

- **अचानक उस जर्जर पुल के बीच में ही क्षतिग्रस्त होने के बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बांस के सहारे बंद कर दिया गया है। लोगों को अब सेक्टर 4 जाना पड़ेगा**

**बोकारो।** सेक्टर 8 का जर्जर पुलिया के टूट जाने से छठव्रति उस रास्ते से जाने को लेकर चिंतित हैं। क्योंकि उस पुल के माध्यम से सेक्टर 8 से सेक्टर 4 व सेक्टर 6 जाने का एकमात्र रास्ता है। जबकि अन्य रास्ता थोड़ी दूर हो जाने से लोग इसी पुल की सहायता से कम समय में सेक्टर 4 एफ होते हुए सेक्टर 6 तक जा पाते थे। लेकिन अचानक उस जर्जर पुल के बीच में ही क्षतिग्रस्त होने के बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बांस के सहारे बंद कर दिया गया है। लोगों को अब सेक्टर 4 एफ सूर्य सरोवर छठ घाट जाने के लिए सेक्टर 11 या काली बाड़ी मोड़ होते हुए जाना पड़ेगा। सेक्टर 8 के इस पुल के माध्यम से बीआईएसएस 8 बी स्कूल के छात्र-छात्राएं समेत उनके अभिभावक भी इसी के सहारे कम समय में स्कूल पहुंचते। इस जर्जर पुलिया के टूट जाने के बाद अब छठ व्रत करने वाले परिवार के लोग व स्वयंसेवी संस्था की ओर से इस टूटे हुए पुल को मरम्मत कर आने जाने के लिए रास्ता बनाने की तैयारी कर रहे हैं। जिससे अगर रविवार तक पुलिया का मरम्मत कर दिया जाता है तो अब छठव्रति उसी पुल से सेक्टर 4 एफ सूर्य सरोवर छठ घाट तक आसानी से आ जा सकेंगे।

## न्यूज बॉक्स

### सीआरपीएफ जवान दिलीप पासवान का निधन



**लोदना।** लोदना के रहने वाले सीआरपीएफ 64 बटालियन के जवान दिलीप पासवान पिछले 11 अगस्त को बलियापुर के आमझर में अज्ञात वाहन के चपेट में आने से गम्भीर रूप से घायल हो गया था। जिसका इलाज असर्फी अस्पताल धनबाद में चल रहा था। इलाज के दौरान मौत हो गई। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को सीआरपीएफ के अधिकारी के देखरेख में उसके निवास लोदना लाया गया। जहां से हजारों की भीड़ नारों के साथ मोहलबनी घाट ले गया। जहां जवान को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उड़ीसा में 64 बटालियन में तैनात थे। रक्षाबंधन में छुट्टी आए थे

### कपुरिया में झारखंड आंदोलनकारी मंशु प्रसाद महतो की जयंती मनाई गई

**धनबाद।** कपुरिया चौक के समीप स्थित झारखंड आंदोलन के सक्रिय झामुमो नेता मंशु प्रसाद महतो के प्रतिमा स्थल पर सोमवार को उनकी 78 वीं जयंती समारोह पूर्वक मनायी गयी। समारोह में समाज के प्रबुद्ध लोगो एवं समाजसेवियो ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर लोगो ने उनके संघर्ष एवं योगदानों को याद किया। लोगो ने कहा कि शिक्षक की नौकरी छोड़ वे झारखंड आंदोलन में कूद पड़े थे तथा अलग राज्य बनाने के आंदोलन मैं सक्रिय भुमिका निभाई। वे शोषित,पीडित,मजदूर एवं किसानो के लिए आवाज उठाने में हमेशा आगे रहे। वे झामुमो के टिकट पर बाघमारा विधान सभा का चुनाव भी लड़ा था। लेकिन उसमें उनको सफलता नहीं मिली थी। समारोह में मुखिया प्रतिनिधि दिनेश कुमार महतो, सोहराय महतो,बहादुर महतो,ठाकुर प्रसाद महतो,तिलकेश्वर महतो,गणेश महतो, हराधन महतो,किष्टो उरांव,फूलचंद महतो,पवन महतो(पुत्र),समति के अध्यक्ष सदानंद महतो, समति के सचिव सुरेश कुमार रजक,समिति के कोषाध्यक्ष संतोष गोप,राकेश महतो, सुधाकर महतो,हाजर महतो,सुनील,मनोज एवं परिवार के लोग उपस्थित थे।

### कोलफील्ड बीसीसीएल एरिया में दरकी जमीन, मकान ध्वस्त, कई घरों में दरारें



**धनबाद।** धनबाद के कोल फिल्ड एरिया में एक बड़ा हादसा सामने आया है। एक अधिकारी ने बताया कि जिला मुख्यालय से लगभग 19 किलोमीटर दूर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) क्षेत्र में सोमवार को जमीन धंसने की घटना के बाद एक मकान जमींदोज हो गया जबकि एक दर्जन अन्य घरों में दरारें आ गईं। यह घटना सोमवार तड़के जोगता थाना क्षेत्र में हुई। प्रभावित परिवार को दूसरी जगह ले जाया गया है। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सोमवार को तड़के जोगता थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीसीसीएल के मोदीडीह कोलियरी क्षेत्र में न्यू श्याम बाजार के पास शबरी बस्ती में हुई। धंसाव यानी जमीन दरकने की घटना सुबह तीन से चार बजे के बीच हुई। इस वजह से एक आवासीय संरचना पूरी तरह ध्वस्त हो गई जबकि लगभग एक दर्जन अन्य घरों में दरारें पड़ गईं। स्थानीय लोगों ने बताया बताया कि अरुण रजक नामक शख्स का घर उस समय ढह गया जब परिवार सो रहा था। किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। रजक के घर की छत और दीवारें गिरने से पहले तेज आवाज से उनकी नींद खुल गई। मोदीडीह कोलियरी के परियोजना अधिकारी गोपालजी ने बताया कि प्रभावित परिवार को अस्थायी रूप से मोदीडीह सामुदायिक भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है।

# 155 किलो गांजा के साथ दो व्यक्ति को किया गिरफ्तार



**बोकारो।** पुलिस ने नशा के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 155 किलो गांजा के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिनमें सुभाष कुमार और सोनू राय शामिल है। एसपी हरविंदर सिंह ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि अभियान में बोकारो पुलिस ने भारी मात्रा में गांजा और अवैध शराब बरामद किए हैं। बरामद किए गए नशीले पदार्थों की बाजार में कीमत 25 से 30 लाख रुपए बताई जा रही है।

## टुंडी के पोखरिया आश्रम में शिबू सोरेन को दी गई श्रद्धांजलि

# शामिल हुए स्पीकर व मंत्री योगेंद्र प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** टुंडी के पोखरिया आश्रम में दिशोम गुरु शिबू सोरेन की यादें बसती हैं.70 के दशक में गुरुजी ने अपने आंदोलन की शुरुआत इसी आश्रम से की थी. गुरुजी ने एक लंबा समय पोखरिया आश्रम में बिताया था. गुरुजी की याद में सोमवार को टुंडी के पोखरिया में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें विधानसभा स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो, पेयजल एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो समेत पार्टी के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए. कार्यक्रम के दौरान स्पीकर और मंत्री समेत कई नेताओं ने गुरुजी को श्रद्धांजलि दी. स्पीकर और मंत्री के द्वारा पोखरिया आश्रम में निर्मित नई बिल्डिंग का फीता काटकर उद्घाटन किया. आश्रम में लगी गुरुजी की प्रतिमा का अनावरण भी किया गया. सचेतक सह टुंडी विधायक मथुरा महतो और टुंडी प्रखंड कमेटी की ओर से श्राद्ध कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस मौके पर झारखंड विधानसभा के स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो ने गुरुजी के साथ रहे लोगों से मुलाकात की. साथ ही उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया.आश्रम में स्पीकर और मंत्री ने पौधरोपण भी किया. मीडिया से बातचीत के दौरान मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने कहा कि गुरुजी के निधन पर पूरा देश मर्माहत है. पोखरिया आश्रम में गुरुजी ने वर्षों गुजारे हैं. उन्होंने इस स्थान से राजनीतिक, सामाजिक और झारखंड आंदोलन की लड़ाई लड़ी थी. लोगों को संगठित करने का काम उन्होंने किया था. मंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक स्थान को बेहतर तरीके से विकसित करने का काम करेंगे. पोखरिया आश्रम को सजाने और संवारने का काम किया जाएगा. जो लोग गुरुजी के साथ जुड़े रहे उनके लिए भी विशेष पहल की जाएगी. चरणबद्ध तरीके से पोखरिया आश्रम और इस इलाके का विकास किया।



## देवघर में महिला सशक्तिकरण में है कई अड़चन

# कागजों में सिमटकर रह गया आधी आबादी का विकास मॉडल

**नवीन मेल संवाददाता**



**देवघर।** झारखंड में महिलाओं के विकास और उन्हें एक बेहतर प्लेटफार्म देने के लिए राज्य सरकार की ओर से कई प्रयास किए जा रहे हैं. मौजूदा सरकार पहली बार राज्य की महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के तहत प्रति माह ढाई हजार रूपये दे रही है. ताकि महिलाओं को छोटे-मोटे काम के लिए किसी के सामने पैसे नहीं मांगने पड़े. कई जिलों में महिलाएं आज भी निम्न स्तर और बेरोजगारी से जूझ रही है. विशेष कर संथाल क्षेत्र में, जिसमें देवघर, गोड्डा, जामताड़ा, दुमका जैसे जिलों में महिलाएं समाज के सबसे पिछली पंक्ति में खड़ी हैं. यदि हम देवघर जिले की बात करें तो कई ग्रामीण इलाकों में गरीबी की वजह से महिलाएं 60 से 70 रुपए प्रति दिन पर बीड़ी बनाने का काम कर अपना गुजारा कर रही हैं. महिलाओं ने बताया कि उन जैसी कई महिलाएं हैं जिन्हें विधवा पेंशन योजना का लाभ मिल रहा है. जिस कारण उन्हें मात्र एक हजार रूपये मिल रहा है. विधवा पेंशन की राशि लेने के कारण मंईयां सम्मान योजना की राशि उन्हें नहीं मिल रही है. इसीलिए ऐसी महिलाएं जीविका चलाने के लिए छोटा मोटा काम करने को मजबूर हैं.ऐसे मामले सिर्फ देवघर जिले के ग्रामीण इलाकों तक सीमित नहीं है. शहरी क्षेत्र की महिलाएं भी यही कहानी बयां करती हैं. यदि सरकारी स्तर पर उन्हें संसाधन मुहैया कराई जाए तो वह घरों से निकलकर अपने पैरों पर खड़ा होने की माद्दा रखती हैं. युवा कारोबारी टीनी कुमारी बताती हैं कि आज भी महिलाओं को यह लगता है कि देवघर जैसे जिलों में वह सुरक्षित रहकर कारोबार नहीं कर सकती. इसलिए सबसे पहले सरकार को जिले में बेहतर सुरक्षा व्यवस्था मुकम्मल करवानी होगी. तभी महिलाएं बेखौफ कारोबार में आगे आ पाएंगी. देवघर जिले में महिला सशक्तिकरण के लिए काम कर रही सामाजिक कार्यकर्ता आरती शर्मा बताती हैं कि उनके द्वारा समय-समय पर सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन कर हुनरमंद महिलाओं को बाजार देने की कोशिश की जाती है. यदि महिलाएं अपने हुनर से कोई अच्छा समान या प्रोडक्ट्स बनाती हैं तो उनके सामान को लोगों के बीच तक पहुंचाने का काम उनकी संस्था करती है. ग्रामीण एवं सुदूर क्षेत्रों की महिलाएं, संसाधनों के अभाव में खुद को कोसती नजर आ रही हैं.

## नगर परिषद के कोठार में भव्य मनसा पूजा का आयोजन

# माता मनसा की अराधना से खुशहाली आती है : मनोज



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के कोठार स्थित मडय टोला मंदिर में रविवार की रात्रि भव्य मनसा पूजा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आजसू के केंद्रीय सचिव सह निवर्तमान नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए. मुख्य अतिथि के आगमन पर आयोजन समिति ने उनका बुके प्रदान कर स्वागत किया. इसके उपरांत पुरोहित द्वारा उपस्थित श्रद्धालुओं के हांथो विधि पूर्वक माता मनसा की पूजा संपन्न करवाई गई. इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया. मौके पर मुख्य अतिथि मनोज कुमार महतो ने कहा की माता मनसा की अपने श्रद्धालुओं पर काफी कृपा रहती है। कहा की जो भी श्रद्धालु माता मनसा की विधि पूर्वक पूजा अर्चना करते हैं माता उनके जीवन के हर मोड़ पर मदद करती हैं। साथ ही माता के आशीर्वाद से श्रद्धालु हमेशा खुशहाल रहते हैं। कहा की हमारे पूर्वज हजारों वर्ष पूर्व से माता मनसा की पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। क्योंकि माता का आशीर्वाद उन्हें हमेशा मिलता था। उन्होंने मनसा पूजा आयोजन समिति द्वारा माता के भव्य पूजा आयोजन की सराहना की और कहा की ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन से जहां भक्ति की भावना का प्रसार होता है वहीं, लोगों को एक दूसरे के विचारों को समझने का अवसर मिलता है।

## दुर्गापूजा के सफल संचालन को लेकर बनी रणनीति

**सतगावां।** सतगावां प्रखंड के समलडीह, बरियारडीह और बासोडीह में दुर्गा पूजा के सफल संचालन को लेकर रविवार को मंदिर परिसर में पूजा समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सुनील यादव ने की, जबकि संचालन महेंद्र यादव ने किया। बैठक में पूजा आयोजन के लिए आवश्यक धन संग्रह, व्यवस्थाओं और जिम्मेदारियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। समिति के अध्यक्ष ने कहा कि इस बार दुर्गा पूजा के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। इसकी रूपरेखा अगली बैठक में तय की जाएगी।

# तीन दिन बोकारो तक चलेगी झाड़ग्राम-धनबाद मेमू ट्रेन

**जमशेदपुर।** झाड़ग्राम-धनबाद मेमू ट्रेन की परिचालन दूरी में 18, 22 और 24 अगस्त को कटौती होगी। ट्रेन मार्ग के विभिन्न रेलखंड में लाइन ब्लॉक के कारण दक्षिण पूर्व जोन से यह आदेश हुआ है। इससे ट्रेन धनबाद न जाकर बोकारो स्टेशन से अप-डाउन करेगी। वहीं, बक्सर एक्सप्रेस 24 अगस्त को डेढ़ घंटे लेट टाटानगर पहुंचेगी। टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस का मार्ग 22 अगस्त को बदलेगा। टाटानगर-आसनसोल मेमू पैसेंजर 19 अगस्त को आद्रा तक चलेगी। चक्रधरपुर मंडल में लोटापहाड़ स्टेशन के पास लाइन ब्लॉक से टाटानगर-राउरकेला मेमू 19 व 23 अगस्त और टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस 19, संतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस 23 व 25 अगस्त, हावड़ा-मुंबई की दो ट्रेनें 22 व 24 अगस्त, उदयपुर-शालीमार एक्सप्रेस 23 व 24 अगस्त, पोरबंदर-शालीमार एक्सप्रेस 27 व 29 अगस्त और शालीमार-मुंबई एक्सप्रेस 23, 25, 26, 27 व 28 अगस्त को रद्द रहेगी।

## अग्रवाल सम्मेलन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बने उमेश शाह

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने काशीडीह स्थित चन्द्रबली उद्यान निवासी उमेश शाह को सम्मेलन का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष और मानगो पुरुलिया रोड निवासी विजय खेमका को झारखंड प्रदेश का महामंत्री मनोनीत किया है। वहीं, रांची के प्रभाकर अग्रवाल को प्रदेश चेयरमैन बनाया गया है। अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गोयल ने तीनों नवमनोनीत प्रदेश पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र भेज दिया है। यह जानकारी रविवार को नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष उमेश शाह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने कहा कि नई टीम नई ऊर्जा और नए लक्ष्यों के साथ समाज के सभी लोगों के सहयोग से संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाएगी।

# पुलिस की छपामारी दल ने छह नाबालिगों को निरुद्ध किया

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** हजारीबाग-बगोदर मुख्य पथ स्थित सिलवार पहाड़ी के पास वादी गो० जिशान पिता गो० रहीम सा० हुटपा थाना मुफ्फसिल जिला हजारीबाग से पाँच-छः अपराधियों द्वारा चाकू दिखाकर 4,600/- नगद एवं 5,500/- ऑनलाइन ट्रांसफर (कुल 10,100/-) की डकैती की गई थी। इस संबंध में मुफ्फसिल थाना कांड संख्या-140/25 विगत रविवार को धारा-310(2) बी०एन०एस० दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग के निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर हजारीबाग के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन कर त्वरित कार्रवाई की गई। स्थानीय गुप्तचर एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर कांड प्रतिवेदित होने के मात्र 12 घंटे के अंदर कांड का उद्भेदन करते हुए कुल 06 नाबालिग अभियुक्तों को निरूद्ध किया गया। पुछताछ में अभियुक्तों ने अपराध स्वीकार किया है।

**सामान बरामद :** घटना में प्रयुक्त चाकू, 1,100/- नगद,, वादी के पैसे ट्रांसफर के लिए प्रयुक्त मोबाइल – 02 अदद, अन्य मोबाइल – 02 अदद शामिल हैं।

**निरूद्ध अभियुक्त :** छः (06) नाबालिग – (कानूनी प्रावधानों के कारण नाम व पता प्रकाशित नहीं किया जा सकता)।

**छापामारी दल :** अमित आनंद (भापु. से.), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर हजारीबाग, पुअनि कुणाल किशोर, थाना प्रभारी, मुफ्फसिल थाना हजारीबाग, पुअनि. प्रकाश होरो, मुफ्फसिल थाना हजारीबाग, स०अ०नि० साकेश सिंह, मुफ्फसिल थाना हजारीबाग, आ/393 राकेश कुमार, थाना रिजर्व गार्ड, मुफ्फसिल थाना, आ/688 सुमित सिंह, थाना रिजर्व गार्ड, मुफ्फसिल थाना आदि शामिल हैं।

हजारीबाग पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि अपराधियों पर शीघ्र कार्रवाई की जा सके।

## सड़क किनारे लगे पेड़ दे रहे घटना को अमंत्रण

**देवघर।** बारिश का मौसम आते ही सड़कों पर वैसे पौधे उपजने लगते हैं जो जंगली पौधों के रूप में देखे जाते हैं. यह पौधे बारिश का मौसम आते ही अधिक बढ़ने लगते हैं. ऐसे पौधे और झाड़ियां कई बार सड़कों पर हादसे का कारण बनती हैं. इन दिनों देवघर से सारठ और पालाजोड़ी होते हुए जामताड़ा जाने वाले रास्ते में भी इसी तरह की झाड़ियां हो गई हैं, जिसकी वजह से तीव्र मोड़ पर लोगों को रास्ता नहीं दिख रहा है. देवघर से सारठ और जामताड़ा जाने वाले यात्री बताते हैं कि सड़क किनारे लगे पेड़ की वजह से जहां तीव्र मोड़ है, वहां पर वाहन चलाने के दौरान कुछ भी दिखाई नहीं देता है. जिस वजह से कई बार लोग सड़क हादसे का शिकार हो जाते हैं. बारिश की वजह से सड़क किनारे अत्यधिक झाड़ी उगने के कारण पिछले एक महीने में एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल भी हो गए हैं.


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय रामगढ़

Email:- sp-ramgarh@jhpolice.gov.in

**आवश्यक सूचना**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

उपरोक्त रजरप्पा थाना काण्ड सं0 26/2025, दि0–03.02.2025 धारा–140(1)/103(1)238/3(5) बी0 एन0 एस0के फरार अप्राथमिकी अभियुक्त सोहन केवट पिता–अशोक केवट,सा0–भुचंगडीह केवट टोला, थाना–रजरप्पा जिला–रामगढ़ का द0प्र0सं0 की धारा–82 के अंतर्गत माननीय न्यायलय द्वारा इश्तेहार निर्गत किया गया है।

**Court of S.D.J.M., Ramgarh**

Schedule XLIII-High Court (M) 31C, [Old Criminal Process No.4]

PROCLAMATION REQUIEING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED

[Form No.4 Schedule II Act 2 1974]

(Section 82 of the Code of Criminal Procedure)

एक महत्तम शख्स को हाजिर करने का इश्तिहार।

(दफा 82 मजमअए जबाबिते फौजदारी)

**Rajrappa P.S. Case no-26/2025**

(1) नाम व शिल पता– चूंकि मेरे पास नालिश की गयी है

(1) **Sohan Kewat**
पे0–**S/O Ashok Kewat**
सा0–**Bhuchungdih Kewat Tola,**
थाना–**Rajrappa,** जिला–**Ramgarh, Jharkhand**

(2) किया है या करने का उस पर शुवहा है।

जो व–मुजिब दफा मजमूअए ताबीरात हिन्द

के सजा के लायक है (2) धारा– 140(1)/103(1)/238/3(5) **B.N.S.**
और व–तामील वारंट गिरफतारी जो बाद अर्जा जारी हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि (3)
**Sohan Kewat**
**Bhuchungdih Kewat Tola,** थाना– **Rajrappa,**
जिला– **Ramgarh, Jharkhand**

(4) फरार हुआ है या रूपोश है

शुवहा है
ताके वारंट मजकुर उसपर जारी न हो सके।

पाये नहीं जाते हैं और चूंकि व–तशफ्फी हमारे साबित किया गया है कि (3) **Sohan Kewat** जब
**Bhuchungdih Kewat Tola,** थाना–**Rajrappa,**
जिला– **Ramgarh, Jharkhand**

(4) मोकाम–

(4) मजकुर इसलिए
बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि
मजकुर साकिन,
ब–मोकाम (5)

(6) इस अदालत व रूबरू मेरे।

अ–हजुर (6)
ब–तारीख 15 माह **September** सन 2025
को जवाबदेही के लिये हाजिर हो

नालिश–मजकुर

आज तारीख 29 माह **July** सन 2025

हर्शित तिवारी, 29.07.25
अनु0न्या0दण्डा0,रामगढ़।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि फरार अप्राथमिकी अभियुक्त सोहन केवट कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रामगढ़/**Court of S.D.J.M., Ramgarh** न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर समपर्क कर इसकी जानकारी दें।

पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, रामगढ़– 9631076114
प्रभारी, रजरप्पा थाना– 9631077069
काण्ड के अ0क0 पु0अ0नि0 निरंजन कुमार सिंह– 8969201392

PR 359738 Police (25-26)_D

पुलिस अधीक्षक
रामगढ़

सुप्रभात

विचार प्रवाह

"ईश्वर को प्यार करने वाला भक्त किसी जाति का नहीं हो सकता है। क्योंकि भगवान किसी धर्म-जाति में विश्वास नहीं रखते, भगवान को केवल सच्चे मन से याद करना चाहिए।"- **स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी**

## संपादकीय

# महाशक्ति चीन या बेरोजगारी का केंद्र?

विश्व को साम्राज्य बनाने के लक्ष्य पर चल रहे चीन ने शोध और स्पष्ट नीतियों से अमेरिका को चुनौती दी है पर वहां के युवा संतुष्ट नहीं। चीन में बढ़ती बेरोजगारी के बीच ऐसी कंपनियां बढ़ी हैं, जो कि युवाओं को नौकरी पर जाने का दिखावा करने के लिए प्रस्ताव दे रही हैं। यह ट्रेंड इस कदर बढ़ चुका है कि इसका नाम ही 'प्रिटेन्ड टू वर्क' (काम का दिखावा) सेवा पड़ चुका है। इस तरह की सेवाएं मुहैया करा रही कंपनियों की संख्या तेजी से बढ़ी है और बेरोजगार युवा हर दिन 30 से 50 युआन (करीब 350 से 600 रुपए) तक चुका कर इन कंपनियों में नौकरी का दिखावा करने जा रहे हैं। कंपनियां बेरोजगार लोगों को अपनी अलग डेस्क, वाई-फाई कनेक्शन, कंप्यूटर, मीटिंग रूम, नाश्ता और नौकरी जैसा माहौल मुहैया कराती हैं। बदले में इन कंपनियों में जाने वाले लोग इन्हें प्रतिदिन फीस देते हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ कंपनियां लंच और डिनर भी मुहैया कराती हैं। कंपनियों में नौकरियों का दिखावा करने वाले लोग आमतौर पर काम पर जाने जैसा माहौल महसूस कर सकते हैं। इसके चलते वे अपनी टीम बनाकर फ्रीलांस काम में जुटते हैं। ये लोग खुद ही अपनी भूमिका भी चुन लेते हैं। कम अनुभव वाले लोग साधारण कर्मचारी, ज्यादा अनुभव वाले मैनेजर या बॉस। ज्यादातर युवा इन कंपनियों में जाकर अपने लिए असली नौकरी खोजने के काम में भी जुटते हैं। इसके अलावा वे यहां नौकरी के हिसाब से नया कौशल सीखने के लिए या फिर अपना स्टार्टअप बिजनेस शुरू करने की भी योजना तैयार करते हैं। कई लोग यहां अन्य बेरोजगार युवाओं के साथ टीम में भी काम करते हैं। युवाओं का चीन में जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था धीमी पड़ती जा रही है, वैसे ही यहां बेरोजगारी का संकट काफी बढ़ चुका है। अधिकतर युवा कॉलेज के बाद अपने कौशल के हिसाब से नौकरी पाने में असफल हो रहे हैं। ऐसे में उनके सामने सही नौकरी मिलने तक घर पर ही खाली बैठने का संकट पैदा हुआ है। ज्यादातर युवा इस स्थिति से खुश नहीं हैं। चीन की स्थानीय मीडिया के मुताबिक, लोगों का कहना है कि वे अपने घर तक में बेरोजगारी की बात नहीं बताना चाहते, ताकि लोग उनके बारे में राय न कायम कर लें। वहीं, कुछ और लोगों का कहना है कि वे परिवार, रिश्तेदारों और समाज के सामने खुद को व्यस्त दिखाना चाहते हैं। इसलिए वे नौकरी पर जाने का दिखावा करके ही खुद को बचाने की कोशिश में हैं। शुई झू नाम के एक युवा, जिसका बिजनेस वेंचर पिछले साल ही असफल हो गया था, वह हर दिन दोंगुआन में एक प्रिटेंड टू वर्क कंपनी में 30 युआन खर्च कर जाते हैं। शुई के मुताबिक, उनके पांच और साथी वहीं काम करते हैं। कुछ और लोगों का कहना है कि साथ काम करने से उन्हें यह अहसास नहीं होता कि वे बेरोजगार हैं या किसी काम के नहीं हैं। युवाओं को 'काम का दिखावा' करने की सेवा मुहैया कराने वाली एक कंपनी के प्रमुख फेयू (बदला हुआ नाम) ने बताया कि उनकी कंपनी सिर्फ काम की जगह नहीं देती, बल्कि लोगों को यह अहसास दिलाती है कि वे निठल्ले नहीं हैं और समाज में सम्मान पाने के हकदार हैं। फेयू का कहना है कि कोरोनावायरस महामारी जब चीन में चरम पर थी, तब उन्हें खुद अपनी नौकरी गंवाकर घर बैठना पड़ा। इसलिए उन्होंने प्रिटेंड टू वर्क कंपनी की स्थापना की। फेयू का कहना है कि उनके यहां काम का दिखावा करने आने वाले 40 फीसदी उपभोक्ता हालिया ग्रैजुएट हैं। कई लोग अपने परिवार के दबाव में काम का दिखावा करने आते हैं। इसके अलावा 60 फीसदी लोग फ्रीलांसर हैं, जो कि बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियों और साइबरस्पेस कर्मियों के लिए प्रोजेक्ट संभालते हैं।

*चीन में बढ़ती बेरोजगारी के बीच ऐसी कंपनियां बढ़ी हैं, जो कि युवाओं को नौकरी पर जाने का दिखावा करने के लिए प्रस्ताव दे रही हैं।*

19 अगस्त : विश्व फोटोग्राफी दिवस पर विशेष

# सिर्फ तस्वीर नहीं, इतिहास का आईना भी है फोटोग्राफी



फोटोग्राफी समय को एक फ्रेम में कैद करने की जादुई कला है। यह वह लेंस है जो न केवल दृश्यों को, बल्कि भावनाओं, संस्कृतियों और मानवता के अनकहे किस्सों को अमर बनाता है। 19 अगस्त को मनाया जाने वाला विश्व फोटोग्राफी दिवस केवल कैमरे की तकनीक का उत्सव नहीं, बल्कि उस नजरिए का सम्मान है जो दुनिया को नए रंगों और गहराइयों में देखता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि एक तस्वीर न सिर्फ आँखों के लिए एक दृश्य है, बल्कि वह एक कहानी, एक विचार और एक युग का दस्तावेज भी है।

फोटोग्राफी का इतिहास 19वीं सदी की प्रयोगशालाओं में शुरू हुआ, जब जोसेफ निसेफोर निएप्स ने 1826 में पहली स्थायी तस्वीर खींची, जिसे "व्यू फ्रॉम द विंडो एट ले ग्रास" कहा गया। यह धुंधली तस्वीर, जो आठ घंटे की रोशनी के संपर्क में रहकर बनी, ने मानव इतिहास में एक नया अध्याय खोला। इसके बाद, 1839 में लुई दागेरे की दागेरेओटाइप प्रक्रिया ने फोटोग्राफी को और सुलभ बनाया। उसी वर्ष फ्रांस सरकार ने इसे दुनिया के लिए मुफ्त घोषित किया, जिसकी स्मृति में 19 अगस्त को विश्व फोटोग्राफी दिवस मनाया जाता है। यह एक ऐसी खोज थी जिसने न केवल कला, बल्कि विज्ञान, पत्रकारिता और सामाजिक बदलाव को नया आयाम दिया।

फोटोग्राफी ने इतिहास को जीवंत दस्तावेज में बदल दिया। 1857 के भारतीय विद्रोह की तस्वीरें हों या 1969 में चंद्रमा पर नील आर्मस्ट्रांग के पहले कदम की छवि, इन तस्वीरों ने समय की धारा को रोका और हमें अतीत को महसूस करने का मौका दिया। विश्व फोटोग्राफी दिवस हमें यह भी याद दिलाता है कि फोटोग्राफी ने युद्धों, क्रांतियों और सामाजिक आंदोलनों को न केवल रिकॉर्ड किया, बल्कि उन्हें दुनिया तक पहुँचाकर बदलाव की प्रेरणा भी दी। उदाहरण के लिए, 1972 में वियतनाम युद्ध की उस तस्वीर ने, जिसमें एक नन्ही बच्ची नापाम बम के हमले से भागती दिख रही थी, पूरी दुनिया में युद्ध-विरोधी भावनाएँ भड़काईं। यह तस्वीर, जिसे निक उत ने खींचा था, आज भी फोटोग्राफी की सामाजिक शक्ति का प्रतीक है।

आज फोटोग्राफी आम आदमी की जेब तक पहुँच चुकी है। स्मार्टफोन के कैमरों ने हर व्यक्ति को फोटोग्राफर बना दिया है। 2023 तक, वैश्विक स्तर पर प्रतिदिन 1.8 अरब से अधिक तस्वीरें खींची जा रही थीं, जिनमें से 80% से ज्यादा स्मार्टफोन के जरिए। यह लोकतांत्रिक क्रांति फोटोग्राफी को पहले से कहीं अधिक समावेशी बनाती है। अब कोई भी व्यक्ति, चाहे वह किसी दूरदराज के गाँव में हो या महानगर में, अपनी कहानी को दुनिया तक पहुँचा सकता है। भारत में, जहाँ 1.4 अरब लोग रहते हैं, स्मार्टफोन की पहुँच ने ग्रामीण फोटोग्राफरों को भी सामने लाया है, जो अपनी तस्वीरों के जरिए स्थानीय संस्कृति, पर्यावरण और सामाजिक मुद्दों को उजागर कर रहे हैं।

हालाँकि, डिजिटल युग ने फोटोग्राफी को नई चुनौतियाँ भी दी हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और फोटो एडिटिंग सॉफ्टवेयर ने तस्वीरों की प्रामाणिकता पर सवाल उठाए हैं। 2024 में, एक सर्वेक्षण में पाया गया कि 62% लोग ऑनलाइन देखी गई तस्वीरों पर पूरी तरह भरोसा नहीं करते। यह फोटोग्राफरों के लिए एक नैतिक जिम्मेदारी लाता है कि वे सत्य को विकृत न करें। विश्व फोटोग्राफी दिवस इस बात पर जोर देता है कि फोटोग्राफी की शक्ति तभी सार्थक है, जब वह ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ प्रस्तुत हो।

फोटोग्राफी का एक अनोखा पहलू इसकी वैश्विक भाषा है। यह वह माध्यम है जो बिना शब्दों के भावनाओं को व्यक्त करता है। चाहे वह अफ्रीका के सूखे से प्रभावित बच्चे की आँखों में छिपा दर्द हो, या हिमालय की बर्फीली चोटियों का सौंदर्य, ये तस्वीरें हर दिल तक पहुँचती हैं। 2023 में, नेशनल जियोग्राफिक की एक तस्वीर, जिसमें एक ध्रुवीय भालू पिघलते ग्लेशियर पर बैठा था, ने जलवायु परिवर्तन पर वैश्विक चर्चा को नई दिशा दी। यह तस्वीर न केवल सुंदर थी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की तात्कालिकता को भी रेखांकित करती थी।

फोटोग्राफी कला का एक ऐसा रूप है जो रचनात्मकता को असीमित आकाश देता है। लाइट, शैडो, और कोणों का खेल किसी तस्वीर को सामान्य से असाधारण बना देता है। भारत में, रघु राय जैसे फोटोग्राफरों ने अपनी तस्वीरों के जरिए देश की आत्मा को कैद किया। उनकी 1984 की भोपाल गैस त्रासदी की तस्वीरें आज भी मानवता को झकझोर देती हैं। वहीं, सोशल मीडिया के युग में इंस्टाग्राम और पिनटेरेस्ट जैसे प्लेटफॉर्म ने युवा फोटोग्राफरों को अपनी कला को दुनिया तक पहुँचाने का मौका दिया है। 2024 में, भारत में 50 लाख से अधिक लोग फोटोग्राफी को अपने पेशे या शौक के रूप में अपना चुके हैं, जो इसकी बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है।

फोटोग्राफी सामाजिक बदलाव का भी एक शक्तिशाली हथियार है। हाल के वर्षों में, भारत में किसान आंदोलन (2020-21) की तस्वीरों ने दुनिया का ध्यान खींचा, जिससे सरकार और समाज को उनकी माँगों पर विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ा। इसी तरह, जलवायु परिवर्तन, लैंगिक समानता और मानवाधिकार जैसे मुद्दों पर तस्वीरें जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। विश्व फोटोग्राफी दिवस हमें यह सिखाता है कि कैमरा केवल सौंदर्य को कैद करने का साधन नहीं, बल्कि समाज को आलोड़ित करने और बेहतर बनाने का औजार भी है।

विश्व फोटोग्राफी दिवस हमें उस शक्ति की याद दिलाता है जो एक साधारण क्लिक में छिपी है। यह हमें सिखाता है कि फोटोग्राफी केवल तकनीक या कला नहीं, बल्कि मानवता का दर्पण है। यह हमें अपने आसपास की दुनिया को नए सिरे से देखने, उसकी सुंदरता को सहेजने और उसके दर्द को समझने की प्रेरणा देता है। हर तस्वीर एक कहानी है, और हर कहानी के पीछे एक फोटोग्राफर की नजर है जो दुनिया को बदल सकती है। इस 19 अगस्त को, जब हम कैमरे के लेंस से दुनिया को देखें, तो यह संकल्प लें कि हमारी तस्वीरें न केवल सुंदर होंगी, बल्कि सत्य, संवेदनशीलता और बदलाव का प्रतीक भी बनेंगी। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की **बात**



**प्रो. आरके जैन**

# अपनी ही बिसात पर मात खा रहा है विपक्ष

भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यह केवल संख्याओं और मतों का खेल नहीं है, बल्कि एक ऐसी जीवंत प्रक्रिया है जिसमें सत्ता और विपक्ष दोनों की समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सत्ता पक्ष जहां शासन संचालन और नीतियों को लागू करने के लिए जिम्मेदार होता है, वहीं विपक्ष लोकतंत्र का प्रहरी बनकर उसके हर कदम पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है, असंतोष को स्वर देता है और जनभावनाओं को दिशा देता है। लेकिन वर्तमान विपक्ष इन भूमिकाओं में नकारा साबित हो रहा है, ऐसा प्रतीत होता है कि विपक्ष अपनी ही बिसात पर मात खा रहा है, जिस तरह से विपक्ष और विशेषतः कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी, ईवीएम में गड़बड़ी एवं मतदाता सूचियों के विशेष गहन परीक्षण पर बेतूके एवं आधारहीन आरोप लगाये हैं, उससे संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग की गरिमा एवं प्रतिष्ठा तो आहत हुई ही है, लेकिन विपक्ष की भूमिका भी कठघरे में दिख रही है। यह अच्छा हुआ कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर वोट चोरी सहित ऐसे ही बेहूदा, आधारहीन एवं गुमराह करने वाले राहुल गांधी के आरोपों का न केवल बिन्दुबार जबाव दिया, बल्कि उन्हें बेनकाब करते हुए यह भी कहा कि वे या तो अपने निराधार आरोपों के सन्दर्भ में शपथ पत्र दें या सात दिनों के भीतर देश से माफी मांगें। निश्चित ही राहुल गांधी को ऐसी चेतावनी देना आवश्यक हो गया था, क्योंकि वे अपने संकीर्ण एवं स्वार्थी राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिये लोकतंत्र की संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा को धुंधलाने की सारी हदें पार चुके हैं। हाल के दिनों में जिस तरह चुनाव आयोग, मतदाता सूची और वोट चोरी के आरोपों को लेकर बहस छिड़ी है, उसने इस प्रश्न को फिर से गहराई से सोचने को बाध्य किया है कि क्या लोकतंत्र में विपक्ष बेबुनियाद आरोप लगाते हुए अपनी भूमिका को प्रश्नों के घेरे में कब तक डालता रहेगा? विपक्ष बिना ठोस प्रमाण के बड़े आरोप लगाकर लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर प्रश्न खड़े कर देता है। क्या जनहित के नाम पर जनता के व्यापक हित से जुड़े सुधारों का विरोध करना विपक्ष का शगल बन गया है? पिछले एक दशक से विपक्ष लोकतंत्र को सशक्त बनाने की अपनी भूमिका की बजाय उसे कमजोर एवं जर्जर करने में जुटा है। उसने सत्ता-पक्ष को घेरने के लिये जरूरी मुद्दों को सकारात्मक तरीकों से उठाने की बजाय विध्वंसात्मक तरीकों से विकास के जनहितकारी मुद्दों को भी विवाद का मुद्दा बनाते हुए सारी हदें पार कर पार दी है। आधार को बैंक अकाउंट से जोड़ने का मामला हो या अनुच्छेद 370 को खत्म करना हो। सीएए-एनआरसी का मामला हो या हाल में चुनाव आयोग द्वारा बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन परीक्षण अभियान हो। विपक्ष मोदी सरकार के इन विकासमूलक सुधारों को जनहित के खिलाफ बताते हुए मुखर विरोध कर रहा हैं, जो लोकतंत्र को धुंधलाने की एक बड़ी साजिश प्रतीत होती है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की **बात**



**ललित गर्ग**

# वोट चोरी पर भारी पड़ रहा पानी में भींगकर विपक्ष का पानी पानी होना!



अभी पन्द्रह अगस्त को जब पूरा देश स्वतंत्रता दिवस के जश्न में डूबा हुआ था तब हमारे प्रतिपक्ष के सबसे बड़े नेता जी मूसलाधार पानी में भींगकर झंडे को सलामी दे रहे थे। यह कोई अच्छी खबर नहीं थी क्योंकि इस राष्ट्रीय उत्सव के दौरान हमारा एक बड़ा नेता भींगने को विवश नजर आ रहा था। यह अच्छी खबर इसलिए भी नहीं थी क्योंकि यह सबकुछ मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की घोर लापरवाही का नतीजा जो था। यहाँ हैरत की बात यह भी थी कि आर्थिक दृष्टिकोण से विश्व के "क्लब फाइव" में शामिल देश की मजबूत सरकार के पास हमारे राष्ट्रीय राजकुमार के लिए एक छोटे से छाते की व्यवस्था तक नहीं थी! जी हाँ, पूरे विश्व को पता है कि फटी जेब वाला कुर्ता पहन कर सार्वजनिक कार्यक्रमों में जाने की मजबूरी झेल रहे हमारे इस लोकप्रिय नेता के पास छाता खरीदने की आर्थिक क्षमता नहीं है। इधर वोट चोरी के कारण सड़क पर खड़े अपने दल का भी यही हाल है अन्यथा वह झंडोत्तोलन के दौरान उन्हें बरसा के पानी से बचाने के लिए एक अदद छतरी की व्यवस्था जरूर कर लेता। सच कहें तो यह इसलिए भी बहुत अफसोस की बात है क्योंकि देश में बसुधैव कुटुंबकम् को अपना आदर्श बताने वाले मनुवादियों की ढकोसली सरकार है। यदि मोदी जी में मनुवाद का ढकोसला न होता तो उन्हें अपने "श्रीमंत" में दत्तात्रेय ब्राह्मण के दर्शन जरुर होते और ब्राह्मण होने के नाते उपेक्षा का शिकार भी नहीं बनाया जाता। वैसे भी आजकल हमारे देश में किसी जनेऊधारी ब्राह्मण को प्रताड़ित करने व उन्हें उपहास का पात्र बनाने का मामला काफी ट्रेंड में है। सिर्फ इस ट्रेंड के कारण मोदी जी यदि उन्हें छाते से वंचित करके प्रताड़ित करने और भींगोकर मजा चखाने की साजिश रच रहे थे तो कोई बात नहीं थी परन्तु तकलीफ इस बात को लेकर है कि पैतृक संपदा की दृष्टि से श्रीमंत साहब "खान" नामधारी उस अल्पसंख्यक समुदाय से हैं जिसके लिए अल्पसंख्यक का तात्पर्य किसी कल्याण योजना भर में सिमटा हुआ नहीं है। ऐसा इसलिए भी कि वे तो "माइनो" मातृकुल के साथ डबल इंजन वाले अल्पसंख्यक समुदाय से हैं। भारत में अल्पसंख्यकों को कई मायनों में विशेषाधिकार प्राप्त है और जब यहां डबल इंजन वाले अल्पसंख्यक राजकुमार की बात हो रही है तो सरकार को अतिरिक्त एहतियात बरतनी चाहिए थी। ऐसा कुछ भी नजर नहीं आया जबकि वे सिर्फ नेता, अल्पसंख्यक, राष्ट्रीय धरोहर और राजनीति के राजकुमार भर नहीं हैं बल्कि हमारे नेहरू हैं, गांधी हैं, मुख्य विपक्षी दल हैं और राष्ट्रीय धरोहर भी हैं। यह ठीक है कि वर्षा की बूंदों से सबकुछ भीग जाता है परन्तु हमें भी पता है कि राजनीति की दूधिया रोशनी में ऐसा नहीं होता। आज जब ऐसा कुछ हुआ है तो सवाल उठने ही चाहिए परन्तु दुर्भाग्यवश जवाबदेही के नाम पर यहाँ कुछ अलग ही खेल खेला जा रहा है। इस खेल को समझने के हमें नई दिल्ली स्थित वार मेमोरियल की वह झलक देखनी होगी जब हमने अपने महामहिम राष्ट्रपति को भी झंडोत्तोलन के वक्त भींगते हुए देखा। निसंदेह यह तीनों सेनाओं के सर्वोच्च कमांडर की जवाबदेही का एक जज्बा था और वोटों की चोरी का उनके भींगने से कोई लेना-देना नहीं है। अब मन तो मन है, इसे काबू में किया नहीं जा सकता। बहरहाल बरसाती ओढ़कर जब दल के अध्यक्ष झंडा फहरा रहे हों और वहाँ उपस्थित तमाम स्वनामधन्य चारणों को वर्षा के पानी से बचाने के साधन मुहैया कराए गए हों तब एक राजकुमार को पानी में भींगोकर फोटो शूट कराया जा रहा हो तो सरकार की नीयत पर सवाल तो उठेंगे ही। यह सवाल इसलिए भी उठने चाहिए क्योंकि भींगने वाला शख्स कोई मामूली सा आदमी नहीं है बल्कि यह वह शख्स है जो खुद में न्यायालय है, न्यायकर्ता है, वादी है, प्रतिवादी है, टोपीधारी है, जनेऊधारी है, गठबंधन है, क्रेडिट है, एफिडेविट है और सबकुछ है। सवाल भी यह कि इतना कुछ होने के बावजूद और इतनी बड़ी लापरवाही के बाद क्या अब मोदी सरकार को तत्काल इस्तीफा नहीं दे देना चाहिए? बताते चलें कि ऐसा कुछ भी नहीं होगा क्योंकि उच्चतम न्यायालय, चुनाव आयोग और देश से प्राप्त जनादेश के बावजूद लगता है वोट की चोरी के बदौलत लगातार तीसरी बार सरकार बनाने वाले मोदी जी अब नेता प्रतिपक्ष को भींगा कर मारने की नीयत पर उतर आए हैं!

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी **बात**



**केदारनाथ दास**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

अगड़म, बड़ा, चिल्ल पों, तिकड़म, हिंसा, ख्वाब।
आजादी के बाद की, यही कथा है सा'ब।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444
**संपादक**

# हारने वालों को नहीं सामना करने वालों को याद करती है दुनिया

जीवन क्या है? यह प्रश्न जितना सरल लगता है, उतना ही रहस्यमय है। जीवन केवल सांस लेने और धड़कनों के चलने का नाम नहीं, यह एक अनुभव है, एक यात्रा है, जो जन्म से मृत्यु तक निरंतर बहती रहती है। कभी इसमें सुख का संगीत बजता है, कभी दुख का आलाप, कभी इसमें संघर्ष का स्वर गूंजता है तो कभी शांति की मधुर धुन। वास्तव में, जीवन एक रंगमंच है, जिस पर हम सभी कलाकार हैं और प्रत्येक क्षण एक नया रंग, एक नया दृश्य लेकर आता है। जीवन के रंग अनेक हैं। खुशी का पीला, प्रेम का गुलाबी, विश्वास का हरा, संघर्ष का लाल, और निराशा का धूसर। इन रंगों का मिश्रण ही हमारे अनुभवों को पूर्ण बनाता है। हम अक्सर केवल उजले रंगों को अपनाना चाहते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि अंधकार के बिना प्रकाश का महत्व समझ में नहीं आता। जिस प्रकार इंद्रधनुष में सात रंग मिलकर सौंदर्य रचते हैं, उसी प्रकार जीवन में सुख-दुख, हंसी-आंसू, जीत-हार, उतार-चढ़ाव सभी मिलकर इसे सार्थक बनाते हैं। सांस लेना, खाना, काम करना और सो जाना क्या बस यही जीवन है? वेद-उपनिषदों और मनीषियों के अनुसार, जीवन एक सतत यात्रा है, जो आत्मा के विकास, अनुभवों की पूर्णता और ईश्वर से एकत्व की ओर अग्रसर होती है। ऋग्वेद में कहा गया है "आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः" अर्थात (हमारे पास संसार के सभी ओर से कल्याणकारी विचार आते रहें) यह मंत्र हमें सिखाता है कि जीवन का हर रंग चाहे वह सुख का हो या दुख का हमें कुछ न कुछ सिखाने आता है, बशर्ते हम अपने मन को खुला रखें। जीवन हमें अलग-अलग रंग दिखती है। महाभारत में भीष्म पितामह युधिष्ठिर से कहते हैं "सुखं वा यदि वा दुःखं समं पश्येत पण्डितः" अर्थात(जो सुख और दुख को समान भाव से देखता है, वही सच्चा ज्ञानी है)। आध्यात्मिक दृष्टि से जीवन ईश्वर का वरदान है। कठोपनिषद में यमराज नचिकेता से कहते हैं "श्रेयो हि ज्ञानमभ्यसेत, प्रेयो मन्दो योगक्षेमाद् वृणीत" (ज्ञानी व्यक्ति श्रेष्ठ मार्ग चुनता है, जबकि अज्ञानी आसान मार्ग चुनता है)। जीवन हमें कठिनाइयाँ इसलिए देता है, ताकि हम "श्रेयो मार्ग"—अर्थात श्रेष्ठ और स्थायी सुख की ओर बढ़ें। महात्मा बुद्ध जब राजमहल छोड़कर जीवन के सत्य की खोज में निकले, तो उन्होंने दुःख, बीमारी, बुढ़ापा और मृत्यु को जीवन के अनिवार्य रंग के रूप में देखा। उनके अनुसार, दुःख से भागना नहीं, बल्कि उसके कारण को समझकर उसे समाप्त करना ही जीवन का उद्देश्य है। ठीक वैसे ही, महाभारत में अर्जुन जब युद्धभूमि में मोहग्रस्त होकर हथियार डाल देते हैं, तो श्रीकृष्ण उन्हें गीता का उपदेश देते हैं, "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन" (तुम्हारा अधिकार केवल कर्म करने में है, फल में नहीं) यह संदेश हर युवा के लिए आज भी उतना ही प्रासंगिक है कि कठिनाइयों से भागना नहीं, बल्कि अपने कर्म को जारी रखना ही विजय का मार्ग है। दुःखद सच्चाई यह है कि आज के युवा छोटी-सी असफलता को भी जीवन का अंत मान लेते हैं। अखबारों में रोज़ ऐसी खबरें आती हैं। परीक्षा में असफल होने पर आत्महत्या। प्रेम-विच्छेद के बाद जीवन समाप्त कर लेना। आर्थिक संकट में पूरे परिवार का सामूहिक आत्महत्या कर लेना। छांदोग्य उपनिषद में स्पष्ट कहा गया है, "आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यः मन्तव्यः निदिध्यासितव्यः" अर्थात (आत्मा को देखना, सुनना, विचारना और गहराई से समझना चाहिए) अगर युवा यह समझ लें कि आत्मा अमर है और जीवन का मूल्य सांसों से कहीं अधिक है, तो वे क्षणिक भावनाओं के आधार पर ऐसे निर्णय कभी न लें। माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों को केवल पढ़ाई में उत्कृष्टता के लिए ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला के लिए भी तैयार करें। घर में ऐसा माहौल बने, जिसमें बच्चा अपनी समस्याएं खुलकर साझा कर सके। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम को बचपन में आर्थिक तंगी और संसाधनों की कमी का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। उनकी मां कई बार रात का भोजन छोड़ देती थीं, ताकि बच्चे खा सकें। यह कठिनाई ही थी जिसने उन्हें "मिसाइल मैन" और "जनता के राष्ट्रपति" के रूप में स्थापित किया। जीवन को जीने की कला वेदांत दृष्टि में जीवन को सुंदर और सार्थक बनाने के लिए कुछ मूल मंत्र सुझाया गया है।जो हो रहा है, उसे ईश्वर की योजना मानकर स्वीकार करें,हर परिस्थिति में आभार व्यक्त करें,कठिन समय हमेशा अस्थायी होता है, काम, परिवार, और आत्मिक उन्नति में संतुलन रखें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग **बात**



**डॉ. दीपक प्रसाद**
सांस्कृतिक शोधकर्ता
रंगकर्मी, निर्देशक
सहायक आचार्य

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पीएम मोदी 22 को कोलकाता में तीन ट्रेनों को दिखाएंगे हरी झंडी



- पहले जेसोर रोड मेट्रो स्टेशन का उद्घाटन, फिर एयरपोर्ट तक मेट्रो यात्रा।
- फिर सड़क मार्ग से दमदम सेंट्रल जेल ग्राउंड में प्रशासनिक व राजनीतिक कार्यक्रम।
- मार्च 2024 में पीएम ने देश की पहली अंडरवॉटर मेट्रो सेवा का उद्घाटन किया था।
- केंद्र सरकार बंगाल में मेट्रो व रेलवे सेवाओं को बेहतर बनाने के प्रयास में है।

### ईएम बाईपास को मेट्रो से मिलेगी नई सुविधा

इस बार प्रधानमंत्री ऑरेंज लाइन (न्यू गरिया से एयरपोर्ट) और ग्रीन लाइन (सेक्टर फाइव से हावड़ा मैदान) पर विस्तारित सेवाओं की शुरुआत करेंगे। पीएम मोदी ने इससे पहले न्यू गरिया से रुबी (हेमंत मुखर्जी स्टेशन) तक ऑरेंज लाइन की सेवा शुरू की थी। अब वे रुबी से बेलियाघाटा तक की सेवा की शुरुआत करेंगे। इससे ईएम बाईपास पर न्यू गरिया से बेलियाघाटा तक मेट्रो सेवा उपलब्ध हो जाएगी। समिक भट्टाचार्य ने राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, "राज्य में 43 रेलवे प्रोजेक्ट रुके हुए हैं। अगर किसी राज्य में जमीनी नीति ही स्पष्ट नहीं है और सरकार यह ऐलान कर दे कि हम एक इंच भी जमीन अधिग्रहण नहीं करेंगे, तो रेलवे जैसी योजनाएं कैसे पूरी होंगी?"

**एजेंसी। कोलकाता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 अगस्त को कोलकाता और आसपास के इलाकों में तीन नई मेट्रो लाइनों का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री मेट्रो में सफर भी करेंगे। पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष और सांसद समिक भट्टाचार्य ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस कार्यक्रम की जानकारी दी।उन्होंने बताया, "प्रधानमंत्री सबसे पहले कोलकाता एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से जेसोर रोड मेट्रो स्टेशन पहुंचेंगे। वहां मेट्रो सेवा का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वे मेट्रो से जेसोर रोड से जय हिंद एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन तक का सफर करेंगे। इसके बाद सड़क मार्ग से दमदम सेंट्रल जेल ग्राउंड जाएंगे, जहां उनके प्रशासनिक और राजनीतिक कार्यक्रम होंगे।"बता दें, इससे पहले मार्च 2024 में उन्होंने देश की पहली अंडरवॉटर मेट्रो सेवा का उद्घाटन किया था और हुगली नदी के नीचे से मेट्रो में सफर किया था। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार पूरी कोशिश कर रही है कि बंगाल में रेलवे और मेट्रो की बेहतर सेवाएं मिलें, लेकिन राज्य सरकार की नीतियों के कारण यहां विकास की रफ्तार थम रही है।

## इंडिया ब्लॉक का आरोप

# अपनी जिम्मेदारी से भाग रहा चुनाव आयोग



● विपक्ष के सवालों का नहीं दे पा रहा जवाब

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सोमवार को इंडिया ब्लॉक ने चुनाव आयोग पर अपना हमला तेज़ कर दिया। उसने हाल के चुनावों में कदाचार का आरोप लगाया और बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने के उसके फ़ैसले पर सवाल उठाए। महाराष्ट्र और कर्नाटक में कथित अनियमितताओं का हवाला देते हुए, नेताओं ने अपनी आलोचना और तेज़ कर दी। टीएमसी की महुआ मोइत्रा ने तो लोकसभा को तुरंत भंग करने का भी आग्रह किया। कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ़ इंडिया में आयोजित संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई, सपा के रामगोपाल यादव, टीएमसी की महुआ मोइत्रा, राजद के मनोज झा, आप के संजय सिंह और अन्य वरिष्ठ विपक्षी नेताओं ने भाग लिया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि कल अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में, चुनाव आयोग (EC) ने राजनीतिक दलों पर सवाल उठाए, जब उन्हें यह बताना पड़ा कि वे जल्दबाजी में SIR क्यों कर रहे हैं। बिहार में SIR पर EC चुप था। वे इस बात पर भी चुप थे कि लोकसभा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के बीच 70 लाख नए मतदाता कैसे जुड़े। यह स्पष्ट है कि EC ऐसे अधिकारियों के अधीन है जो निष्पक्ष नहीं हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग विपक्ष के सवालों का जवाब नहीं दे पा रहा, अपनी जिम्मेदारी से भाग रहा है। गोगोई ने कहा कि महाराष्ट्र में मतदाताओं की संख्या बढ़ाने, महादेवपुरा में मतदाता सूची में विसंगतियों, वीडियो डेटा हटाने पर निर्वाचन आयोग चुप है।

### चुनाव आयोग के खिलाफ एकजुट हुआ विपक्ष



● सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव की तैयारी!

**नई दिल्ली।** 'वोट चोरी' के चल रहे आरोपों के बीच, विपक्षी दल संसद के मानसून सत्र में मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव ला सकते हैं। सोमवार को कई रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई। एक समाचार एजेंसी ने कांग्रेस के राज्यसभा सांसद सैयद नसीर हुसैन के हवाले से कहा कि पार्टी ज़रूरत पड़ने पर महाभियोग प्रस्ताव समेत सभी लोकतांत्रिक हथकंडे अपनाने को तैयार है, हालाँकि अभी तक इस पर कोई औपचारिक चर्चा नहीं हुई है। हुसैन ने कहा कि अगर ज़रूरत पड़ी तो हम नियमों के तहत लोकतंत्र के सभी हथकंडे अपनाएँगे। अभी तक हमने (महाभियोग पर) कोई चर्चा नहीं की है, लेकिन ज़रूरत पड़ने पर हम कुछ भी कर सकते हैं। एक दिन पहले, ज्ञानेश कुमार ने संविधान के प्रावधानों और चुनावी कानूनों की धाराओं का हवाला देते हुए कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं द्वारा लगाए गए 'वोट चोरी' के आरोपों को खारिज करने की कोशिश की। उन्होंने गांधी के आरोपों को भारत के संविधान का अपमान करार दिया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता नहीं है।

# संसद डायरी: लोकसभा में अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला पर विशेष चर्चा

**एजेंसी। नई दिल्ली।** विपक्षी सदस्यों के बार-बार व्यवधान के कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन पर निर्धारित विशेष चर्चा भी बाधित रही। भारतीय बंदरगाह विधेयक, 2025 पारित होने के बाद राज्यसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। इस साल 30 जून तक नियामक और भू-राजनीतिक मुद्दों के कारण 5,706 उड़ानें रद्द की गईं। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ सोमवार को संसद भवन परिसर में विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) के घटक दलों के सदस्यों ने प्रदर्शन किया।



● एसआईआर पर विपक्ष का हंगामा जारी

## संसद की कार्यवाही

1. संसद ने सोमवार को बंदरगाह क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों वाले भारतीय पत्तन विधेयक, 2025 को मंजूरी दे दी तथा केंद्रीय पत्तन परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा कि भारत को विकसित देश बनाने के लक्ष्य को पाने में बंदरगाह क्षेत्र के योगदान को बढ़ाने में इस प्रस्तावित कानून की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। राज्यसभा में इस विधेयक पर चर्चा और मंत्री सोनोवाल के जवाब के बाद इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।
2. वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को कहा कि कुल 56.04 करोड़ प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) खातों में से 23 प्रतिशत निष्क्रिय हैं। उन्होंने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि 31 जुलाई 2025 के अंत तक 56.03 करोड़ पीएमजेडीवाई खातों में से 13.04 करोड़ खाते निष्क्रिय हैं।
3. बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर सोमवार को लोकसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के बीच, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) यात्रा पर चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि 2040 में एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री चांद की सतह पर उतरेगा। सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे पुन: आरंभ होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री - 2047 तक विकसित भारत के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका विषय पर विशेष चर्चा प्रारंभ कराई। विपक्षी दलों के सदस्यों की नारेबाजी के बीच, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री 2040 में चांद की सतह पर उतरेगा। उन्होंने कहा कि इससे 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प की सिद्धि होगी। उन्होंने इस दौरान शोर-शराबा कर रहे विपक्षी सदस्यों पर निशाना साधते हुए कहा कि यह कहते हुए बहुत पीड़ा महसूस हो रही है कि जब मुल्क में जश्न का माहौल है और देश अंतरिक्ष के क्षेत्र में उपलब्धियों का उत्सव मना रहा है, विपक्ष अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों को भी बधाई देने को तैयार नहीं है।
4. लोकसभा में सोमवार को जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक, 2025 पेश किया गया जिसे सदन ने अध्ययन के लिए प्रवर समिति को भेजने के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह विधेयक पेश किया।
5. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हंगामा कर रहे सदस्यों से अपने स्थान पर जाकर बैठने और प्रश्नकाल चलने देने का आग्रह किया। उन्होंने विपक्षी सांसदों से कहा कि यह प्रश्नकाल है। जितनी जोर से आप नारेबाजी कर रहे हैं, उतना जोर लगाकर यदि प्रश्न पूछेंगे तो देश की जनता का कल्याण होगा। बिरला ने प्रदर्शन कर रहे सांसदों से नाराजगी जताते हुए कहा कि आपको जनता ने सरकारी संपत्ति तोड़ने के लिए नहीं भेजा है। मैं चेतावनी दे रहा हूं कि किसी भी सदस्य को यह विशेषाधिकार नहीं है कि वह सरकारी संपत्ति को तोड़ने का प्रयास करे।

### अंतरिक्ष में भारत की सफलता संसद में विपक्ष का हंगामा



● जितेंद्र सिंह ने विपक्ष पर कसा तंज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह ने सोमवार को विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि विपक्ष भारत की अंतरिक्ष उपलब्धियों की प्रशंसा तक नहीं कर सकता, जबकि देश ने ऑपरेशन सिंदूर में भी अंतरिक्ष क्षेत्र की अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया है। अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के मिशन के बाद भारत लौटने पर संसद में विशेष चर्चा की शुरुआत करते हुए, सिंह ने कहा कि विपक्षी दल भाजपा और एनडीए के प्रति अपनी भड़ास एक ऐसे अंतरिक्ष यात्री पर निकाल रहे हैं जो किसी भी राजनीतिक दल से जुड़ा हुआ नहीं है। चर्चा शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने संसद में नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन के साथ हंगामा भी किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष हमारी अंतरिक्ष उपलब्धियों के लिए अंतरिक्ष विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों को बधाई देने में विफल रहा है। आपका गुस्सा सरकार से हो सकता है। आपका गुस्सा भाजपा और एनडीए से हो सकता है। लेकिन यह आश्चर्यजनक है कि आप एक अंतरिक्ष यात्री से नाराज़ हो सकते हैं। और वह अंतरिक्ष यात्री जो एक अंतरिक्ष यात्री होने के साथ-साथ भारतीय वायु सेना का एक अनुशासित सिपाही भी है। वह किसी राजनीतिक दल से संबंधित नहीं है। जितेंद्र सिंह ने संसद में विपक्षी सांसदों की नारेबाजी के बीच कहा कि आप धरती से नाराज़ हैं, आप आसमान से नाराज़ हैं और आज आप अंतरिक्ष से भी नाराज़ दिख रहे हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी की भूमिका की भी सराहना की, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संभव हुआ। उन्होंने कहा कि अभी कुछ समय पहले ही ऑपरेशन सिंदूर के ज़रिए भारत की क्षमता का परिचय हुआ, धरती से आसमान तक पूरी दुनिया ने भारत का लोहा माना। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के 10 साल बाद अंतरिक्ष तकनीक की भूमिका भी सामने आई। सत्ता में रहते हुए अंतरिक्ष क्षेत्र के लिए पर्याप्त काम न करने पर विपक्षी दलों पर सवाल उठाते हुए, सिंह ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में एक नया अध्याय 2014 में शुरू हुआ, जब प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला।

## संबित पात्रा का आरोप एसआईआर के बहाने

### घुसपैठियों को बचाने में जुटी कांग्रेस

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भाजपा सांसद संबित पात्रा ने बिहार में विशेष गहन समीक्षा (एसआईआर) का लगातार विरोध करने और सदन की कार्यवाही बाधित करने के लिए कांग्रेस पार्टी की आलोचना करते हुए कहा कि वे घुसपैठियों को संरक्षण दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के व्यवहार पर सवाल उठाते हुए, भाजपा सांसद संबित पात्रा ने एएनआई से कहा कि पूरा भारत पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस पार्टी और विपक्षी दलों का व्यवहार देख रहा है, खासकर एसआईआर मुद्दे और बिहार चुनाव को लेकर। आप सभी देख रहे हैं कि संसद की गतिविधियों में बाधा डाली जा रही है। कोई काम नहीं होने दिया जा रहा है। इसके पीछे क्या मंशा है? राहुल गांधी जो दौरा कर रहे हैं, उसके पीछे क्या मंशा है? संबित पात्रा ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी घुसपैठियों को बचाना चाहती है और कहा कि इसके पीछे केवल एक ही मंशा है, और वह मंशा है कि घुसपैठियों को कैसे बचाया जाए। पात्रा ने एसआईआर को एक स्वाभाविक प्रक्रिया और अवैध मतदाताओं को हटाना चुनाव आयोग की ज़िम्मेदारी बताया। उन्होंने कहा, "यह एक स्वाभाविक प्रक्रिया है कि घुसपैठियों को बाहर निकालना चुनाव आयोग की ज़िम्मेदारी बन जाती है। उन्हें मतदाता सूची में नहीं आना चाहिए और न ही उन्हें चुनाव में भाग लेने का अधिकार होना चाहिए। उन्हें वोट देने का अधिकार नहीं है। घुसपैठियों के ज़रिए चुनाव कैसे जीते जाएँ, घुसपैठियों का इस्तेमाल कैसे किया जाए, तुष्टिकरण की राजनीति कैसे बढ़ाई जाए, यही राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी करती रही है. पात्रा का यह बयान सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय विकास समावेशी गठबंधन (इंडिया) के नेताओं द्वारा चुनावी राज्य बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ संसद परिसर में अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखने के बाद आया है। रविवार को चुनाव आयोग द्वारा आरोपों पर स्पष्टीकरण दिए जाने के बावजूद विरोध प्रदर्शन जारी है।

## आज का राशिफल

**मेष :** दिन की शुरुआत आप योग ध्यान से कर सकते हैं। ऐसा करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा और सारे दिन आपमें ऊर्जा रहेगी। आपकी कोई पुरानी बीमारी आज आपको परेशान कर सकती है जिसकी वजह से आपको हॉस्पिटल भी जाना पड़ सकता है और आपका काफी धन भी खर्च हो सकता है।

**वृष :** नफ़रत को दूर करने के लिए संवेदना का स्वभाव अपनाएँ, क्योंकि नफ़रत की आग बहुत ज़्यादा ताक़तवर है और मन के साथ शरीर पर भी बुरा असर डालती है। लेकिन उसका असर ख़राब ही होता है। जिन लोगों को आप जानते हैं, उनके ज़रिए आपको आमदनी के नए स्रोत मिलेंगे।

**मिथुन :** दोस्तों का रुख़ सहयोगी रहेगा और वे आपको ख़ुश रखेंगे। अपने धन का संचय कैसे करना है यह हुनर आज आप सीख सकते हैं और इस हुनर को सीख कर आप अपना धन बचा सकते हैं। आज घर में किसी बात को लेकर कलह होने की संभावना है ऐसी स्थिति में खुद पर काबू रखें।

**कर्क :** अपनी सेहत को ध्यान में रखकर चीखने-चिल्लाने से बचें। बीते दिनों में जितना धन आपने आज को बेहतर बनाने के लिए इनवेस्ट किया था उसका फायदा आज आपको फायदा मिल सकता है। अपने जीवन-साथी के साथ बेहतर समझ ज़िन्दगी में ख़ुशी, सुकून और समृद्धि लाएगी।

**सिंह :** प्यार, उम्मीद, सहानुभूति, आशावादिता और निष्ठा जैसी सकारात्मक भावनाओं को अपनाने के लिए ख़ुद को प्रोत्साहित करें। घर के जरूरी सामान पर धन खर्च करके आपको आर्थिक परेशानी तो आज जरूर होगी लेकिन इससे आप भविष्य की कई परेशानियों से बच जाएंगे।

**कन्या :** आप आज ऊर्जा से भरपूर होंगे और कुछ असाधारण करेंगे। आज आप अपने घर के वरिष्ठ जनों से पैसे की बचत करने को लेकर कोई सलाह ले सकते हैं और उस सलाह को ज़िंदगी में जगह भी दे सकते हैं. पुराने परिचितों से मिलने-जुलने और पुराने रिश्तों को फिर से तरोताज़ा करने के लिए अच्छा दिन है।

**तुला :** स्वास्थ्य के लिहाज़ से बहुत अच्छा दिन है। आपकी ख़ुशमिज़ाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी। अतिरिक्त धन को रिअल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है। आपको अपने रोज़मर्रा के कामों से छुट्टी लेकर आज दोस्तों के साथ घूमने का कार्यक्रम बनाना चाहिए।

**वृश्चिक :** नियमित व्यायाम के माध्यम से वज़न को नियन्त्रित रखें। हालाँकि धन आपकी मुट्ठियों से आसानी से सरक जाएगा, लेकिन आपके अच्छे सितारे तंगी नहीं आने देंगे। कुछ लोगों के लिए- परिवार में किसी नए का आना जश्न और उल्लास के पल लेकर आएगा।

**धनु :** स्वास्थ्य का ख़याल रखें, नहीं तो लेने के देने पड़ सकते हैं। आर्थिक समस्याओं ने रचनात्मक सोचने की आपकी क्षमता को बेकार कर दिया है। पुराने परिचितों से मिलने-जुलने और पुराने रिश्तों को फिर से तरोताज़ा करने के लिए अच्छा दिन है। रूमानी यादें आज आपके ऊपर छायी रहेंगी।

**मकर :** आपके पति/पत्नि की सेहत तनाव और फ़िक्र की वजह बन सकती है। होशियारी से निवेश करें। अपने जीवन-साथी के साथ बेहतर समझ ज़िन्दगी में ख़ुशी, सुकून और समृद्धि लाएगी। पुरानी यादों को ज़ेहन में ज़िंदा कर दोस्ती को फिर से तरोताज़ा करने का वक़्त है।

**कुंभ :** ऐसी गतिविधियों में शामिल हों जो रोमांचक हों और आपको सुकून दें। आज आपको अपने भाई या बहन की मदद से धन लाभ होने की संभावना है। यह परिवार में दबदबा बनाए रखने की अपनी आदतों को छोड़ने का वक़्त है। ज़िंदगी के उतार-चढ़ाव में उनके कंधे से कंधा मिलाकर साथ दें।

**मीन :** मानसिक शान्ति के लिए तनाव के कारणों का समाधान करें। आपका कोई पुराना मित्र आज कारोबार में मुनाफा कमाने के लिए आपको सलाह दे सकता है, अगर इस सलाह पर आप अमल करते हैं तो आपको धन लाभ जरूर होगा। शाम को दोस्तों के साथ घूमें-फिरें, क्योंकि यह आपके लिए इस वक़्त बहुत ज़रूरी है।

## रिजिजू की विपक्ष को चेताया

### संसद में चुनाव आयोग पर अब और हंगामा नहीं!



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों से चुनाव आयोग से जुड़े मुद्दों पर संसद में व्यवधान पैदा करने से बचने का आह्वान किया। रिजिजू ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि चुनाव आयोग और राजनीतिक दलों के बीच किसी भी विवाद पर सीधे चुनाव आयोग में चर्चा होनी चाहिए, संसद में नहीं। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव आयोग और कांग्रेस पार्टी के बीच के मुद्दे पर चुनाव आयोग में चर्चा होनी चाहिए, संसद में नहीं। हम चुनाव आयोग के प्रवक्ता नहीं हैं। चुनाव आयोग एक स्वायत्त संस्था है और हम उनकी ओर से जवाब नहीं दे सकते। उन्होंने विपक्ष से चुनाव आयोग से जुड़े मुद्दों पर "हंगामा" न करने का आग्रह किया।रिजिजू ने कहा कि जहाँ तक कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों का सवाल है, उन्होंने चुनाव आयोग के मुद्दे पर सदन में हंगामा किया। मैं उनसे अनुरोध करता हूँ कि वे इस चर्चा के दौरान हंगामा न करें। रिजिजू ने यह भी घोषणा की कि संसद कैप्टन शुभांशु शुक्ला और भारत के अंतरिक्ष मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की उनकी हालिया अंतरिक्ष यात्रा के सम्मान में एक विशेष चर्चा आयोजित करेगी। रिजिजू ने कहा कि आज संसद में हम एक विशेष चर्चा के माध्यम से कैप्टन शुभांशु शुक्ला का सम्मान करने जा रहे हैं। हम उनकी अंतरिक्ष यात्रा और भारत के अंतरिक्ष मिशन पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

### बेटी को गोद में लेकर महिला तीसरी मंजिल से कूदी, बच्ची की मौत, पति गिरफ्तार

जयपुर के मुरलीपुरा थाना क्षेत्र में एक महिला के पांच साल की अपनी बेटी के साथ तीसरी मंजिल से कूद जाने से बच्ची की मौत हो गयी जबकि मां गंभीर घायल हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि महिला का उपचार चल रहा है तथा इस संबंध में उसके पति को गिरफ्तार किया गया है।

थानाधिकारी वीरेंद्र कुरील ने बताया कि बृहस्पतिवार को मंजू मीणा (32) के तीसरी मंजिल से कूदने पर उसकी पांच साल की बच्ची प्रियांशी की मौत हो गई थी तथा घायल महिला का उपचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मंजू के भाई की ओर से दर्ज शिकायत के आधार पर महिला के पति रविंद्र कुमार (35) को शनिवार रात को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 'वोटर अधिकार यात्रा' के जरिए मुद्दा तलाशने निकले हैं राहुल गांधी : उपेंद्र कुशवाहा

**एजेंसी। पटना**



पटना राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' पर तंज कसते हुए कहा कि इनके पास कोई मुद्दा नहीं है और मुद्दा तलाशने के लिए बिहार में यह यात्रा निकाल रहे हैं। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि 'वोटर अधिकार यात्रा' का बिहार की जनता से कुछ भी लेना-देना नहीं है। विपक्ष और राहुल गांधी के पास चुनाव के लिए कोई मुद्दा ही नहीं है। चुनाव नजदीक है, इसीलिए मुद्दा तलाशने के लिए घूमने के लिए निकले हैं। उपेंद्र कुशवाहा ने 'वोट चोरी' के मुद्दे पर कहा कि अगर राहुल गांधी की बातों में सच्चाई है तो वे बिहार के किसी भी गांव से 100 लोगों को सामने लाकर दिखाते, जिनका नाम वोटर लिस्ट से वंचित कर दिया गया हो। मीडिया के सामने लोगों को लेकर आते, बेवजह की बातों को उठाकर बस भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी बेवजह हंगामा कर रहे हैं। वोटर लिस्ट को दुरुस्त करने के लिए चुनाव आयोग ने एसआईआर किया। आयोग ने ड्राफ्ट भी जारी किया। अगर किसी को आपत्ति है तो वह एक माह के भीतर आपत्ति दर्ज करा सकता है। लेकिन, फिर भी विपक्ष को इस मामले में सिर्फ राजनीति ही करनी है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जो 'वोटर अधिकार यात्रा' के माध्यम से हासिल करना चाहते हैं, उसमें सफल नहीं होंगे। राहुल गांधी जो भी आरोप लगा रहे हैं, उन्हें हलफनामा देना चाहिए। महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार घोषित किए जाने पर कुशवाहा ने कहा, "यह एक बेहद ही निर्णायक चयन है।


### ओडिशा में महिला पुलिस कांस्टेबल का शव पेड़ से लटका मिला, पति और सास गिरफ्तार

**ओडिशा।** ओडिशा में शनिवार को नुआपड़ा रेलवे स्टेशन के पास एक महिला पुलिस कांस्टेबल का शव एक पेड़ से लटका मिला। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मृत महिला के पति और सास को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने कहा कि शव को पेड़ से लटका देखने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव बरामद होने से कुछ घंटे पहले महिला कांस्टेबल ने कई लोगों को कथित तौर पर वीडियो संदेश प्रेषित किया, जिसमें उसने कहा कि वह अपने पति और ससुराल वालों द्वारा दी जा रही यातना की वजह से आत्महत्या करने जा रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, 'हमने आत्महत्या के लिये उकसाने का मामला दर्ज कर लिया है। हम वीडियो की जांच कर रहे हैं।' उन्होंने बताया कि पुलिस ने महिला कांस्टेबल के पति और सास को गिरफ्तार कर लिया और उन्हें अदालत में पेश किया। नुआपाड़ा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने कहा, जांच के दौरान पता चला कि कांस्टेबल का पति और सास उसे परेशान कर रहे थे, इसलिए हमने उन्हें गिरफ्तार किया है।

## आसाराम की अहमदाबाद सिविल अस्पताल में मेडिकल जांच

### अदालत ने 29 अगस्त तक बढ़ाई अंतरिम जमानत

**एजेंसी। नई दिल्ली**



गुजरात और राजस्थान में बलात्कार के दोषी और आजीवन कारावास की सजा काट रहे 86 वर्षीय आसाराम की हालत गंभीर बनी हुई है। इसलिए उन्हें मेडिकल जांच के लिए सिविल अस्पताल लाया गया है। इससे पहले उन्हें इंदौर के जुपिटर अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। राजस्थान उच्च न्यायालय ने आज, 8 अगस्त को गुजरात और राजस्थान में बलात्कार के दोषी और आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम की अपील पर सुनवाई की। अदालत ने उनकी अंतरिम ज़मानत 29 अगस्त तक बढ़ा दी। इसके अलावा, सूरत बलात्कार मामले में गुजरात उच्च न्यायालय ने 7 अगस्त को आसाराम की अस्थायी ज़मानत 21 अगस्त तक बढ़ा दी। आसाराम ने चिकित्सा आधार पर ज़मानत बढ़ाने का अनुरोध किया था और अस्पताल व डॉक्टर के प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए थे। सरकारी वकील ने इन प्रमाण पत्रों की जाँच के लिए समय माँगा था। इस मामले में आगे की सुनवाई 21 अगस्त को होगी, इसलिए अस्थायी ज़मानत तब तक के लिए बढ़ा दी गई है। इस प्रकार, उच्च न्यायालय ने आसाराम की ज़मानत तीसरी बार बढ़ा दी है। इससे पहले 27 जून को उच्च न्यायालय ने ज़मानत 7 जुलाई तक बढ़ा दी थी। उसके बाद 3 जुलाई को उच्च न्यायालय ने आसाराम की ज़मानत एक महीने के लिए बढ़ा दी थी। अब आज (7 अगस्त, 2025) ज़मानत तीसरी बार बढ़ा दी गई है। मेडिकल रिपोर्ट अदालत में पेश आसाराम की ओर से वकील निशांत बोराडा ने अदालत में नवीनतम मेडिकल रिपोर्ट पेश की। इससे पहले, गुजरात उच्च न्यायालय ने भी इसी आधार पर आसाराम की अंतरिम ज़मानत 29 अगस्त तक बढ़ा दी थी। गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि आसाराम का 'ट्रोपोनिन स्तर' बहुत ज़्यादा है। यह चिंता का विषय है। उनका इलाज कर रहे डॉक्टर के अनुसार, आसाराम की हालत गंभीर है।


### कृष्ण जन्माष्टमी जुलूस के दौरान करंट लगने से 5 की मौत

**हैदराबाद।** हैदराबाद के रामंतपुर इलाके में कृष्ण जन्माष्टमी समारोह के दौरान एक रथ के हाई-टेंशन बिजली के तारों की चपेट में आने से पाँच लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। यह घटना रविवार देर रात एक बजकर 30 मिनट पर रामनाथपुर इलाके में हुई। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है, जबकि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि इस वाहन में भगवान की मूर्तियां रखी थीं और यह वाहन ऊपर से गुजर रहे बिजली के तार से टकरा गया जिसके बाद तार टूटकर वाहन पर गिर गया। उप्पल पुलिस इंस्पेक्टर ने कहा, "कल रात श्री कृष्ण जन्माष्टमी जुलूस के दौरान बिजली का झटका लगने से पाँच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए।

## लोस में हंगामा: बैठक 12 बजे तक स्थगित

### अध्यक्ष ने सरकारी संपत्ति को नुकसान न पहुंचाने की चेतावनी दी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



लोकसभा में सोमवार को बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) समेत कुछ मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण कार्यवाही शुरू होने के करीब 15 मिनट बाद दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी गई और अध्यक्ष ओम बिरला ने नारेबाजी कर रहे सदस्यों को सरकारी संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाने की चेतावनी दी। सदन की बैठक शुरू होने पर लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने प्रश्नकाल शुरू कराया। इसी दौरान कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों के सदस्य एसआईआर के मुद्दे पर नारेबाजी करने लगे। बिरला ने कुछ देर तक शोर-शराबे में ही प्रश्नकाल चलाने का प्रयास किया और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी और कॉर्पोरेट कार्य राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कुछ सदस्यों के पूरक प्रश्नों के उत्तर दिए। लोकसभा अध्यक्ष ने हंगामा कर रहे सदस्यों से अपने स्थान पर जाकर बैठने और प्रश्नकाल चलने देने का आग्रह किया। उन्होंने विपक्षी सांसदों से कहा, ''यह प्रश्नकाल है। जितनी जोर से आप नारेबाजी कर रहे हैं, उतना जोर लगाकर यदि प्रश्न पूछेंगे तो देश की जनता का कल्याण होगा।

## 20 रन देकर पांच विकेट, निधि महतो के दम पर सेंट्रल दिल्ली की शानदार जीत

**नई दिल्ली।** सेंट्रल दिल्ली क्वींस ने सोमवार को विमेंस दिल्ली प्रीमियर लीग 2025 (डब्लूडीपीएल) के दूसरे मुकाबले में जीत दर्ज की। इस टीम ने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में ईस्ट दिल्ली राइडर्स को सात विकेट से परास्त किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ईस्ट दिल्ली राइडर्स की टीम 16.4 ओवरों में महज 88 रन पर सिमट गई। टीम को 21 रन पर वंशिका के रूप में बड़ा झटका लगा, जिन्होंने आठ गेंदों में 15 रन की पारी खेली। इसके बाद कप्तान प्रिया पुनिया ने मोर्चा संभाले रखा, लेकिन दूसरे छोर पर बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे सकीं। प्रिया 19 गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हुईं। उनकी इस पारी में चार चौके शामिल थे। जब कप्तान पवेलियन लौटीं, उस वक्त तक टीम ने छह विकेट खोकर महज 50 ही रन बनाए थे। उनके अलावा नेहा छिल्लर ने 12, जबकि मयूरी सिंह ने 15 रन टीम के खाते में जोड़े, लेकिन ईस्ट दिल्ली राइडर्स सम्मानजनक स्कोर तक नहीं पहुंच सकीं। विपक्षी टीम की ओर से निधि महतो ने चार ओवरों में 20 रन देकर पांच विकेट अपने नाम किए, जबकि प्रिया मिश्रा और अवलीन कौर को एक-एक सफलता हाथ लगी। आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेंट्रल दिल्ली क्वींस ने 15 ओवरों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम को सलामी बल्लेबाजों ने मजबूत शुरुआत दिलाई। निशिका सिंह ने दीक्षा सिंह के साथ 9.1 ओवरों में 65 रन जुटाकर टीम को जीत की दहलीज पर ला दिया। निशिका 24 गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हुईं, जिसके बाद दीक्षा शर्मा ने 40 गेंदों में एक छक्का और छह चौके जड़ते हुए क्वींस के खाते में 45 रन जोड़े।

### जगह एक दावेदार 4...

# रिंकू, श्रेयस, पराग और सुंदर के बीच जंग

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के एशिया कप स्क्वॉड का ऐलान कभी भी किया जा सकता है। एक नई रिपोर्ट के अनुसार टीम में ज्यादा बदलाव होने की संभावना नहीं है। टीम में एक स्थान को लेकर काफी चर्चा हो रही है। इस स्थान के लिए रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, रियान पराग और वाशिंगटन सुंदर के बीच मुकाबला है। चयन समिति को इस बात का फैसला करना होगा कि टीम को श्रेयस अय्यर और रिंकू सिंह जैसे अतिरिक्त बल्लेबाज चाहिए या पराग और सुंदर जैसे ऑल-राउंडर।









### रिंकू और श्रेयस के बीच जंग

इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अगर समिति एक अतिरिक्त बल्लेबाज को चुनने का फैसला करती है तो अय्यर को रिंकू से ज्यादा पसंद किया जा सकता है। अय्यर स्पिनरों के खिलाफ अच्छा खेलते हैं। साथ ही उन्होंने दो अलग-अलग आईपीएल टीमों को फाइनल तक पहुंचाया है। उनमें नेतृत्व क्षमता भी है। अय्यर शांत स्वभाव के हैं और मैदान पर आत्मविश्वास से भरे रहते हैं। हालांकि, हेड कोच गौतम गंभीर ज्यादातर ऑल-राउंडरों को टीम में शामिल करना पसंद करते हैं चाहे कोई भी फॉर्मेट हो। सुंदर को हाल ही में इंग्लैंड दौरे के लिए चुना गया था। उन्होंने प्लेइंग 11 में जगह बनाई और अच्छा प्रदर्शन किया। सुंदर उस आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी टीम का भी हिस्सा थे। रिंकू सिंह का पत्ता कट सकता है रिंकू सिंह के लिए यह बात नुकसानदायक हो सकती है कि उन्हें आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए लगातार पांच छक्के मारने के बाद फिनिशर के तौर पर देखा जाने लगा है। गंभीर ऐसे विकल्प पसंद करते हैं जो बैटिंग लाइन-अप में वैरिएशन दे सकें। उन्हें यह पसंद नहीं है कि किसी बल्लेबाज को सिर्फ फिनिशर के तौर पर ही देखा जाए।

### रियान पराग को मिल सकता मौका

रियान पराग एशिया कप टीम में शामिल होने के लिए एक बाहरी दावेदार हैं। 23 साल के असम के इस बल्लेबाज को एक होनहार खिलाड़ी माना जाता है लेकिन उन्होंने अभी तक टॉप लेवल पर लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के लिए कभी-कभी अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन उन्हें एक मैच विनर के रूप में नहीं देखा जाता है। पराग पार्ट-टाइम ऑफ-स्पिन गेंदबाजी भी करते हैं, लेकिन आमतौर पर प्रति मैच केवल कुछ ओवर ही करते हैं।

## लंदन की सड़कों से विराट कोहली-अनुष्का शर्मा का वीडियो वायरल



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली इस वक्त अपनी वाइफ अनुष्का शर्मा और दोनों बच्चों के साथ लंदन में रह रहे हैं। कपल लाइमलाइट से दूर रहना पसंद करते हैं। हाल ही में दोनों विंबलडन देखने भी पहुंचे थे। हालांकि, अब दोनों की सोशल मीडिया पर एक वीडियो बहुत तेजी से वायरल हो रही है। यह वीडियो लंदन की है। दोनों लंदन की सड़कों पर घूमते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों काफी केजुअल लुक में नजर आए। विराट ब्लैक शॉट्स पर ब्राउन टीशर्ट पहनी हुई थी जबकि अनुष्का ने वाइट जैकेट पहनी थी। बता दें कि कोहली और अनुष्का भारत में ऐसे सड़कों पर एक आम नागरिक की तरह नहीं घूम सकते। लेकिन, वे लंदन में अब इसका लुत्फ उठा रहे हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा और विराट कोहली लंदन के लोकल लोगों से बात करते हुए नजर आ रहे थे। कोहली किसी बात पर हंस भी रहे थे। उनके हाथ में काला छाता और पानी की बोतल नजर आ रही थी। आईपीएल 2025 के दौरान विराट कोहली ने टेस्ट से रिटायरमेंट की घोषणा की थी। उन्होंने रोहित शर्मा के बाद टेस्ट से संन्यास लिया था। अब भारतीय टीम के लिए विराट सिर्फ वनडे क्रिकेट ही खेलते हैं।

## मेक्टिक-राजीव ने जीता मेंस डबल्स खिताब, डाब्रोव्स्की-राउटलिफ ने विमेंस डबल्स में मारी बाजी

**नई दिल्ली।** सिनसिनाटी ओपन के मेंस डबल्स में निकोला मेक्टिक-राजीव राम ने लोरेंजो मुसेट्टी-लोरेंजो सोनेगो को शिकस्त देकर बतौर जोड़ी अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीत लिया है। साल के अपने तीसरे ही इवेंट में एक साथ अपना पहला टूर-स्तरीय फाइनल खेलते हुए मेकटिक-राम की जोड़ी ने 90 मिनट तक चले मुकाबले में इतालवी जोड़ी को 4-6, 6-3, 10-5 से शिकस्त देकर बतौर टीम अपनी पहली ट्रॉफी जीती।

### ऑस्ट्रेलिया बनाम साउथ अफ्रीका

## टी20 के बाद अब वनडे सीरीज पर मेजबान की निगाहें, केर्न्स में पहला मैच

**एजेंसी। नई दिल्ली**




ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच मंगलवार से वनडे सीरीज की शुरुआत होने जा रही है। पहला मैच केर्न्स में आयोजित होगा। ऑस्ट्रेलियाई टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज 2-1 से अपने नाम कर चुकी है। ऐसे में मेजबान देश के हौसले बुलंद हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज क्वेना मफाका और युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस को वनडे सीरीज में भी मौका दिया गया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम को बल्लेबाजी में जोश इंग्लिस और ट्रेविस हेड से खासा उम्मीदें हैं। वहीं, गेंदबाजी में एडम जांपा और बेन ड्वारशुइस विपक्षी टीम को परेशान कर सकते हैं। दूसरी ओर टेंबा बावुमा, डेवाल्ड ब्रेविस और मैथ्यू ब्रीत्जके साउथ अफ्रीका की बल्लेबाजी को मजबूती देते नजर आ सकते हैं, जबकि कगिसो रबाडा, क्वेना मफाका और वियान मुल्डर गेंदबाजी को मजबूती दे सकते हैं। यह मुकाबला कैजली स्टेडियम में खेला जाना है, जहां टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी करना ज्यादा पसंद करती है। यहां पहली इनिंग का औसत 189 रन है। इस मैदान पर ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 267/5 का स्कोर बना चुकी है।

## ईस्ट जोन को झटका, ईशान किशन-आकाश दीप क्वार्टर फाइनल से बाहर

**नई दिल्ली।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन और तेज गेंदबाज आकाश दीप दलीप ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मैच से बाहर हो गए हैं। दोनों खिलाड़ी ईस्ट जोन टीम का हिस्सा हैं, जिसे 28 अगस्त से नॉर्थ जोन के खिलाफ मुकाबला खेलना है। ईशान किशन की गैरमौजूदगी में बंगाल के सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को ईस्ट जोन की कमान सौंपी गई है, जबकि ऑलराउंडर रियान पराग टीम के उप-कप्तान होंगे। अभिमन्यु ईश्वरन इंग्लैंड दौरे पर एक भी मुकाबला नहीं खेल सके थे। वहीं, असम के मुख्तार हुसैन को आकाश दीप के स्थान पर ईस्ट जोन की टीम में शामिल किया गया है।

### नगड़ी अचीवर्स चैलेंजर ट्रॉफी-2 संपन्न

## फाइनल मुकाबले में पैंथर्स ने लायंस को 29 रन से हराकर जीता खिताब

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** नगड़ी क्रिकेट एकेडमी और द अचीवर्स क्रिकेट एकेडमी के संयुक्त तत्वाधान में नगड़ी के कोलांबी मैदान में खेले जा रहे नगड़ी अचीवर्स चैलेंजर ट्रॉफी–2 प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला नगड़ी अचीवर्स लायंस और नगड़ी अचीवर्स पैंथर्स के बीच में हुआ। पैंथर्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का निर्णय लिया और पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 08 विकेट खोकर 115 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लायंस की टीम निर्धारित 20 ओवर में 09 विकेट के नुकसान पर 86 रन ही बना सकी। कांटे के मुकाबले में पैंथर्स ने 29 रन से लायंस को हरा कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

प्रतियोगिता के समापन समारोह में पूर्व सीनियर खिलाड़ी संजय मिश्रा,पूर्व खिलाड़ी उदय शर्मा उर्फ टारजन, आरडीसीए के कोषाध्यक्ष नगड़ी क्रिकेट एकेडमी के कोच सौमित्र पटनायक, पूर्व क्रिकेटर संतोष सहाय, राज्य स्तरीय क्रिकेटर विल्फ्रेड बैंग,रणजी खिलाड़ी कौशल सिंह,पूर्व खिलाड़ी वरुण मालिक,खेलप्रेमी गुड्डू भैया ,मुकेश, समाजसेवी चारो उरांव, कुणाल सहदेव, दुर्गा कुमार, रजनीकांत कुमार आदि ने खिलाड़ियों के बीच पुरुष्कार वितरण किया।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## सेंसेक्स 676 अंक उछलकर बंद

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में बड़ी तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 676.09 अंक या 0.84 प्रतिशत की तेजी के साथ 81,273.75 और निफ्टी 245.65 अंक या एक प्रतिशत की तेजी के साथ 24,876.95 पर था। शेयर बाजार में तेजी का नेतृत्व ऑटो और कंजप्शन शेयरों ने किया। निफ्टी ऑटो इंडेक्स 4.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। वहीं, निफ्टी कंजप्शन में 2.11 प्रतिशत और निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 3.38 प्रतिशत की बढ़त देखी गई। इसके अलावा, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, एनर्जी और प्राइवेट बैंक हरे निशान में बंद हुआ। आईटी, फार्मा और मीडिया लाल निशान में बंद हुए। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी हुई।

## ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भारत की रैंकिंग में पिछले 10 वर्षों में लगातार दर्ज हुआ सुधार : केंद्र

**एजेंसी**




**नई दिल्ली।** केंद्र ने सोमवार को संसद को जानकारी देते हुए बताया कि ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) में भारत की रैंकिंग पिछले 10 वर्षों में लगातार बेहतर हुई है। राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में, योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) राव इंद्रजीत सिंह ने बताया, "भारत 2015 में 81वें स्थान पर था, जिसकी रैंकिंग 2024 तक सुधरकर 39वें स्थान पर आ गई है।" जीआईआई रैंकिंग 70 से अधिक संकेतकों के आंकड़ों का इस्तेमाल कर किसी देश के प्रदर्शन को मापने का प्रयास करती है। ये संकेतक किसी देश के सामाजिक-आर्थिक विकास के विभिन्न पहलुओं का प्रतिनिधित्व करने वाले होते हैं।

उन्होंने आगे कहा इनमें से कुछ बदलावों में कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एप्लीकेशन और सर्विस की उपलब्धता और सामर्थ्य में भारत की हालिया प्रगति शामिल है। इन क्षेत्रों में रिन्यूएबल एनर्जी, डिफेंस (विशेष रूप से विभिन्न प्रकार के रक्षा उपकरणों का स्वदेशी विकास और उत्पादन), बायोटेक्नोलॉजी सेक्टर (विशेष रूप से कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए वैक्सीन और ऑक्सीजन कंसंट्रेटर का स्वदेशी विकास और उत्पादन), सस्ती शिक्षा के लिए ऑनलाइन लर्निंग टूल्स, अलग-अलग क्षेत्रों में एसएंडटी क्लस्टर्स शामिल हैं।"

उन्होंने पिछले पांच वर्षों में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से जुड़े रिसर्च पर सरकार द्वारा खर्च की गई धनराशि का विवरण भी साझा किया। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जारी नवीनतम अनुसंधान एवं विकास सांख्यिकी, 2022-23 का हवाला देते हुए, राज्य मंत्री ने कहा, "देश में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से संबंधित अनुसंधान पर खर्च की गई राशि 2016-17 में 63,974 करोड़ रुपए से बढ़कर 2020-21 में 80,992 करोड़ रुपए से अधिक हो गई।"

उन्होंने कहा, "इसके अलावा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 2016-17, 2019-20 और 2022-23 के दौरान प्रकाशित अनुसंधान एवं विकास सांख्यिकी के अनुसार, अनुसंधान एवं विकास व्यय (बिलियन पीपीपी डॉलर में) में विश्व स्तर पर भारत का स्थान सातवां है।"

## भारत के दूरसंचार क्षेत्र का परिचालन लाभ वित्त वर्ष 26 में 12-14 प्रतिशत बढ़ेगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत की दूरसंचार कंपनियों का परिचालन लाभ इस वित्त वर्ष में 12-14 प्रतिशत की मजबूत दर से बढ़कर 1.55 लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान है, जो डेटा की बढ़ती खपत से प्रति उपयोगकर्ता औसत राजस्व (एआरपीयू) में वृद्धि के कारण होगा। यह जानकारी सोमवार को जारी की गई एक रिपोर्ट में दी गई। क्रिसिल रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 5जी सेवा शुरू होने के बाद प्रमुख कंपनियों के पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) में कमी के साथ-साथ मजबूत परिचालन प्रदर्शन से उनके मुक्त नकदी प्रवाह में सुधार होगा। इससे उद्योग की प्रमुख कंपनियों के क्रेडिट प्रोफाइल को मदद मिलेगी। रिपोर्ट में अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में, परिचालन लाभ में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इसकी वजह टैरिफ प्लान की कीमतों में इजाफा होना था। इस वित्त वर्ष में वृद्धि को मजबूत आंतरिक कारकों का समर्थन प्राप्त होगा। क्रिसिल रेटिंग्स के निदेशक आनंद कुलकर्णी ने कहा, "इस वित्त वर्ष में एआरपीयू पिछले वित्त वर्ष के 205 रुपए से बढ़कर 220-225 रुपए होने की उम्मीद है, जिसका मुख्य कारण बढ़ती डेटा खपत है। 5जी नेटवर्क कवरेज मार्च 2025 के 35 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2026 तक 45-47 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है, सोशल मीडिया, वीडियो स्ट्रीमिंग, गेमिंग, जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल मार्केटिंग आदि से डेटा खपत को बढ़ावा मिल रहा है।" रिपोर्ट में आगे कहा गया कि भारतीय दूरसंचार कंपनियां कम डेटा लिमिट वाले प्लान घटा रही हैं और केवल अधिक डेटा लिमिट वाले प्लान पर ही 5जी सेवाएं प्रदान करके अपनी पेशकशों को फिर से संतुलित कर रही हैं। कुलकर्णी ने आगे कहा कि इस ट्रेंड से उपभोक्ताओं के प्रीमियम प्लान की ओर बढ़ने की उम्मीद है, जिससे दूरसंचार कंपनियों का एआरपीयू बढ़ेगा। डेटा-संचालित सेवाओं की बढ़ती मांग के बीच, दूरसंचार कंपनियों ने ओवर-द-टॉप (ओटीटी) सेवाओं के साथ प्रीमियम प्लान पेश किए हैं, और यह रणनीति दूरसंचार कंपनियों को अपसेलिंग के माध्यम से अपना एआरपीयू बढ़ाने में मदद कर रही है।

## सरकारी बैंकों ने बीते 3 वित्त वर्षों में इक्विटी और बॉन्ड के जरिए जुटाए 1.54 लाख करोड़ रुपए : पंकज चौधरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकारी बैंकों ने पिछले तीन वित्त वर्षों में इक्विटी और बॉन्ड के माध्यम से 1,53,978 करोड़ रुपए जुटाए हैं। यह जानकारी सरकार द्वारा संसद को सोमवार को दी गई। लोकसभा में आए एक सवाल का लिखित में जवाब देते हुए केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 से लेकर वित्त वर्ष 2024-25 के बीच सरकारी बैंकों ने इक्विटी और बॉन्ड के जरिए 1,53,978 करोड़ रुपए जुटाए हैं। इसमें से 44,942 करोड़ रुपए वित्त वर्ष 2022-23 में, 57,380 करोड़ रुपए वित्त वर्ष 2023-24 में और 51,656 करोड़ रुपए वित्त वर्ष 2024-25 में जुटाए गए थे।केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि बैंकों द्वारा पूंजी जुटाने का उपयोग विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जाता है, जिसमें ऋण वृद्धि को समर्थन देने के लिए बैंकों की पूंजीगत आवश्यकताओं को पूरा करना, कैपिटल एडेक्वेसी रेशियो के लिए रेगुलेटरी आवश्यकताओं को पूरा करना, पब्लिक शेयरहोल्डिंग में वृद्धि करके न्यूनतम पब्लिक शेयरहोल्डिंग नियमों का अनुपालन करना और बैंक की समग्र पूंजी स्थिति को मजबूत करना श ा ि म ल ह ै।




सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक समय-समय पर अपनी पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बाजार से पूंजी जुटाते हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की मजबूत वित्तीय स्थिति ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया है, जिससे वे बाजार से पूंजी जुटा पा रहे हैं। वित्त मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 26) की पहली तिमाही के वित्तीय प्रदर्शन की समीक्षा के लिए इस सप्ताह सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों की एक बैठक बुलाई है। समीक्षा बैठक में बैंकिंग क्षेत्र की स्थिति पर चर्चा और शेष वित्त वर्ष के लिए संभावनाओं का आकलन किए जाने की संभावना है।

## भारत में सॉवरेन वेल्थ फंड्स ने वित्त वर्ष 25 में निवेश किए 8,426 करोड़ रुपए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में लंबी अवधि के नजरिए से विदेशी निवेशक लगातार निवेश कर रहे हैं और वित्त वर्ष 25 में भी यही क्रम जारी रहा है। सरकार ने सोमवार को संसद में बताया कि देश में सॉवरेन वेल्थ फंड्स (एसडब्ल्यूएफ) ने पिछले वित्त वर्ष में 8,426 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया है।

सॉवरेन वेल्थ फंड्स का निवेश बढ़ाना, देश की अर्थव्यवस्था में निवेशकों के बढ़ते भरोसे को दिखाता है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में एक लिखित जवाब में बताया कि वित्त वर्ष 24 में इन फंड्स ने 47,604 करोड़ रुपए का निवेश किया था, जबकि वित्त वर्ष 23 में यह आंकड़ा 15,446 करोड़ रुपए का रहा था। वहीं, वित्त वर्ष 22 में इन फंड्स ने शुद्ध रूप से 3,825 करोड़ रुपए की निकासी की थी। पिछले कुछ वर्षों में ग्लोबल सॉवरेन और पेंशन फंडों ने भारतीय बाजार में निरंतर रुचि दिखाई है, जो इसे सबसे आशाजनक उभरते बाजारों में से एक के रूप में रेखांकित करता है।

# राजदरबारी, कजरी, ठुमरी, सोहर लोकगीतों की धुन से सराबोर रहा राम मंदिर

**नवीन मेल संवाददाता**



**हैदरनगर।** स्थानीय श्री राम जानकी मंदिर चौक बाजार प्रांगण में रविवार की देर शाम श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के समापन पर महिला श्रद्धालुओं की भीड़ नियंत्रण से बाहर हो गई। भाद्रपद मास की अष्टमी तिथि को माखनचोर के अवतार दिवस पर पूरे क्षेत्र में उल्लास का वातावरण रहा। घर आंगन से लेकर देव स्थलों में भक्तिमय वातावरण बना रहा। मुख्य बाजार स्थित श्रीराम जानकी मंदिर, ब्रह्मस्थान, शुक्रबाजार ठाकुरबाड़ी, प्राचीन बड़ा शिवालय सहित विभिन्न मंदिरों को बिशेष सजावट की गई। श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भी भगवान की झांकियां सजाकर पारंपरिक रीति रिवाज से पूजा अर्चना की। ब्रह्मस्थान में इस बार विशेष आकर्षण देखने को मिला, जहाँ कृष्ण कन्हैया की प्रतिमा स्थापित कर पूरे विधि विधान से पूजा की गई। श्रद्धालुओं ने देर शाम तक सजावट और प्रसाद की व्यवस्था की थी। रात होते ही मंदिरों में भजन कीर्तन की धुन गूंजने लगी। अष्टमी को जैसे ही घड़ी ने बारह बजाया। मंदिरों और घरों में शंख, बांसुरी, घंट घड़ियाल की ध्वनि के साथ नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारे गूंजने लगे। आरती के बाद भक्तों को प्रसाद बांटा गया और लोगों ने परिवार संग जलपान कर जन्मोत्सव का उल्लास साझा किया।

### देवकी के जन्मे कन्हैया और नंद घर आनंद भयो जैसे भजनों से वातावरण गूंजा

रामजानकी मंदिर में विशेष भजन संध्या का आयोजन हुआ। देवकी के जन्मे कन्हैया, बाजे ला बधईया हो और नंद घर आनंद भयो जैसे भजनों से वातावरण गूंज उठा। झारखंड और बिहार से आए कलाकारों ने कजरी, ठुमरी, राजदरबारी, सोहर और अन्य लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां की। कलाकारों में पांचू राम, दिनेश सिंह और रामप्रवेश मेहता की गायकी ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। भक्ति रस में डूबे लोग नाचने गाने लगे और देर रात तक मंदिर प्रांगण में भजन कीर्तन, लोकधुन और सोहर की गूंज सुनाई देती रही।

## मझिआंव प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



**मझिआंव।** गढ़वा नगर पंचायत व प्रखंड क्षेत्र के हर गांव-मोहल्ले में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरे क्षेत्र में दो दिनों तक धार्मिक माहौल छाया रहा। पहले दिन गृहस्थ श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों एवं मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर जन्मोत्सव मनाया। देर रात 12 बजे भगवान के जन्म के साथ ही घंटा-घड़ियाल व शंखध्वनि से वातावरण गूंज उठा। वहीं दूसरे दिन साधु-संतों, ऋषि-महर्षियों एवं भक्तों ने बड़े ही उल्लास के साथ भजन-कीर्तन व पूजा-पाठ कर जन्माष्टमी महोत्सव को जीवंत बना दिया। हर साल की भांति इस वर्ष भी राधा कृष्ण मंदिर, शिव मंदिर सहित प्रखंड क्षेत्र के कई देवस्थानों पर जन्माष्टमी का आयोजन धूमधाम से किया गया। महिलाओं ने पारंपरिक सोहर व भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी, तो वहीं पुरुषों और युवाओं ने भी भजन मंडली के जरिए माहौल को भक्तिमय बना दिया। जन्माष्टमी पर महिलाओं, पुरुषों, बच्चों और बच्चियों ने निर्जला उपवास रखकर भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपनी श्रद्धा अर्पित की।

## विधायक प्रकाश राम की पहल पर हरैया से अंबा खोलखा तक सड़क की गई मापी



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर स्थित अलौदिया पंचायत के हरैया मोड़ से अलौदिया, जरमा, सरलाही,कैलाखाड़ होते अंबा खोलखा एनएच 39 तक सड़क निर्माण होना है जिसको लेकर आरईओ विभाग की टीम के द्वारा मापी की प्रक्रिया की पूरी कर ली है। सड़क मापी होने से ग्रामीणों में खुशी देखी जा रही है। बताते चले कि वर्तमान में हरैया मोड़ से अलौदिया होते अम्बा खोलका तक ग्रामीण पथ की स्थिति काफी दयनीय है। सड़क खराब होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उक्त समस्या को ग्रामीणों के द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन से गुहार लगाई गई थी। भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि विधायक प्रकाश राम के समक्ष ग्रामीणों ने उक्त समस्या को रखा था, जिसके बाद विधायक श्री राम ने पहल करते हुए पथ की समस्या से संबंधित पत्र विभाग को लिखा था। मापी के मौके पर आरईओ विभाग के सिकंदर पासवान,ग्रामीण रमेश सिंह, राजेंद्र पंडित समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## तालाब में डूबने से चौकीदारों की मौत

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सेरक पंचायत के एरुद कीता गांव निवासी रंथू उरांव की तालाब में डूबने से मौत हो गई। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने रँथु का शव तालाब में देखा जिसके बाद परिजनों को इसकी सूचना दी गई। परिजन तालाब के पास पहुंचे और शव को तालाब से बाहर निकाला। सूचना के बाद चंदवा पुलिस मौके पर पहुंची व शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु लातेहार भेज अग्रतर कार्रवाई में जुट गई। बता दें कि मृतक रंथू उरांव चंदवा थाना में बिट संख्या 03/25 में तैनात था। घटना के संबंध परिजनों ने आशंका जताया है कि रंथू उरांव रविवार की देर शाम खेतों में पानी पटाने के लिए तालाब की ओर गये थे, इसी दौरान उनका पैर फिसल गया व वे तालाब में मुंह के बल गिर गए, उनका सिर तालाब के कीचड़ में दब गया, घटना के उपरांत उसे किसी प्रकार की मदद भी नहीं मिल पाई जिस कारण उनकी मौत हो गई।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के अलौदिया पंचायत की एक लड़की से दुष्कर्म के आरोप में अजय मुंडा पिता एतवा मुंडा (पतराटोली, चंदवा) को चंदवा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता के आवेदन के आधार पर दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। कांड संख्या 192/25 दर्ज कर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को लातेहार जेल भेज दिया गया।

### सिविल सर्जन पहुंचे हुसैनाबाद, फरार मिला खुशबू क्लिनिक का डॉक्टर

# जागरुकता के अभाव में झोला छाप डॉक्टर के पास जाते हैं मरीज : सीएस

- मृतक के परिजनों ने सिविल सर्जन से मिलना मुनासिब नहीं समझा
- जांच के नाम पर महज होती हैं खानापूर्ति

**नवीन मेल संवाददाता**




**हुसैनाबाद।** जपला हैदरनगर मुख्य सड़क के हड़ही नदी के समीप शुक्रवार को खुशबु क्लिनिक के डॉक्टर पंकज कुमार की लापरवाही से बच्चे की मौत की सूचना पर पलामू सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव हुसैनाबाद पहुंचे, सिविल सर्जन रविवार की देर शाम हुसैनाबाद पहुंचने के बाद खुशबू क्लिनिक पहुंचे, जहां मृतक बालक सचिन कुमार छह वर्ष का इलाज हुआ था। लेकिन क्लिनिक संचालक को सिविल सर्जन के आने के पहले ही वह क्लिनिक बंद कर फरार हो गया था। सिविल सर्जन इस मामले को गंभीर मानते हुए कहा की सरकारी अस्पतालों में इलाज की पर्याप्त सुविधा होने के बाबजूद भी लोग जागरूकता के अभाव में अपने मरीजों को झोला छाप डॉक्टरों के यहां ले जाकर मरीजों के जान के साथ खिलवाड़ करते है। उन्होंने कहा की हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में चल रहे अवैध क्लीनिकों और अस्पतालों और फर्जी चिकित्सकों के खिलाफ एक छापेमारी अभियान चलाकर कानूनी कार्रवाई की जायगी। लेकिन सिविल सर्जन ने बंद पड़े खुश्बू क्लिनिक को सील नहीं किया।

खुशबू क्लिनिक का निरीक्षण कर अनुमंडलीय अस्पताल में पहुंचने के बाद पलामू सिविल सर्जन मृतक के परिजनों को मोबाइल से संपर्क कर अस्पताल बुलाया, लेकिन मृतक के परिजनों ने सिविल सर्जन से मिलना मुनासिब नहीं समझा।

स्थानीय लोगों का कहना है की स्वास्थ्य विभाग अवैध क्लीनिकों अस्पतालों की जांच के नाम पर महज खानापूर्ति की जाती है, एक तरफ क्लिनिकों को सील किया जाता है, लेकिन कुछ ही दिनों के बाद सील किये गए क्लिनिक अस्पताल को हरी झंडी मिल जाती है, लोगों में चर्चा है की सभी अवैध क्लीनिकों से स्वास्थ्य विभाग के वरीय पदाधिकारियों के नाम पर एक दलाल के माध्यम से पैसे की उगाही की जाती है। छापेमारी होने के पूर्व सभी अवैध क्लिनिकों और अस्पतालों के संचालकों को दलाल के माध्यम से पूर्व में सूचना प्राप्त हो जाती है, इस पूरे मामले ने स्वास्थ्य विभाग महकमे की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा कर दिया है। अब देखना है कि जिला प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करती है।

### क्या हैं मामला

**हुसैनाबाद** अनुमंडल क्षेत्र के पचंबा गांव निवासी कमेश राम के पुत्र सचिन कुमार छह वर्ष को बीते 15 अगस्त को बिच्छू ने डंक मार दिया था,परिजनों ने बताया की उसे खुशबू क्लिनिक में लेकर पहुंचे पंकज कुमार ने बच्चे को दो तीन इंजेक्शन लगाया और कहा की बच्चे को तेज बुखार आएगा, चिंता की कोई जरूरत नहीं है, बच्चे को घर ले जाने को कहा, हमलोग उसे घर लेकर चले आएं । लेकिन कुछ ही घंटे के बाद उसकी तबियत बिगड़ने लगी तो फिर उसे पंकज कुमार के पास देर शाम को लाए, उसने फिर इंजेक्शन दिया, इंजेक्शन देने के बाद उसका पूरा शरीर ठंड पड़ने लगा, हमलोग जब बाहर ले जाने के लिये डॉक्टर से बोले तो इलाज का पैसा मांगने लगा और पैसा के चलते तीन घंटे तक हमलोगों को क्लीनिक से बाहर जाने नहीं दिया । अंत में गांव के ही एक साथी से फोन पे पर 750 रुपया डॉक्टर के फोन पर भेजने के बाद हमलोगों को क्लीनिक से जाने दिया गया। बच्चे का शरीर पूरी तरह से शिथिल होने लगा आनन फानन में हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में पहुंचे चिकित्सकों ने देखने के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन सदर अस्पताल जाने के क्रम में उसकी मौत हो गई।

## बिजली कवर वायर में आग लगने से विद्युत आपूर्ति बाधित



**मोहम्मदगंज।** विद्युत आपूर्ति बाधित पर सवाल उठाए जाने लगे हैं। जिसमें लोगों का कहना है कि धातु के तार टूटकर गिरने से भीड़भाड़ भरे इलाके यदाकदा अफरा- तफरी मचती रहती है। इसकी चपेट में आकर आदमी और जानवर की मौतें भी होती रही हैं। मगर अब कवर वायर के भी जल उठ रहे हैं। हाल ही में ऐसी ही घटना स्टेशन रोड बाजार पर दैनिक बाजार क्षेत्र में देखने को मिली थी। जिसमें मुख्य नहर के पास बिजली का एलटी लाइन सिंगल कवर केबल अचानक जलने लगा था। इससे अफरा-तफरी मच गई। समय रहते बिजली उपकेन्द्र को जानकारी देकर विद्युतापूर्ति बंद करवाया गया। इससे बड़ा हादसा टल गया। बाद में दुकानदारों की तत्परता से आग को बुझा दिया। जबकि बिजली मिस्त्री ने केबल को दुरूस्त कर बिजली आपूर्ति बहाल करा दिया । मालूम हो कि इसके पूर्व भी चार बार ऐसी घटना घट चुकी है। इससे केबल की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। वहीं, राजनडीह के पास 11,000 केवीए के तार के गिरने से काफी देर आपूर्ति बाधित रही थी। इन तारों को बदले जाने के बाद भी टूटकर गिरने और जलने की घटनाओं ने नियमित और विद्युत आपूर्ति बाधित के दावे की पोल खोल दी है।

## पेज एक के शेष

### गोदामों को एक्शन...

धान खरीद और उसके संरक्षण को सुगम बनाना है और भुगतान भी त्वरित तरीके से करना है, इसलिए समय रहते कमियों को दूर कर लें। गोदामों के रख-रखाव के साथ वहां मूलभूत जरूरतों को भी पूरा कर लें।इसे लेकर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि सहकारिता विभाग के गोदामों का आकलन कर उसका भी उपयोग करें। स्वीकृत नये गोदामों के निर्माण में तेजी लाने पर भी बल दिया गया। मुख्य सचिव ने निदेशों के अनुपालन में फंड की जरूरत होने पर उसका प्रस्ताव विभाग को देने को कहा। उन्होंने कहा कि ससमय खाद्यान्न वितरण उसके ससमय उठाव पर निर्भर करता है, इसलिए उठाव पर पैनी नजर रखें। बताया गया कि इसपर नजर रखने के लिए सेंट्रल कंट्रोल एंड कमांड सेंटर बनाया गया है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संपन्न समीक्षा के दौरान खाद्य सचिवउमाशंकर सिंह और विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे। वहीं राज्य के सभी उपायुक्त ऑनलाइन माध्यम से जुड़े थे।

### फटी धरती, जमीन...

इस वजह से एक आवासीय संरचना पूरी तरह ध्वस्त हो गई जबकि लगभग एक दर्जन अन्य घरों में दरारें पड़ गईं। स्थानीय लोगों ने बताया कि अरुण रजक नामक शख्स का घर उस समय ढह गया जब परिवार सो रहा था। किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। रजक के घर की छत और दीवारें गिरने से पहले तेज आवाज से उनकी नींद खुल गई। मोदीडीह कोलियरी के परियोजना अधिकारी गोपालजी ने बताया कि प्रभावित परिवार को अस्थायी रूप से मोदीडीह सामुदायिक भवन में स्थानांतरित कर दिया गया है। बस्ती से विस्थापित सभी परिवारों को तेतुलमारी क्षेत्र में पुनर्वासित किया जाएगा। घटना के तुरंत बाद घटनास्थल का दौरा करने वाले बाघमारा विधायक शत्रुघ्नमहतो ने कहा कि उन्होंने बीसीसीएल अधिकारियों से मुआवजे के भुगतान में तेजी लाने और पुनर्वास की तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि वह निवासियों को बार-बार होने वाले भूमि धंसाव के खतरे से बचाने के लिए उचित दीर्घकालिक उपाय करे। निवासियों ने बताया कि उन्हें 1976-77 में अग्नि प्रभावित क्षेत्र से शबरी बस्ती में स्थानांतरित किया गया था। इससे पहले 2006 में भी इस क्षेत्र में भू-धंसाव की घटना हुई थी। तब तत्कालीन स्थानीय विधायक और मंत्री जलेश्वर महतो ने भूमिगत गैस उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए भू-धंसाव वाले गड्ढों को भरने का आदेश दिया था। लोगों ने आरोप लगाया कि पूर्व चेतावनी के बावजूद न तो बीसीसीएल अधिकारियों और न ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की।

### पीएलएफआइ के 4...

पीस जिंदा गोली, एक देसी कट्टा आठ एमएम की दो पीस गोली, प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ के दो पर्चे, दो मोबाइल फोन दो सिम और रोड रोलर जलाने में के दौरान प्रयुक्त प्लास्टिक बोतल दो पीस बरामद की। सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस कर एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि ओझा पहान उर्फ बादल रनिया थाना क्षेत्र के रायकेरा गांव में सड़क निर्माण कार्य में लगे रोड रोलर को 26 मई को आग लगा दी थी। इसके बाद सड़क निर्माण कर रहे संवेदक के आवेदन पर रनिया थाना में मामला दर्ज किया गया था। ओझा के द्वारा आठ अगस्त को मरचा रायकेरा में निर्माणाधीन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय परिसर में खड़े जेसीबी को जलाने का प्रयास किया गया था। इसके बाद ओझा पाहन घटना के कुछ दिन बाद अम्मपाखनना में निमार्णाधीन लैम्स के ठेकेदार दस्ता सदस्यों के साथ लेवी वसूलने गया था। एसपी ने बताया कि ओझा के विरुद्ध खूंटी जिला के रनिया, तोरपा, जरियागढ़ और गुमला जिला के कामडारा और बसिया थाना में कुल 10 मामला दर्ज है। छापामारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी तोरपा क्रिस्टोफर केरकेट्टा, पुलिस अंचल निरीक्षक तोरपा एसआई अशोक कुमार सिंह, थाना प्रभारी रनिया विकास कुमार जायसवाल, एसआई अमरजीत सिंकु, टीनू कुमार, अशोक महतो सहित तोकेन पिकेट और रनिया थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

### अलास्का में ट्रंप...

हालांकि, इसमें रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध में संघर्ष विराम लागू करने पर सहमति नहीं बनी। यह बैठक ऐसे वक्त में हुई थी जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर रूस से तेल खरीदने पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। भारत ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई थी और अमेरिका के कदम को अन्यायपूर्ण और बेतुका करार दिया था। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम अपने राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाएंगे। अब रूसी राष्ट्रपति और पीएम मोदी के बीच बातचीत से साफ है कि अमेरिकी टैरिफ के खिलाफ रूस भारत के साथ खड़ा है।

**पुतिन-ट्रंप की बैठक बेनतीजा रहने का भारत पर असर :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई मौकों पर कह चुके हैं कि उनकी तरफ से भारत पर रूस से तेल खरीदने के लिए लगाए गए 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ का असर देखने को मिला है और पुतिन इसी वजह से उनके साथ बैठक के लिए तैयार हुए हैं। ट्रंप के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट न्यूज इंटरव्यू में चेतावनी दे चुके हैं कि अगर पुतिन और ट्रंप की बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकलता है तो भारत को ज्यादा टैरिफ के लिए तैयार रहना चाहिए। ऐसे में अलास्का बैठक के बाद भारत का अपने सबसे बड़े निर्यात केंद्र ( अमेरिका ) से आगे भी व्यापार में संघर्ष जारी रह सकता है। हालांकि, डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में एक सवाल के जवाब में कहा कि अगर मुझे भारत पर और टैरिफ लगाने पड़े तो मैं जरूर करूंगा, लेकिन हो सकता है कि मुझे ऐसा करने की जरूरत न पड़े।'

## चिनिया प्रखंड के प्रतिनिधियों ने विधायक को सौंपा मांग पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**



**चिनिया।** सोमवार को गढ़वा जिला के चिनियां प्रखंड अंतर्गत बिलैतीखैर पंचायत के मुखिया एवं अन्य प्रतिनिधियों के द्वारा गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी जी से मुलाकात कर अपनी मांगों से संबंधित मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें प्रतिनिधियों के द्वारा चिनियां स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की बहाली के साथ-साथ बेहतर चिकित्सीय सुविधा मुहैया कराने की मांग की गई। साथ ही साथ पंचायत प्रतिनिधियों को ग्रामीण क्षेत्रों में विकास हेतु सरकार के माध्यम से फंड उपलब्ध कराने की बात कही गई। चिनिया प्रखंड के प्रतिनिधियों ने चिनियां स्वास्थ्य केंद्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए 24 घंटे एमबीबीएस डॉक्टर के पदस्थापन, अस्पताल में कम से कम तीन जीएनएम एवं तीन एएनएम, गर्भवती महिलाओं हेतु महिला डॉक्टर एवं नर्स, अस्पताल में अल्ट्रासाउंड, एक्सरे मशीन समेत अन्य उपकरण तथा अस्पताल की सुरक्षा हेतु दो सुरक्षा गार्ड के पदस्थापन की मांग की गई है। साथ-साथ पंचायत प्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र में विकास हेतु वित्त आयोग के माध्यम से फंड दिलाने हेतु विधानसभा में मामला को उठाने की मांग स्थानीय विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी से जनप्रतिनिधियों ने किया।

## बाजार क्षेत्र में नाबालिग चोरों का आतंक

**मोहम्मदगंज।** चालू माह के एक पखवाड़ा में चोरी की 2 ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें नाबालिग चोर की संलिप्तता बताई जाती है। पहली घटना तो दिन के उजाले में सीसीटीवी कैमरे की नजर में स्थानीय स्टेशन रोड में दैनिक बाजार क्षेत्र के एक होटल में घटी है। इसमें होटल में नास्ता कर रही दो लकड़ियों के बीच बेंच से एक नन्हें से बच्चे ने पर्स चुरा ली है। जिसे बड़ी ही चालाकी से झोले डालकर चलता बना है। वारदात होटल के सीसीटीवी कैमरे में कैद भी हुआ है। जिसका फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। चोरी गए सामान में जेवरात और नगदी होने की बात बतलाया गया था। इस वाक्या को शेयर करते हुए बाजार क्षेत्र में आसपास बैठे बच्चों से सावधान और सतर्क रहने की अपील की गई थी। अब एक दूसरी चोरी की घटना शनिवार रात की बताई गई है। जिसमें मुख्य पथ में एक किराना दुकान का दरवाजा तोड़कर करीब 4 हजा रुपए की चोरी कर ली गई है।

## धान की फसल को चट करने लगा नीलगायों का झुंड, किसान चिंतित

**शंभू चौरसिया**



**मोहम्मदगंज।** नीलगायों का झुंड अब धान की फसल को भी चट करने लगे हैं। इससे इस फसल के नुकसान को लेकर भी किसानों की चिंता बढ गई है। जबकि अमूमन, रबी सीजन में गेहूं के कोमल पत्तियों के अलावा अरहर, चना,मसूर, बीन,मटर, तीसी और सरसों की फसलों के दाने व कलियों को ही बड़े चाव से खाते थे। बताया जाता है कि नीलगायों के झुंड ने कुछ वर्ष पहले से खरीफ सीजन में लगाई धान की कोमल पत्तियों व बालियों को चट करना शुरू कर दिया है। इस संबंध में विस्तृत जाननकारी साझा करते हुए लटपौरी पंचायत के ग्राम भगड़ा गांव के किसान निरंजन सिंह ने बताया कि इन दिनों नीलगायों का आतंक काफी बढ़ गया है। जो खेतों में धावा बोलकर धान की फसल को पूरी तरह नष्ट कर दे रहे हैं। कोमल पत्तियों व बालियों को खाने के बाद खेतों में ही सो जा रहे हैं। ऐसे में जितनी जगह में उनका शरीर पड़ा होता है, उतने जगह का फसल पूरी तरह से नष्ट हो जा रहा है। जिनकी धान की फसल को नीलगायों ने अबतक नुकसान पहुंचाया हैं, उनमें इनके अलावा दिलीप सिंह, विनोद सिंह, संतोष सिंह, प्रदीप सिंह, लालदेव सिंह और रंजीत सिंह सहित अन्य कई किसान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि वनों से पेड़ों की कटाई और डायनामाइट से पत्थरों की तोड़ाई के कारण तीन दशक पहले से नीलगायों के झुंड मैदानी इलाकों में उतर आए हैं। तभी से इनके धावा बोलकर पहले रबी और अब खरीफ सीजन में फसलों के नुकसान पहुंचाने के कारण इसकी चिंता ने उनकी नींद हराम कर दी है। इस प्रकार इन फसलों को नीलगायों के झुंड से बचाना किसानों के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। किसानों का कहना है कि मैदानी इलाकों में इन फसलों के स्वाद मूंह लग जाने की वजह से शायद ही इनके झुंड जंगलों की ओर वापस लौट पाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने योजनाबद्ध तरीके से मैदानी इलाकों से इनको भगाने का उपाय नहीं किया गया, तो जिस प्रकार से इनकी संख्या बढ़ रही है, इसे देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि एक दिन ऐसा भी आ सकता है, जिसमें नीलगायों का झुंड लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बन सकते हैं।

### शर्मनाक लापरवाही सामने आई : भंडरिया में तिरंगे का अपमान

# पेयजल स्वच्छता कार्यालय में नहीं हुआ ध्वजारोहण

**नवीन मेल संवाददाता**

### ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर कर प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की



**भंडरिया।** भंडरिया मुख्यालय स्थित पेयजल स्वच्छता कार्यालय में इस बार स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर एक शर्मनाक लापरवाही सामने आई। देशभर में जहां 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम और देशभक्ति के जोश के साथ मनाया गया, वहीं इस कार्यालय में न तो झंडा फहराया गया और न ही कोई कार्यक्रम आयोजित हुआ। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने इसे राष्ट्रध्वज का अपमान बताते हुए गहरा आक्रोश व्यक्त किया है।

सूत्रों के अनुसार, प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रखंड स्तरीय बैठक में झंडोतोलन का समय सुबह 10:35 बजे तय किया गया था। लेकिन जब ग्रामीण और कुछ पूर्व कर्मचारी समय पर पहुंचे, तो पाया कि पूरा परिसर वीरान पड़ा है। न कोई अधिकारी, न कर्मचारी और न ही तिरंगे की मौजूदगी। यह स्थिति देखकर लोगों में निराशा और गुस्सा फैल गया।

भंडरिया ब्लॉक की स्थापना वर्ष 1952 में हुई थी और तब से लेकर अब तक पेयजल स्वच्छता कार्यालय के प्रांगण में हर साल 26 जनवरी और 15 अगस्त को झंडोतोलन की परंपरा निभाई जाती रही है। सेवानिवृत्त कर्मचारी उस्मान अंसारी ने बताया, "मैं पांच वर्ष पहले सेवा से निवृत्त हो चुका हूं। लेकिन कनियअभियंता के आदेश पर कई बार मैंने स्वयं झंडा फहराया है। यहां तक कि पिछली 26 जनवरी को भी मैंने यह जिम्मेदारी निभाई थी।"

उन्होंने आगे कहा, "इस बार भी मैंने कनियअभियंता अमर राज को सूचित किया, लेकिन उन्होंने साफ मना कर दिया। उनका कहना था कि वे भंडरिया नहीं आ पाएंगे और किसी को भी झंडा फहराने की अनुमति नहीं देंगे। इस आदेश के बाद झंडोतोलन का कार्य पूरी तरह रद्द कर दिया गया।" इस घटना के बाद ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आगामी गणतंत्र दिवस पर खुद तिरंगा फहराएंगे और विरोध प्रदर्शन करेंगे। स्थानीय सामाजिक संगठनों ने भी इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए एक लिखित शिकायत तैयार की है, जिसे जिला प्रशासन को भेजा जाएगा।

ग्रामीणों का कहना है कि यह घटना केवल लापरवाही नहीं, बल्कि देश के प्रति सम्मान की भावना को ठेस पहुंचाने वाली है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी इस मामले पर नाराजगी जाहिर करते हुए प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि झंडोतोलन केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि यह स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए वीरों की कुर्बानी को सम्मान देने का प्रतीक है सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिंहा ने कहा, "हमने आजादी के लिए अपने परिवार के लोगों को खोया है। ऐसे में तिरंगे को न फहराना हमारे लिए अपमान है। सरकार को इस पर तुरंत संज्ञान लेना चाहिए।"

## व्हाइट हाउस में ट्रंप संग बैठक में जेलेंस्की को यूरोपीय समर्थन



**वाशिंगटन (आईएएनएस)** । यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की सोमवार को शीर्ष यूरोपीय नेताओं के मजबूत समर्थन के साथ व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। इस हाई-प्रोफाइल बैठक में रूस-यूक्रेन युद्ध और कीव पर शांति के लिए मास्को की शर्तों को स्वीकार करने के दबाव को लेकर चिंताओं पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद है। बैठक की पूर्व संध्या पर, ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ' पर लिखा, "कल व्हाइट हाउस में एक बड़ा दिन है। इतने सारे यूरोपीय नेता एक साथ कभी नहीं मिले। उनकी मेजबानी करना मेरे लिए सम्मान की बात है ! जेलेंस्की के साथ आने वाले नेताओं में जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब, नाटो महासचिव मार्क रूट, यूरोपीय संघ आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी शामिल हैं।

## भारतीय मूल की कृशांगी ब्रिटेन की सबसे युवा सॉलिसिटर बनीं



**नई दिल्ली।** भारतीय मूल की लॉ ग्रेजुएट कृशांगी मेश्राम इंग्लैंड और वेल्स की सबसे कम उम्र की सॉलिसिटर बन गई हैं। वह 21 साल की हैं। कृशांगी पश्चिम बंगाल में पली-बढ़ी और फिलहाल यूएई में रह रहीं हैं। उन्होंने 15 साल की उम्र में मिल्टन कीन्स ओपन यूनिवर्सिटी से कानून की पढ़ाई शुरू की। 18 साल में फर्स्ट क्लास ऑनर्स की डिग्री हासिल कर ली। कृशांगी ने कहा- मैं ओपन यूनिवर्सिटी की बहुत आभारी हूं कि उसने मुझे 15 साल की उम्र में एलएलबी की पढ़ाई शुरू करने का मौका दिया। अपनी पढ़ाई के दौरान ही मैंने न सिर्फ अपने कानूनी करियर की नींव रखी, बल्कि कानून के प्रति एक गहरा और स्थायी जुनून भी मिला।

## पाकिस्तानी मंत्री बोले- भारत चमकती मर्सिडीज, पाकिस्तान डंपर ट्रक

### भारत के 6 जेट गिराने का दावा किया



**इस्लामाबाद** । पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने 17 अगस्त को आर्मी चीफ आसिम मुनीर की तरह भारत को चमकती मर्सिडीज बताया है। दरअसल, 11 अगस्त को अमेरिका दौरे पर पहुंचे मुनीर ने भारत को चमकती मर्सिडीज और पाकिस्तान को रेत से भरा डंपर ट्रक कहा था। उन्होंने कहा- अगर ट्रक कार से टकराएगा, तो नुकसान किसका होगा? भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के दौरान मुनीर के नेतृत्व की सराहना करते हुए नकवी ने कहा कि- आर्मी चीफ ने जंग के दौरान मई में पाकिस्तान का दौरा करने वाले सऊदी डेलिगेशन के सामने पाकिस्तान की ताकत का बखान करने के लिए इसी उदाहरण का इस्तेमाल किया था। साथ ही नकवी ने दावा किया कि संघर्ष में पाकिस्तान ने भारत के 6 जेट को मार गिराया था। उन्होंने कहा कि उनके पास इसकी वीडियो फुटेज भी है।

# दिल्ली पहुंचे सीपी राधाकृष्णन पीएम मोदी से की मुलाकात

## हवाई अड्डे पर केंद्रीय मंत्रियों ने किया स्वागत

**एजेंसी । नई दिल्ली**

महाराष्ट्र के राज्यपाल और उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इससे पहले सीपी राधाकृष्णन दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुँचे। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, प्रहलाद जोशी, भूपेंद्र यादव, किंजरापु राम मोहन नायडू, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और अन्य ने उनका स्वागत किया। रविवार को, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित किया, जिसके लिए चुनाव 9 सितंबर को होने हैं। पार्टी के संसदीय बोर्ड ने अपने गठबंधन सहयोगियों और विपक्षी दल के साथ चर्चा के बाद, उपराष्ट्रपति चुनाव को सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया। चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन वर्तमान में 31 जुलाई, 2024 से महाराष्ट्र के 24वें राज्यपाल के रूप में कार्यरत हैं। इससे पहले उन्होंने फरवरी 2023 से जुलाई 2024 तक झारखंड के राज्यपाल के रूप में कार्य किया था। उन्होंने मार्च और जुलाई 2024 के बीच तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला था। वरिष्ठ भाजपा नेता राधाकृष्णन कोयंबटूर से दो बार लोकसभा के लिए चुने गए और इससे पहले तमिलनाडु भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। कांग्रेस ने एनडीए द्वारा सी.पी. राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने की आलोचना करते हुए उन्हें "एक और आरएसएस का आदमी" बताया है। उपराष्ट्रपति का कार्यकाल पाँच वर्षों का होता है, हालाँकि, 21 जुलाई को संसद के मानसून सत्र के पहले दिन स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए जगदीप धनखड़ के इस्तीफ़ा देने के बाद यह पद रिक्त हो गया था।



**उम्मीदवारी और मुलाकात**

- महाराष्ट्र के राज्यपाल और एनडीए उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।
- दिल्ली पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, प्रह्लाद जोशी, भूपेंद्र यादव, किंजरापु राम मोहन नायडू और दिल्ली भाजपा की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उनका स्वागत किया।

**उम्मीदवारी की घोषणा**

- भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया।
- चुनाव 9 सितंबर को होना तय है।
- भाजपा संसदीय बोर्ड ने गठबंधन सहयोगियों और विपक्ष से चर्चा कर सर्वसम्मति से नाम तय किया।

## सीपी राधाकृष्णन की उम्मीदवारी पर विपक्ष की मिलीजुली प्रतिक्रिया



एनडीए ने रविवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को आगामी उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया, जिस पर गठबंधन के विपक्षी नेताओं की ओर से अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आईं। जहाँ कुछ लोगों ने उनकी योग्यता को स्वीकार किया, वहीं कुछ ने ज़ोर देकर कहा कि आंतरिक विचार-विमर्श के बाद ही कोई अंतिम निर्णय लिया जाएगा। पत्रकारों से बात करते हुए, समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि उपराष्ट्रपति का पद रिक्त है। यहाँ एक उपराष्ट्रपति थे। वह कहाँ हैं? एक नए उपराष्ट्रपति का चुनाव होगा। यह अच्छी बात है। हम क्या निर्णय लेंगे, यह अलग बात है। हम बैठकर निर्णय लेंगे। राधाकृष्णन की उम्मीदवारी के बाद भाजपा नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने आगे कहा कि राजनाथ सिंह जी एक वरिष्ठ नेता हैं। वह उत्तर प्रदेश से हैं, वह रक्षा मंत्री हैं। अगर वे बात करेंगे, तो हम बात करेंगे और अगर बात करने की ज़रूरत होगी, तो हम बात करेंगे। लेकिन हमारी राजनीतिक दिशा तब स्पष्ट होगी जब इंडिया गठबंधन फैसला करेगा। सपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव ने कहा कि संवैधानिक पदों के लिए सर्वसम्मति बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि देश में कुछ पद ऐसे हैं, चाहे वह राष्ट्रपति हों, उपराष्ट्रपति हों या लोकसभा अध्यक्ष, जहां सर्वसम्मति बेहतर होती है। हमें अभी ज़्यादा जानकारी नहीं है, लेकिन हमारा मानना है कि दक्षिण भारत के लोग सक्षम और अच्छे हैं। शिवसेना (यूबीटी) की ओर से सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने राधाकृष्णन की प्रशासनिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सीपी राधाकृष्णन पिछले एक साल से महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं... वे झारखंड के राज्यपाल भी रहे हैं, सांसद भी रहे हैं, और मुझे उम्मीद है कि अगर वे चुने जाते हैं, तो इस पद की गरिमा पूरी तरह से बहाल होगी, क्योंकि हमने इस पद को काफ़ी कमज़ोर होते देखा है... जहां तक इंडिया गठबंधन का सवाल है, इंडिया गठबंधन इस पर मिलकर फ़ैसला लेगा।

## छोटे-छोटे बदलावों से वो रफ्तार नहीं मिलेगी जो भारत को चाहिए: रघुराम

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने का कहना है कि भारत को नई पीढ़ी के सुधारों की जरूरत है। इन्हीं से बड़े आर्थिक विकास को रफ्तार दी जा सकती है। छोटे-छोटे बदलावों से वो रफ्तार नहीं मिलेगी जो भारत को चाहिए। राजन के अनुसार भारत में नौकरशाही बहुत ही ज्यादा है। यह निवेश को रोक रही है। राजन ने सीएनबीसी को दिए साक्षात्कार में ये बातें कही हैं। उनके अनुसार, भारत की नौकरशाही कुछ ज्यादा ही सक्रिय है। लाल फीताशाही को कम करने की जरूरत है। राज्यों व केंद्र सरकार दोनों को इस पर काम करना होगा। राजन ने भारत की युवा आबादी को देश की सबसे बड़ी ताकत बताया। उन्होंने कहा कि यदि हम युवाओं को प्रशिक्षित कर सकें और उन्हें बेहतर कौशल दे सकें तो हमारे पास आगे बढ़ने के लिए जरूरी कच्चा माल है। वह बोले कि हमारे पास सत्य नडेला या जेवी राम कृष्ण या अभिजीत बनर्जी जैसे लोग हैं। लेकिन, हमें और ज्यादा भारतीयों को ऐसी शिक्षा देने की जरूरत है , जो उन्हें इस तरह के करियर के लिए तैयार करे।

इसके लिए न केवल उच्च शिक्षा पर, बल्कि प्राथमिक शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय सेवाओं तक बेहतर पहुंच पर भी काम करने की जरूरत है। राजन ने कहा कि भारत 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था है। यह 6.5% की दर से बढ़ रही है। यह जल्द ही जापान और जर्मनी से आगे निकल जाएगा। लेकिन आकार के मामले में यह अभी भी चीन व अमेरिका से बहुत ही पीछे है। उन्होंने अनुमान लगाया कि भारत 2047 तक 50 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। राजन ने कहा कि भारत को बूढ़ा होने से पहले ऐसा करना होगा। भारत के लिए अगले कुछ सालों में सबसे बड़ी चुनौती यह है कि श्रम बल में आने वाले युवाओं को कैसे रोजगार दिया जाए। राजन ने कहा कि भारत में सुधार की रफ्तार अभी काफी नहीं है।राजन के अनुसार 1991 से भारत में सुधार की प्रक्रिया लगातार जारी है। लेकिन, यह अभी पर्याप्त नहीं है। हमें विकास को बढ़ावा देने के लिए नई पीढ़ी के सुधारों की जरूरत है। छोटे-मोटे बदलावों से हमें वह 2.5% अतिरिक्त विकास नहीं मिलेगा जिसकी हमें जरूरत है। कहा कि निजी क्षेत्र के निवेश को भी बढ़ाना होगा। राजन ने कहा कि सरकार, चाहे राज्य हो या केंद्र बुनियादी ढांचे पर खर्च कर रही हैं , लेकिन, इससे काम नहीं चलेगा। सिर्फ यही नहीं हो सकता। राजन ने कहा कि हमें भारत की कंपनियों को फिर से विश्व विजेता बनने की इच्छा रखनी होगी। हमारे युवा उद्यमियों में वह जज्बा है। आप युवा भारतीय उद्यमियों से बात करें तो वे दुनिया को हराना चाहते हैं। लेकिन, हमारे पुराने उद्यमियों ने थोड़ी महत्वाकांक्षा खो दी है। उन्हें इसे वापस पाने की जरूरत है।लेकिन यह तभी होगा जब सरकार उसके लिए बहुत अच्छा माहौल दे।

## शेख हसीना के बेटे ने दुख के साथ कहा- बांग्लादेश में अब शोक मनाना अपराध

**ढाका (आईएएनएस)**। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद ने मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर देश में हिंसा फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने "शोक को अपराध बना दिया है।" सजीब वाजेद ने आरोप लगाया कि 1971 के मुक्ति संग्राम के बलिदान को दर्शाती दीवारों (भित्ति चित्र) को तोड़ा गया, लोगों को दुआ पढ़ने से रोका गया, और 15 अगस्त को बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की पुण्यतिथि पर शोक मनाने वाले कई बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया गया। बांग्लादेश में 'राष्ट्रपिता' माने जाने वाले शेख मुजीबुर रहमान की 15 अगस्त 1975 को उनके परिवार के कई सदस्यों के साथ बेरहमी से हत्या कर दी गई थी।

### एआई के गॉडफादर व नोबल पुरस्कार विजेता ज्योफ्री हिंटन की चेतावनी

## एआई को मां की तरह ट्रेन करो वरना मानवता को मिटा सकता है

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** एआई भस्मासुर की दिशा में बढ़ने लगा है तब उसके जन्मदाता या गाड फादर नोबेल पुरस्कार विजेता ज्योफ्री हिंटन दुनिया को सावधान करने लगे हैं, कहने लगे हैं कि एडवांस्ड एआई सिस्टम को "मातृत्व प्रवृत्तियों" के साथ डिजाइन किया जाना चाहिए।कई सारे सेक्टरों में नौकरियां खत्म होने के खतरे की घंटी बज गई। एआई को कोई देश या व्यक्ति कैसे प्रशिक्षित करके , कैसे यूज करेगा , उस पर निर्भर है। कंप्यूटर साइंस के जाने-माने वैज्ञानिक हिंटन ने इशारा किया है कि एआई भविष्य में अपने इंटेलिजेंट समकक्षों पर हावी होने की क्षमता हासिल कर सकता है। लास वेगास में एआई4 सम्मेलन में बोलते हुए, हिंटन ने नियंत्रण यानी कंट्रोल व दमन यानी सप्रेसन के माध्यम से एआई पर प्रभुत्व बनाए रखने के प्रयास के दृष्टिकोण को खारिज कर दिया। उन्होंने तर्क दिया कि एआई की तेजी से हो रहे एडवांसमेंट को देखते हुए यह रणनीति निरर्थक है। इसके बजाय, उन्होंने एक नया कॉन्सेप्ट पेश किया जिसमें सुझाव दिया गया कि मानव-एआई संबंध को एक मां व उसके बच्चे के अनुसार बनाया जाना चाहिए।

उन्होंने आगे समझाया, 'सही मॉडल हमारे पास एकमात्र मॉडल है जिसमें एक अधिक बुद्धिमान चीज को कम बुद्धिमान चीज द्वारा कंट्रोल किया जा रहा है, जो कि एक मां है और उसे, उसके बच्चे द्वारा नियंत्रित किया जा रहा है।" उन्होंने कहा, "अगर यह मेरा पालन-पोषण नहीं कर रहा है, तो यह मेरी जगह ले लेगा।' इस आइडिया का मतलब यह है कि जिस तरह एक शिशु अपनी सीमित बुद्धिमत्ता के बावजूद अपनी मां से मार्गदर्शन और देखभाल प्राप्त करता है, उसी तरह मानवता की देखभाल भी एक सुपर इंटेलिजेंट एआई द्वारा की जा सकती है।मालूम हो कि हिंटन अपने इस नए सुझाव से पहले भी एआई पर लगातार कई चेतावनियां दे चुके हैं। एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि पहले जहां उनका अनुमान था कि एजीआई आने में 30 से 50 साल लग सकते हैं, अब उन्होंने इसे घटाकर सिर्फ 5 से 20 साल का "यथार्थवादी अनुमान" बताया है। हिंटन का यह भी मानना है कि 10 से 20 प्रतिशत संभावना है कि एआई मानवता को विस्थापित कर दे या फिर उसे पूरी तरह समाप्त कर दे।

## रूस का यूक्रेन पर हमला, जेलेंस्की बोले- कूटनीतिक वार्ता के बीच जानबूझकर बरसाए गए बम, खत्म करनी होगी जंग



**कीव (आईएएनएस)**

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच वाशिंगटन में होने वाली मुलाकात से पहले रूस ने एक बार फिर यूक्रेन को निशाना बनाया है। इसकी जानकारी खुद यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोशल मीडिया के जरिए दी। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो साझा करते हुए लिखा, "वाशिंगटन में शांति को लेकर चर्चा से पहले रूस ने जानबूझकर हमला किया। हम राष्ट्रपति ट्रंप के साथ प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इस बैठक में यूक्रेन, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, फिनलैंड, यूरोपीय संघ और नाटो के नेता शामिल होंगे। सभी शांति और सुरक्षा चाहते हैं, लेकिन रूस खार्किव, जापोरिज्जिया, सूमी और ओडेसा पर हमले कर रहा है।


### रूस में बड़ा हादसा टला

## टेकऑफ के दौरान रनवे से फिसला विमान, सभी यात्री सुरक्षित

**मॉस्को (आईएएनएस)।** रूस के पश्चिमी साइबेरिया के त्यूमेन स्थित रोशचिनो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार सुबह एक एएन-24 यात्री विमान टेकऑफ के दौरान रनवे से फिसल गया। हालांकि, इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, विमान में छह चालक दल के सदस्य और 40 यात्री सवार थे, जिनमें 13 बच्चे भी शामिल थे। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और हवाई अड्डे का संचालन सामान्य रूप से जारी रहा। रुसी संघ की जांच समिति के केंद्रीय अंतरक्षेत्रीय परिवहन जांच निदेशालय ने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि ब्रेकिंग सिस्टम में तकनीकी खराबी इस हादसे की वजह हो सकती है। गौरतलब है कि इससे पहले 24 जुलाई को रूस के अमूर क्षेत्र के पहाड़ी इलाके में एक एएन-24 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

**कहानी फिल्म जगत की**

- गदर 2 की रिलीज़ के समय अनिल शर्मा और अमीषा पटेल के बीच मतभेद उभर आए
- अमीषा ने आरोप लगाया कि बिना उनकी जानकारी के फिल्म का क्लाइमेक्स बदला गया



## अमीषा और अनिल शर्मा के बीच हुई सुलह?

### गदर 3 की स्क्रिप्ट तैयार

गदर 2 की रिलीज़ के दौरान सार्वजनिक रूप से नाराज़ हुए अनिल शर्मा और अमीषा पटेल के बीच सुलह हो गई है। यह मतभेद तब पैदा हुआ जब अमीषा ने बिना उनकी जानकारी के फिल्म का क्लाइमेक्स बदले जाने पर खुद को 'ठगा हुआ' महसूस किया। उन्हें सनी देओल अभिनीत इस फिल्म में एक बड़े रोल की उम्मीद थी। इसके जवाब में, अनिल ने एक इंटरव्यू में उन्हें 'मूडी' कहा था, लेकिन साथ ही यह भी कहा था कि हर किसी को अपनी राय रखने का अधिकार है और वह अब भी उन्हें अपने परिवार का हिस्सा मानते हैं। गदर 2 की रिलीज़ के दौरान फिल्म निर्माता अनिल शर्मा और अभिनेत्री अमीषा पटेल के बीच शुरू हुआ तूफ़ानी अध्याय समय के साथ धीरे-धीरे सुलझता दिख रहा है। अनिल शर्मा ने न्यूज 18 शोशा को बताया "अमीषा के साथ मेरा समीकरण अब बहुत अच्छा है।

